RNI NO.: MAHHIM/2010/41894

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 14 ■ अंक 187 ■ पुणे, रविवार 25 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह

Short News एक नजर

## रायबाग में मठ का प्रमुख POCSO केस में गिरफ्तार

**बेंगलुरू।** बेलगावी में एक मठ के प्रमुख को एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने और उसके साथ बार-बार बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। रायबाग तालुका के मेकाली गांव में रामलिंग मठ के हठयोगी लोकेश्वर स्वामी को POCSO और अपहरण के मामलों के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता को उसके परिवार द्वारा मठ में ले जाया गया था, क्योंकि कुछ रिश्तेदारों ने सुझाव दिया था कि स्वामी उसकी बीमारी और अन्य समस्याओं को ठीक कर सकते हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि अपराध 13 मई को हुआ।

## हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए सिख तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना

**देहरादून।** पंच प्यारों के नेतृत्व में सिख श्रद्धालुओं के पहले जत्थे ने 2025 की तीर्थयात्रा के लिए श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा शुरू कर दी है। चमोली पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जत्था निशान साहिब (पवित्र ध्वज) को पूरी पुलिस सुरक्षा के साथ लेकर रवाना हुआ। हेमकुंड साहिब के पट 25 मई को खुल रहे हैं। यात्रा के लिए अब तक तकरीबन 60 हजार श्रद्धालु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं।

## जस्टिस बी वी नागरत्ना कॉलेजियम का हिस्सा बनेंगी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका के रिटायरमेंट के बाद जस्टिस बी वी नागरत्ना सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सदस्य बनने वाली हैं। वे 25 मई को कॉलेजियम का हिस्सा बनेंगी। कॉलेजियम में अब मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस जे के माहेश्वरी और जस्टिस नागरत्ना का नाम होगा। CJI बीआर गवई के बाद बी वी नागरत्ना पांचवीं सीनियर जस्टिस हैं।

## एक्टर मुकुल देव का निधन

**मुंबई।** एक्टर मुकुल देव का 54 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और हाल ही में उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। हालांकि अस्पताल और परिवार की तरफ से निधन की वजह नहीं बताई गई है। मुकुल देव हिंदी, पंजाबी और साउथ फिल्मों के साथ-साथ टेलीविजन इंडस्ट्री में भी सक्रिय थे। मुकुल देव ने कई बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया। फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में उन्होंने टोनी सिंह संधू का किरदार निभाया था। इस रोल से उन्हें खास पहचान मिली। उन्होंने 'यमला पगला दीवाना', 'R राजकुमार' और 'जय हो' जैसी फिल्मों में भी अहम भूमिकाएं निभाईं।





# 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य जरूरी'

## केंद्र और राज्य टीम इंडिया की तरह करें काम, विकास की गति बढ़ाने की जरूरत

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार और राज्य मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। नीति आयोग की 10वीं शासी परिषद की बैठक में उन्होंने कहा कि विकास की गति बढ़ाने की जरूरत है।

बैठक का विषय '2047 में विकसित भारत के लिए विकसित राज्य' है। पीएम मोदी ने कहा, 'विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा तो भारत विकसित होगा। यह इसके 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है।' उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों को अपने-अपने यहां सभी सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के साथ वैश्विक मानकों के अनुरूप कम-से-कम एक पर्यटन गंतव्य विकसित करना चाहिए। 'एक राज्य एक वैश्विक गंतव्य' का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इससे पर्यटन गंतव्य के रूप में आसपास के शहरों के विकास का रास्ता साफ होगा। मोदी ने कहा, 'भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए शहरों को तैयार करने की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए।'


### हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था होंगे

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा, 'भारत एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है... मुझे लगता है कि देश एक ऐसे मुकाम पर है, जहां यह बहुत तेजी से विकास कर सकता है... प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से अपने स्तर पर विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान किया है और यह भारत के विकास में पहले से ही दिखाई दे रहा है। मैं जब बोल रहा हूं, तब हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। आज भारत जापान से भी बड़ा है। अगर हम अपनी योजना और सोच-विचार पर टिके रहें, तो यह अगले 2.5-3 साल की बात है, हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे...।

## ठाणे में कोरोना ने ली युवक की जान

**महानगर संवाददाता**
**ठाणे**

ठाणे शहर में कोरोना वायरस ने एक बार फिर दस्तक दी है। शनिवार को सामने आए ताजा आंकड़ों के अनुसार, 10 कोरोना संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है, जिससे शहर में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। इनमें से 17 मरीजों को उनके घरों में होम आइसोलेशन में रखा गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। एक मरीज को गंभीर लक्षण होने के कारण निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। 21 वर्षीय युवक की मौत कोरोना संक्रमण के चलते हो गई है, जिससे स्वास्थ्य महकमे में चिंता का माहौल है। बता दें कि मृतक युवक को पहले से ही गंभीर मधुमेह की बीमारी थी। उसे गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, युवक की तबीयत पहले से ही नाजुक थी। शुक्रवार रात को उसकी कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई और शनिवार सुबह उसकी मृत्यु हो गई। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनिरुद्ध माळगावकर ने इस बात की पुष्टि की है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, यह मौत सह-रुग्णता (कॉमॉर्बिडिटी) की वजह से हुई है, लेकिन इसमें कोरोना संक्रमण ने भी भूमिका निभाई है।



# केरल में मानसून की दस्तक

## महाराष्ट्र-गोवा समेत राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट

**महानगर नेटवर्क**
**तिरुवनंतपुरम**

देश के दक्षिणी राज्य केरल में मानसून ने 24 मई को दस्तक दे दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि 16 साल में पहली बार मानसून समय से इतना पहले पहुंचा है। मानसून के आने के बाद केरल के कई हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान ने बताया कि केरल में बारिश का ये दौर जारी रहेगा। वहीं, आईएमडी ने देश के कई राज्यों में अगले कुछ दिनों के लिए राज्य के कई जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि केरल के कन्नूर और कासरगोड जिलों में रेड अलर्ट और राज्य के शेष 12 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, रविवार को राज्य के 5 जिलों में बारिश को लेकर रेड अलर्ट तथा 9 जिलों में



ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सोमवार के लिए 11 जिलों में रेड अलर्ट और शेष तीन में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### 16 साल का टूटा रिकॉर्ड

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि इससे पहले साल 2009 में मानसून से समय से इतने पहले दस्तक दी है। साल 2009 में मानसून ने दस्तक दी थी। आईएमडी के अनुसार, मानसून सामान्य से आठ दिन पहले आया और पिछली बार ऐसा 23 मई, 2009 को हुआ था। पिछले कुछ रिकॉर्ड की बात करें तो 1975 के बाद 19 मई, 1990 को मानसून का समय से पहले आगमन देखा गया था।

### केरल में बारिश ने मचाई तबाही

केरल में भारी बारिश के साथ तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई। शनिवार को भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण कई पेड़ उखड़ गए। बिजली के खंभे भी उखड़ गए। जिस कारण कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। खराब मौसम के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। कई जगहों पर जल-जमाव की स्थिति है।

### इन राज्यों में भी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने इस बीच देश के अन्य राज्यों में भी बारिश को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि केरल, कर्नाटक, तटीय महाराष्ट्र और गोवा में अगले 7 दिनों के दौरान भारी से भारी बारिश जारी रहने की संभावना है।

## सिंध नदी परियोजना के खिलाफ प्रदर्शन हिंसक हुआ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी और सांसद आसिफा भुट्टो के काफिले पर भीड़ ने हमला कर दिया। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया। पुलिस के मुताबिक आसिफा कराची से नवाबशाह जा रही थीं। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले को रोका और विवादित नहर परियोजना और कॉर्पोरेट खेती के खिलाफ नारे लगाए। कुछ लोगों ने काफिले की गाड़ियों पर डंडों से हमला कर दिया। आसिफा के साथ मौजूद सुरक्षा टीम और हैदराबाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और उनकी गाड़ी को सुरक्षित वहां से निकाल लिया। इस पूरी घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पाकिस्तान सरकार सिंध नदी पर नहर बनाने की प्लानिंग कर रही है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। नाराज लोगों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था।

# शुभमन गिल टेस्ट कप्तान

### टेस्ट कैरियर



मैच 32
1893 रन
5 शतक
128 बेस्ट

- शुभमन गिल (कप्तान)
- ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान)
- यशस्वी जायसवाल
- केएल राहुल
- साई सुदर्शन
- अभिमन्यु ईश्वरन
- करुण नायर
- नीतीश रेड्डी
- रवींद्र जडेजा
- ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)
- वॉशिंगटन सुंदर
- शार्दुल ठाकुर
- जसप्रीत बुमराह
- मोहम्मद सिराज
- प्रसिद्ध कृष्णा
- आकाश दीप
- अर्शदीप सिंह
- कुलदीप यादव

### एक-दो सीरीज के लिए कप्तान नहीं चुनते : अगरकर



BCCI चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने शनिवार को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। रोहित के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल टीम के नए कप्तान और ऋषभ पंत उप-कप्तान चुने गए हैं। BCCI हेड क्वार्टर में टीम का चयन करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अगरकर ने रोहित शर्मा-विराट कोहली के संन्यास, मोहम्मद शमी की फिटनेस और जसप्रीत बुमराह के चयन को लेकर बात की। शुभमन के कप्तान चुने जाने पर उन्होंने कहा, 'हमने हर ऑप्शन पर चर्चा की है। हमें उम्मीद है कि हमने सही खिलाड़ी को चुना है। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं और उन्हें शुभकामनाएं।'

# यूनुस बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार बने रहेंगे

## इमरजेंसी बैठक के बाद फैसला; सेना ने दिसंबर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया

**महानगर नेटवर्क**
**ढाका**

बांग्लादेश में जारी राजनीतिक उथल पुथल के बीच सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस अपने पद पर बने रहेंगे। इससे पहले माना जा रहा था कि वो राजनीतिक और सैन्य दबाव के चलते इस्तीफा दे सकते हैं। मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को सलाहकार परिषद की एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बाद प्लानिंग एडवाइजर वाहिदुद्दीन महमूद ने कहा- मोहम्मद यूनुस हमारे साथ बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सलाहकार परिषद की एक बैठक के बाद जल्द मंत्रियों के साथ बैठक होगी। वहीं, सेना प्रमुख वकार-उज-जमां ने स्पष्ट रूप से दिसंबर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया है। दूसरी ओर, विपक्षी दल BNP और जमात-ए-इस्लामी के बीच चुनाव को लेकर चर्चा और सड़कों पर संघर्ष की रणनीतियां बन रही हैं। नेशनल सिटिजन पार्टी (NSP), जमात-ए-इस्लामी के स्टूडेंट विंग छात्र शिबिर और वामपंथी छात्र संगठनों ने एकमत होकर कहा है कि जब तक पिछली सरकार के दौरान हुई हिंसा और हत्याओं की निष्पक्ष जांच नहीं होती, चुनाव का कोई मतलब नहीं।



# गद्दार गिरफ्तार, घुसपैठिया ढेर

## पाकिस्तान को भेज रहा था BSF- भारतीय नौसेना से जुड़ी जानकारी

**महानगर नेटवर्क**
**कच्छ**

देश से गद्दारी करने वालों की लिस्ट में अब गुजरात के सहदेव सिंह गोहिल का नाम भी शामिल हो गया है। उस पर बीएसएफ और भारतीय नौसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान भेजने का आरोप है। गुजरात एटीएस एसपी के सिद्धार्थ ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि गुजरात एटीएस ने कच्छ के एक मल्टीपर्पस स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा, हमें सूचना मिली थी कि वह बीएसएफ और भारतीय नौसेना से जुड़ी जानकारी एक पाकिस्तानी एजेंट के साथ शेयर कर रहा है। सहदेव सिंह गोहिल कच्छ के एक मल्टीपर्पस हेल्थ वर्कर है। एटीएस के अनुसार, गोहिल को 1 मई को प्रारंभिक जांच के लिए बुलाया गया था, जहां पता चला कि वह जून-जुलाई 2023 में व्हाट्सएप पर अदिति भारद्वाज नाम की महिला के संपर्क में आया था। उससे बातचीत के बाद उसे पता चला कि वह एक पाकिस्तानी एजेंट है। उसने बीएसएफ और भारतीय नौसेना की निर्माणाधीन या नई बनी जगहों की तस्वीरें और वीडियो मांगे। जिसके बाद उसने व्हाट्सएप के जरिए तस्वीरें और वीडियो शेयर करना शुरू कर दिया।



### घुसपैठ की कोशिश नाकाम

गुजरात के बनासकांठा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई है। 23 मई रात भारतीय सीमा घुसने की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया गया है। बीएसएफ की ओर इस बारे में जानकारी देते हुए बताया गया है कि 23 मई की रात को एक संदिग्ध सीमा पार कर आगे बढ़ते हुए देखा गया। उसे रोकने की कोशिश की गई लेकिन वह आगे बढ़ता रहा जिसके बाद उस पर गोली चलानी पड़ी। जिसमें उसकी मौत हो गयी।



# भारत में ही बनेगा आईफोन!

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकी के बाद भी एपल भारत में ही आईफोन बनाएगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में आईफोन के प्रोडक्शन से कंपनी को काफी फायदा होगा। इसीलिए कंपनी किसी राजनीतिक दबाव में कोई फैसला नहीं लेगी। मामले से जुड़े एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बताया कि उन्हें पूरा विश्वास है कि एपल कंपनी ट्रम्प प्रशासन के किसी भी दबाव के बावजूद मुनाफे को तवज्जो देगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी भारत में उपलब्ध टैलेंट और यहां बिजनेस के लिए उपलब्ध सुविधाओं पर ज्यादा फोकस कर रही है। डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा था कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होनी चाहिए। उन्होंने एपल के CEO टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा तो कंपनी पर कम से कम 25% का टैरिफ लगाया जाएगा।



# पुंछ में पीड़ितों से मिले राहुल गांधी

## बोले- राष्ट्रीय स्तर पर उठाऊंगा मुद्दा; बच्चों से कहा- आई लव यू, खूब पढ़ो और दोस्त बनाओ



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर के पुंछ पहुंचे। उन्होंने यहां पाकिस्तानी गोलाबारी में मारे गए लोगों के परिवारों से मुलाकात की। वे स्कूली बच्चों से भी मिले, उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। राहुल ने कहा कि सब जल्दी ठीक हो जाएगा। आप इन हालात से बाहर आने के लिए खूब पढ़ाई करें, खूब खेलें और स्कूल में बहुत सारे दोस्त बनाएं। पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मुलाकात के बाद राहुल ने कहा कि ये बड़ी त्रासदी है। बहुत से लोगों की जान गई है और उन्हें काफी नुकसान हुआ है। मैंने उनसे बात की, उनकी परेशानियों को समझने की कोशिश की। उन्होंने मुझसे कहा कि वे कुछ मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर उठाना चाहते हैं, और मैं उन्हें जरूर उठाऊंगा।

## ट्रम्प की यूरोपीय यूनियन पर 50% टैरिफ लगाने की धमकी

**महानगर नेटवर्क**
**वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय यूनियन के देशों पर 50% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए बताया कि यूरोपीय यूनियन से आने वाले सभी प्रोडक्ट्स पर 50% टैरिफ लगेगा, जब तक कि ये प्रोडक्ट्स अमेरिका में नहीं बनाए जाते। ट्रम्प इसे 1 जून लागू करने का प्लान बना रहे हैं। ट्रम्प यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील के आगे न बढ़ने से नाराज है। EU ने आपसी सहमति से सभी टैरिफ को 0 करने का प्रस्ताव रखा है, जबकि ट्रम्प सभी तरह के आयात पर 10% टैरिफ लगाने की बात पर अड़े हैं। ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में साफ किया कि वे EU से कोई समझौता नहीं चाहते। अगर कंपनियां अमेरिका में निवेश करें तो टैरिफ को टाल सकते हैं।



यूरोपीय यूनियन (EU) के बिजनेस हेड मारोस सेफकोविक ने ट्रम्प की धमकी पर कहा कि हम अमेरिका से सम्मान के साथ व्यापार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, न कि धमकियों से डर कर।

# PF पर इस साल भी 8.25% ब्याज मिलेगा




**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए PF अकाउंट में जमा राशि पर 8.25% ब्याज मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (EPFO) को इसके लिए मंजूरी दे दी है। अब देश के 7 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों के PF अकाउंट में ब्याज की रकम ट्रांसफर की जाएगी।

इससे पहले EPFO के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने 28 फरवरी को मीटिंग में 8.25% ब्याज दर बरकरार रखने का फैसला किया था। जो पिछले वित्त वर्ष में दी गई दर के बराबर है। इसके बाद इसे वित्त मंत्रालय को मंजूरी के लिए भेजा गया था।

### 1 लाख पर 8,250 रुपए ब्याज मिलेगा

8.25% ब्याज दर के हिसाब से अगर आपके EPF अकाउंट में 1 लाख रुपए जमा हैं, तो इस पर साल में 8,250 रुपए का ब्याज मिलेगा। वहीं PF अकाउंट में 1 अप्रैल 2024 तक (वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ओपनिंग बैलेंस) कुल 5 लाख रुपए जमा हैं। ऐसे में आपको 8.25% की ब्याज दर के हिसाब से 5 लाख पर 41,250 रुपए ब्याज के रूप में मिलेंगे।


# पहलगाम हमला- फिर एक सांसद के बिगड़े बोल

## बोले- सुहाग खोने वाली महिलाओं में वीरांगनाओं जैसा जोश नहीं था, इसलिए 26 लोग मरे

**महानगर नेटवर्क**
**भिवानी**

पहलगाम आतंकी हमले पर अब हरियाणा से BJP के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अपना सुहाग खोने वाली महिलाओं में वीरांगना का भाव व जोश नहीं था, इसलिए 26 लोग गोली का शिकार बने। सांसद ने कहा कि पर्यटक हाथ जोड़कर मारे गए। अगर PM की योजना के तहत ट्रेनिंग लेते और सामना करते तो इतनी मौतें नहीं होतीं। वे शनिवार को भिवानी के पंचायत भवन में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान जिला संगोष्ठी कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। जांगड़ा ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं में वीरता की भावना पैदा करने के लिए एक बहुत बड़ी योजना (अग्निवीर) चलाई। पहलगाम हमले के बाद पूरा देश महसूस कर रहा है कि अगर मोदी देश के युवाओं को जो ट्रेनिंग देना चाहते हैं, वह ट्रेनिंग यात्रियों के पास होती तो 3 आतंकवादी 26 लोगों को नहीं मार पाते।

अगर यात्रियों के हाथ में लाठी, डंडा कुछ भी होता और वे चारों तरफ से आतंकवादियों की तरफ दौड़ते, तो मैं दावा करता हूं कि शायद 5 या 6 लोगों की ही जान जाती, लेकिन तीनों आतंकवादी भी मारे जाते।



# अमित शाह तीन दिवसीय महाराष्ट्र दौरे पर

## ■ मुंबई में लक्ष्मी नारायण मंदिर के समारोह में लेंगे भाग

महानगर संवाददाता
मुंबई

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह 25 मई से 27 मई के बीच महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। इस दौरान वे नागपुर,नांदेड और मुंबई में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री 25 मई की रात को नागपुर पहुंचेंगे।

सोमवार को सुबह 11 बजे वे नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट जामठा,नागपुर में 'स्वस्ति निवास' पंथागार का भूमिपूजन करेंगे। दोपहर तीन बजे चिंचोली तालुका कामठी,नागपुर में एनएफएसयू के स्थाई परिषद का भूमिपूजन और अस्थाई परिसर का ई-उद्घाटन करेंगे। दोपहर तीन बजे वे नांदेड के लिए रवाना होंगे, जहां दोपहर तीन बजे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वसंतराव नाईक की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। दोपहर



3:30 बजे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे, इसके बाद शाम साढ़े छह बजे नवा मोड़ा ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुंबई के लिए रवाना हो जाएंगे। मंगलवार को सुबह 10:30 बजे गृह मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, माधव बाग के 150वीं वर्षगांठ में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे मुंबई विश्व विश्वविद्यालय के सर कावसजी जहांगीर सभागार में स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की 60वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विशेष व्याख्यान देंगे। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

### लक्ष्मी नारायण मंदिर के 150 साल पूरे

मुंबई के माधवबाग परिसर में स्थित प्रसिद्ध श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 27 मई को भव्य जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस विशेष कार्यक्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं मालाबार हिल विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर भी उपस्थित रहेंगे। महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से अनेक गणमान्य अतिथि इस समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मंदिर की शताब्दी-उपरांत परंपरा का गौरव बढ़ाते हुए एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम भी इस अवसर पर आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रस्तुति के लिए संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष संध्या पुरेचा और सरफोजी राजे भोसले संस्था को आमंत्रित किया गया है। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं माधवबाग चैरिटी ट्रस्ट की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे आरंभ होगा। श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर मुंबई की समृद्ध सामाजिक और आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक है। माधवबाग परिसर का इतिहास लगभग 150 वर्ष पुराना है। जब यह क्षेत्र लालबाग के नाम से जाना जाता था, उस समय सन् 1874 में कपोल समाज के दो प्रतिष्ठित उद्यमी वर्जिवंदास माधवदास और नरोत्तम माधवदास ने अपने पिताजी की स्मृति में एक भव्य मंदिर परिसर का निर्माण करने का निर्णय लिया और इसके लिए एक बड़ा भूखंड खरीदा। इसके बाद सन 1875 में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की स्थापना की गई। इस मंदिर का निर्माण प्रसिद्ध वास्तुकार भीमा रामजी की देखरेख में पोरबंदर के पत्थरों से पारंपरिक स्थापत्य शैली में किया गया था।

# वसई-विरार में 791 इमारतें खतरनाक घोषित

## 89 इमारतें अति जर्जर अवस्था में हैं, मनपा ने जारी किया नोटिस

**विरार।** वसई-विरार में मनपा द्वारा किए गए सर्वे में शहर की 791 इमारतें जर्जर पाई गई हैं। इनमें 89 इमारतें अति जर्जर अवस्था में हैं। मनपा ने सभी इमारतों को नोटिस जारी किया है,लेकिन इन जर्जर इमारतों में रहने वालों के पास विकल्प नहीं है। इसीलिए वह जान जोखिम में डालकर वहां रहने को मजबूर है। जान जोखिम में डालकर रहने पर मजबूर हैं। एक अधिकारी ने बताया कि मनपा ने जर्जर इमारतों को तीन हिस्से में बांटा है, अति जर्जर इमारतों को (सी-1) जर्जर इमारतों को (सी-2) और कम जर्जर इमारतों को (सी-3) की श्रेणी दी है। इनमें अति जर्जर इमारतों को मॉनसून से पहले खाली कराकर उन्हें तोड़ा जाना चाहिए। जर्जर इमारतों का स्ट्रक्चरल ऑडिट कर खाली कराके उनकी मरम्मत के बाद उनमें रहा जा सकता है। जबकि,कम जर्जर इमारतों



### नालासोपारा की घटना ने बढ़ाई थी चिंता

नालासोपारा के साईं सिमरन अपार्टमेंट में हुई घटना ने खतरनाक इमारतों से जुड़े जोखिमों को उजागर कर दिया है। 13-14 साल पुरानी इस इमारत के चौथे माले पर एक फ्लैट का स्लैब अचानक गिर गया,जिससे इमारत में रहने वाले लोग भयभीत हैं। यह घटना इस बात की भयावह याद दिलाती है कि समय पर कार्रवाई न होने से बड़ी जान-माल की हानि हो सकती है।

को बिना खाली कराए रिपेरिंग कराना होता है। फिलहाल मनपा ने सभी इमारतों को नोटिस जारी किया है। इस बाबत अतिक्रमण विभाग के उपायुक्त दीपक सावंत से संपर्क किया,तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। जर्जर इमारतों में रहने वालों का कहना है कि उनके पास पैसे नहीं हैं, जो वह दूसरा घर खरीदें या किराए पर लें। ऐसे में, वहां जान जोखिम में डालकर रहना उनकी मजबूरी है। उनकी मांग है कि प्रशासन उनके रहने की वैकल्पिक व्यवस्था करे, तो वह घर खाली कर देंगे।

# पारसी समुदाय की घटती आबादी पर सरकार चिंतित

## 'जियो पारसी' योजना से बढ़ेगी उम्मीद

**ठाणे।** एक समय में देश की प्रगति में अहम भूमिका निभाने वाला पारसी समुदाय आज जनसंख्या के संकट से जूझ रहा है। बीते कुछ वर्षों में इस समुदाय की संख्या में चिंताजनक गिरावट दर्ज की गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने 'जियो पारसी' योजना की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य पारसी जनसंख्या को प्रोत्साहित करना और उनके अस्तित्व को बनाए रखना है। बता दें कि हाल ही में प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठाणे और नवी मुंबई जैसे क्षेत्रों में बीते दो वर्षों में केवल दो पारसी परिवारों ने बच्चों को जन्म दिया है। यह आंकड़ा समुदाय की घटती उपस्थिति को दर्शाता है, जो न सिर्फ सांस्कृतिक दृष्टिकोण से बल्कि सामाजिक संरचना के लिए भी चिंता का विषय है। सरकार की इस योजना का मूल उद्देश्य यह है कि पारसी दंपति आधुनिक चिकित्सा विधियों जैसे कृत्रिम गर्भाधान (IVF) आदि का सहारा लेकर संतान प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ें। इसके लिए उन्हें न सिर्फ परामर्श, बल्कि आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। केंद्र सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक विशेष समिति का गठन किया है, जिसकी अध्यक्षता ठाणे के जिलाधिकारी कर रहे हैं।

## पूर्व विधायक नरेंद्र दराडे सैकड़ों समर्थकों के साथ शिवसेना में शामिल

# नाशिक और मुंबई में उबाठा गुट को जोरदार झटका

**मुंबई।** विरोधियों के आरोपों का और आलोचनाओं का आरोप से नहीं,बल्कि विकास कार्यों से जवाब दिया। इसी वजह से राज्य का मुख्यमंत्री बन सका। इस प्रकार का महत्वपूर्ण बयान शिवसेना के मुख्य नेता व राज्य के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिया। नाशिक के पूर्व विधायक नरेंद्र दराडे इसके साथ ही मुंबई के उबाठा गुट की नगरसेविका सुजाता सानप ने उप मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में प्रवेश किया। मुक्तागिरी निवास स्थान पर शुक्रवार की देर रात पार्टी में प्रवेश हुआ। इस अवसर पर शिवसेना सचिव राम रेपाले सहित कई पदाधिकारी भी उपस्थित थे। येवला के पूर्व विधायक नरेंद्र दराडे के



साथ ही डॉ. सुधीर जाधव,उत्तमराव आहेर, अजय जैन, दयानंद जावले, नगरसेवक अंबादास कस्तुरे सहित उबाठा गुट के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में प्रवेश किया। इसके साथ ही कुलाबा विधानसभा क्षेत्र के मुंबई महानगरपालिका स्थायी समिति सदस्या सुजाता सानप, उबाठा गुट के कुलाबा विधानसभा संगठक गणेश सानप, जगदीश मथणे, अनिल वालुंज, शरद वाघ, अभिषेक वाघ, फैजल कुरेशी, शुभम पेढांबकर ने कार्यकर्ताओं सहित शिवसेना में प्रवेश किया। इसकी वजह से नासिक और मुंबई में उबाठा गुट को जोरदार झटका लगा है। उप मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि ढाई वर्षों में सरकार ने जो विकास कार्य किया वह जनता ने देखा है। शिवसेना दिये हुए वतन का पालन करती है और बालासाहेब के विचारों को आगे बढाया जा रहा है। जिसकी वजह से राज्यभर से और राज्य के बाहर से राजनीतिक पदाधिकारी कार्यकर्ता शिवसेना में प्रवेश कर रहे हैं। शिवसेना में बगावत के दौरान कुछ लोगों ने कहा था कि तुम्हारे साथ आया एक भी विधायक चुनाव जीतकर नहीं आयेगा। परंतु विधानसभा चुनाव में हमारे 50 से 60 विधायक चुनाव जीते। मुंबई महानगरपालिका की नगरसेविका सुजाता सानप और गणेश सानप ने जो विकास कार्यों का जो सुझाव दिया है।

# कंपनी को नकली समान भेजने के मामले में चार्जशीट दायर

## नकली रैम और बैटरी की सप्लाई का आरोप

**मुंबई।** नकली लैपटॉप बैटरियों और रैम की बड़े पैमाने पर आपूर्ति का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मुंबई के उद्यमी हितेश मेहता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट गिरगांव मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में दायर कर दी है। मेहता की कंपनी पंची विनायक इंफोसोल्यूशंस को 1.84 करोड़ रुपए की ठगी का शिकार बनाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2021-22 के दौरान पुणे की प्रोविटास टेक्नोलॉजीज द्वारा 3,000 से अधिक नकली लैपटॉप बैटरियां और अंधेरी स्थित राशी पेरिफेरल्स से 5,708 नकली रैम मॉड्यूल मेहता की कंपनी को भेजे गए थे। जांच में पाया गया कि इनमें से कई बैटरियों में अनिवार्य आईएसआई सर्टिफिकेशन नहीं था और हजारों रैम मॉड्यूल्स पर मूल कंपनी के चिह्न भी नहीं थे। इनमें से कई में काले पीसीबी का उपयोग किया गया था।

ग्राहकों की शिकायतों के बाद जब कंपनी ने आंतरिक जांच की, तो 450 से अधिक बैटरियां और 2,490 रैम स्टिक नकली पाई गईं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि यह घोटाला सिर्फ प्रोविटास और राशी तक सीमित नहीं था,बल्कि इसमें लेनोवो इंडिया प्रा. लि.रेडिंगटन लिमिटेड और भाटिया फोटो इंडस्ट्रीज के कुछ अधिकारियों की संलिप्तता भी पाई गई। हितेश मेहता ने कहा यह सिर्फ व्यापारिक विवाद नहीं, बल्कि देशभर के उपभोक्ताओं के लिए बड़ा खतरा है।

## तूफानी हवाओं का कहर

# ठाणे समेत पश्चिमी तट पर भारी बारिश का रेड अलर्ट, प्रशासन सतर्क

**ठाणे।** अरब सागर में बन रहे निम्न दबाव के क्षेत्र ने महाराष्ट्र के तटीय जिलों में खतरे की घंटी बजा दी है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगले छह से सात दिनों तक ठाणे सहित कोंकण, गोवा, कर्नाटक और केरल में तूफानी हवाओं के साथ भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका है। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो सकता है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए ठाणे जिला प्रशासन



ने सभी नगर निकायों, पुलिस, स्वास्थ्य, बिजली, जलसंपदा और रेलवे विभागों को अलर्ट पर रखा है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संभावित खतरे को भांपते हुए एहतियातन कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जिले में खतरनाक होर्डिंग्स, जर्जर इमारतों और शीट मेटल शेड्स की पहचान कर उन्हें हटाने या स्थिर करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, ऐसे स्थानों पर रह रहे नागरिकों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासन की चिंता हाल ही में कल्याण में सप्तश्रृंगी इमारत गिरने की घटना के बाद और बढ़ गई है, जिसमें छह लोगों की जान चली गई थी। इससे पहले एक रिक्शे पर पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

# शादी का झांसा देकर महिला का किया शारीरिक शोषण

**भिवंडी।** भिवंडी में रहने वाली एक 31 वर्षीय महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार एक महीने तक शारीरिक शोषण किए जाने का मामला सामने आया है।पीड़िता की शिकायत पर भोईवाडा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मदीना होटल के पास रहने वाला आरोपी अजगर अफसर खान ने पीड़िता को अपने प्रेमजाल में फंसाकर पहले शादी का वादा किया और फिर भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल करते हुए उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता



ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने बीमारी का बहाना बनाकर उसे अपने घर बुलाया और उसके सिर पर हाथ रखकर कहा, "मैं तेरी कसम खाता हूं, मैं तुझसे ही शादी करूंगा। तू चिंता मत कर, मैं तुझे कभी अकेला नहीं छोड़ूंगा।" इस तरह के वादे करके आरोपी ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए।

## करंट लगने से 22 वर्षीय युवक की मौत

# महावितरण पर लापरवाही का आरोप

**वसई।** वसई-वसई पश्चिम के मर्सेस रानशेत वाडी क्षेत्र में शनिवार सुबह एक हृदयविदारक घटना में महावितरण की टूटी हुई बिजली तार की चपेट में आने से 22 वर्षीय सूरज कुमार की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 7:30 बजे तब हुई जब सूरज पशुओं के लिए चारा लेने खेत में गया था। बिजली का तार टूट कर नीचे गिरा था, जिससे महावितरण की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, सूरज कुमार रोजाना की तरह मर्सेस इलाके के रणशेतवाड़ी स्थित खेतों में चारा



लेने गया था। इसी दौरान, खेत में महावितरण की एक बिजली का तार टूटी हुई थी और उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। चारा इकट्ठा करते समय सूरज गलती से उस तार के चपेट में आ गया और उसे जोरदार बिजली का झटका लगा, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वसई पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वसई पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालकृष्ण घाडीगांवकर ने बताया कि इस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है और मामला दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि महावितरण के कर्मचारियों और अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाया गया है ताकि जांच में सहयोग मिल सके। इस घटना ने एक बार फिर महावितरण की लापरवाही सामने आया है।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए दो दिवसीय जांच शिविर



महानगर संवाददाता
कल्याण

कल्याण लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे के प्रयासों से केंद्र सरकार के भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए डोंबिवली सिटी सेंट्रल ब्रांच में आयोजित दो दिवसीय जांच शिविर आज शनिवार 24 मई को उत्साहपूर्ण माहौल में शुरू हुआ। यह शिविर कल्याण निर्वाचन क्षेत्र के सैकड़ों दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में आयोजित किया जा रहा है और 25 मई को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जारी रहेगा। इस शिविर में प्रमाणित दिव्यांगजनों जैसे अस्थि दिव्यांगता, बहु दिव्यांगता, मस्तिष्क पक्षाघात, मूक-बधिर, पूर्णतया दृष्टिबाधित तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकतानुसार जांच के उपरान्त विभिन्न सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किये जायेंगे।

# कचरे का निपटान करने के लिए 21 कंपनियों ने दिखाई रुचि

महानगर संवाददाता
मुंबई

देवनार डम्पिंग ग्राउंड पर जमा 185 लाख टन कचरे के जैव उपचार (बायोरिमेडिएशन) और प्रोसेसिंग तथा पृथक्करण के बाद निपटान के लिए मनपा द्वारा जारी किए गए 2,368 करोड़ रुपए के मेगा टेंडर पर प्री बिड मीटिंग में 21 कंपनियों ने कचरा नष्ट करने की रूचि दिखाई है। इन कंपनियों में भाग नौ कंपनियों ने मनपा के नियमो को लेकर अपनी ओर से भी उसमे कुछ बदलाव के सुझाव दिए।

मनपा मुख्यालय में प्री बिड को लेकर हुई बैठक में संभावित ठेकेदारों को तकनीकी दायरा, पात्रता मानदंड और



परियोजना की समयसीमा के बारे में जानकारी दी गई। यह परियोजना मुंबई के सबसे बड़े पुराने कचरा स्थल की सफाई के उद्देश्य से शुरू की जा रही है। ठेकेदारों की ओर से उठाए गए सवाल मुख्य रूप से लॉजिस्टिक चुनौतियों को लेकर थे। कई कंपनियों ने यह चिंता जताई कि इतने बड़े कचरे को तीन वर्षों की तय समय सीमा में कैसे हटाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार कंपनियों ने यह भी पूछा कि पर्यावरणीय मंजूरी और सीआरजेड से स्वीकृति कैसे प्राप्त की जाएगी। कंपनियों ने समन्वय बनाने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति मनपा करेगी क्या इस तरह का सवाल खड़ा किया जिससे काम में गति मिलेगी। ठेकेदारों की एक अन्य महत्वपूर्ण चिंता भूमि की उपलब्धता को लेकर थी। जहां प्रोसेस किए गए कचरे को जमा किया जाना है। मनपा ने अपने टेंडर में उल्लेख किया है कि प्रतिदिन 23,000 मीट्रिक टन कचरा प्रोसेस करना होगा, जिसके लिए प्रतिदिन लगभग 1,200 ट्रकों की आवश्यकता होगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि 21 कंपनियों की रुचि का मतलब यह नहीं कि सभी निविदाएं जमा करेंगी। निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 3 जून है और मनपा को उम्मीद है कि यदि पर्याप्त प्रतिसाद मिला तो अगले महीने के दूसरे सप्ताह तक कार्यादेश जारी कर दिया जाएगा।

# महावितरण भांडुप मंडल में 'बहु-हितधारक कार्यशाला' का आयोजन




**मुंबई।** आरईसी ने भांडुप, महावितरण के औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहकों के साथ-साथ महाराष्ट्र में विभिन्न बिजली वितरण कंपनियों और औद्योगिक संघों के लिए एक 'बहु-हितधारक कार्यशाला' का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य दुनिया भर की 180 अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार और निवेश माहौल का सर्वेक्षण (बी-रेडी सर्वेक्षण) करना है,जिसमें नियामक ढांचे, प्रासंगिक सार्वजनिक सेवाओं के प्रावधान और अन्य पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग के संयुक्त निदेशक हर्षद पाटिल, कार्यकारी निदेशक धर्मेन्द्र नागपाल, महावितरण भांडुप परिमंडल के मुख्य अभियंता संजय पाटिल, बेस्ट के उप मुख्य अभियंता मंगेश खरोटे, महावितरण ठाणे मंडल के अधीक्षक अभियंता युवराज मेश्राम, महावितरण वाशी बोर्ड के अधीक्षक अभियंता दीपक पाटिल, अडानी पावर की प्राची बनसोडे और टाटा पावर के तुषार शेठे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# प रे द्वारा दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के लिए मुंबई सेंट्रल और राजकोट तथा मुंबई सेंट्रल और गांधीधाम के बीच विशेष किराये पर सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा विशेष किराए पर दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे भी विस्तारित किये गये हैं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।

1.ट्रेन संख्या 09005/09006 मुंबई सेंट्रल - राजकोट तेजस सुपरफास्ट द्वि-



साप्ताहिक स्पेशल [18 फेरे]

ट्रेन संख्या 09005 मुंबई सेंट्रल-राजकोट स्पेशल हर बुधवार और शुक्रवार को मुंबई सेंट्रल से 23.20 बजे रवाना होगी और अगले दिन 11.45 बजे राजकोट पहुंचेगी। यह ट्रेन 30 मई से 27 जून तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09006 राजकोट-मुंबई सेंट्रल स्पेशल हर गुरुवार और शनिवार को राजकोट से 18.30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 07.30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 31 मई से 28 जून तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, विरमगाम, सुरेंद्रनगर और वांकानेर स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर और एसी 3-टियर कोच हैं।

2.ट्रेन संख्या 09017/09018 मुंबई सेंट्रल-गांधीधाम तेजस सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल [10 फेरे]

ट्रेन संख्या 09017 मुंबई सेंट्रल-गांधीधाम स्पेशल प्रत्येक सोमवार को मुंबई सेंट्रल से 23.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.55 बजे गांधीधाम पहुंचेगी।

# राहुरी और शनि शिंगणापुर के बीच नई रेल लाइन को मंजूरी

**मुंबई।** रेल मंत्रालय ने महाराष्ट्र में राहुरी को शनि शिंगणापुर से जोड़ने वाली नई रेल लाइन के निर्माण को अपनी मंजूरी दे दी है। 21.84 किलोमीटर लंबी इस लाइन का निर्माण 494.13 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत से किया जाएगा।

शनि शिंगणापुर, एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिदिन 30,000 से 45,000 श्रद्धालु

दर्शन करने आते हैं, लेकिन वर्तमान में यहां सीधी रेल कनेक्टिविटी नहीं है। प्रस्तावित लाइन इस आध्यात्मिक केंद्र तक पहुंच को सरल बनाएगी और तीर्थयात्रियों और पर्यटकों, खासकर राहुरी और आस-पास के क्षेत्रों से आने-जाने वालों के लिए सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी। इस रेल लाइन से शिर्डी, राहु-केतु मंदिर (राहुरी), मोहिनी राज मंदिर (नेवासा) और पैस खंब करवीरेश्वर मंदिर (नेवासा) जैसे अन्य धार्मिक और पर्यटन स्थलों को भी लाभ मिलने की संभावना है, जिससे स्थानीय पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में प्रतिदिन चार जोड़ी यात्री ट्रेन सेवा प्रस्तावित हैं, जिनमें प्रतिवर्ष 18 लाख यात्रियों के यात्रा करने का अनुमान है।

# पनवेल-सोमटने और पनवेल-चीखली के बीच नई कॉर्ड लाइन परियोजना को मंजूरी

महानगर संवाददाता
मुंबई

क्षेत्र में रेल क्षमता बढ़ाने और परिचालन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से एक प्रमुख विकास में,रेल मंत्रालय ने पनवेल-सोमटने और पनवेल-चीखली के बीच पनवेल कॉर्ड लाइनों के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसकी कुल लंबाई 7.54 किलोमीटर होगी। 444.64 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत इस परियोजना का काम मध्य रेल द्वारा किया जाएगा। पनवेल, मुंबई उपनगरीय रेलवे की हार्बर लाइन पर एक महत्वपूर्ण टर्मिनल है, जो




उत्तर की ओर दिवा,दक्षिण की ओर रोहा, पश्चिम की ओर जेएनपीटी और पूर्व की ओर कर्जत जाने वाली दिशाओं के लिए एक महत्वपूर्ण जंक्शन के रूप में कार्य करता है। वर्तमान में, ग्रेड-सेपरेटेड क्रॉसिंग की अनुपस्थिति इंजन रिवर्सल के कारण परिचालन में देरी का कारण बनती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए, दो कॉर्ड लाइनों का प्रस्ताव किया गया है और अब उन्हें मंजूरी दे दी गई है।

दिवा-पनवेल लाइन फ्लाईओवर के माध्यम से जेएनपीटी-कर्जत कॉरिडोर पर एक कॉर्ड लाइन। कलडुनरीगांव केबिन और सोमटने स्टेशन के बीच एक दूसरी कॉर्ड लाइन।

इन नए लिंक से रेलवे लाइन की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और यात्री सुविधा बढ़ने और भीड़ कम होने की उम्मीद है, जिससे यात्री और मालगाड़ियों दोनों की सुगम और तेज़ आवाजाही संभव होगी।

# वर्ष 2030 तक 52% ऊर्जा हरित स्रोतों से: फडणवीस

## नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक

### विकसित महाराष्ट्र- 2047 का विजन तैयार

महानगर संवाददाता

मुंबई

नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य हासिल करने के लिए केंद्र सरकार और सभी राज्यों के साथ महाराष्ट्र विकास और विरासत के विजन को साकार करने के लिए पूरी तरह क्षमता से तैयार है। राज्य में वर्ष 2030 तक आवश्यक 52% ऊर्जा हरित स्रोतों से पैदा की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि राज्य ने 45,500 मेगावॉट अतिरिक्त ऊर्जा खरीदने का करार किया है। इसमें 36,000 मेगावॉट हरित ऊर्जा है। वर्ष 2030 तक राज्य में 52 फीसदी ऊर्जा हरित ऊर्जा स्रोतों से बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के माध्यम से



10 हजार कृषि फीडर पर 16,000 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं शुरू की जाएगी, इसमें से 1400 मेगावाट की परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं। दिसंबर 2026 तक राज्य के किसानों को दिन के समय 100 फीसदी बिजली उपलब्ध होगी और यह सौर परियोजना से प्राप्त होगी। राज्यों के 100 गांवों में सौर ग्राम योजना शुरू है और 15 गांव पूर्णतः सौर ऊर्जा गांव बन चुके हैं। पम्प स्टोरेज के लिए नई नीति तैयार की गई है, जिसके तहत 45 पीएसपी के लिए विभिन्न डेवलपर्स के साथ 15 समझौते किए गए हैं। इसकी कुल क्षमता 62,125 मेगावाट है और इसमें 3.42 लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे 96,190 नौकरियां भी सृजित होंगी।

**महाराष्ट्र में सबसे अधिक विदेशी निवेश**

फडणवीस ने कहा कि राष्ट्रीय नीति के अनुसार महाराष्ट्र सरकार भी तीन चरणों में महाराष्ट्र-2047 विजन तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्य उद्देश्य वर्तमान अर्थव्यवस्था को 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है।

**50 प्रतिशत करार प्रस्तावों पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि महाराष्ट्र भारत का निवेश मैगनेट है। वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में राज्य ने देश में सर्वाधिक 1.39लाख करोड़ का विदेशी निवेश आकर्षित किया। दावोस वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में 15.96 लाख करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें से 50 प्रतिशत करार प्रस्तावों पर कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इनमें से अधिकांश निवेश टियर टू और टियर थ्री शहरों में किया जा रहा है। नीति आयोग के मार्गदर्शन में हम एमएमआर क्षेत्र को विकास केंद्र के रूप में विकसित कर रहे हैं, जिसका लक्ष्य 2047 तक इस क्षेत्र को 1.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। इसके लिए केंद्र सरकार से विशेष वित्तीय मदद की अपेक्षा है। गडचिरोली में स्टील सिटी, नागपुर में डिफेंस हब, अमरावती में टेक्सटाइल क्लस्टर, छत्रपति संभाजीनगर में ईवी निर्माण, ऑरिक सिटी और रायगड जिले के दिघी में स्मार्ट औद्योगिक शहर बनाया जाएगा।

**एमएसएमई क्षेत्र में महाराष्ट्र अव्वल**

महाराष्ट्र को एमएसएमई क्षेत्र में शीर्ष पर बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 60 लाख से अधिक एमएसएमई उद्यम उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत हैं। यह देश में सबसे अधिक है। इसके लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि के माध्यम से 2 लाख उद्यमियों को अवसर मिले हैं। हाल ही में मुंबई में वेव्स कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दो वैश्विक स्टूडियो के लिए 5000 करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, मुंबई में आईआईसीटी की स्थापना, एनएसई में वेव्स इंडेक्स का शुभारंभ और यॉर्क विश्वविद्यालय और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय के साथ समझौते हुए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस बैठक में यह भी विश्वास व्यक्त किया कि नासिक सिंहस्थ कुंभ मेला 2027 में आयोजित किया जाएगा और इसके लिए महाराष्ट्र को केंद्र से मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता मिलेगी।

# मुंडे को क्लीन चिट मिली तो इस्तीफा: भुजबल

महानगर संवाददाता

मुंबई





अभी हाल ही में मंत्री बनाए गए राकांपा के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने कहा कि अगर धनंजय मुंडे को क्लीन चिट मिल जाती है तो वे मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। पिछले मंगलवार को राज्यपाल ने भुजबल को मंत्री पद की शपथ दिलाई थी। उन्हें सरकार में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग दिया गया है। मार्च महीने की शुरुआत में बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड मामले में आरोपों में घिरे धनंजय मुंडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। तभी से भुजबल की कैबिनेट में वापसी की चर्चाएं शुरू हो गई थी। यह पूछे जाने कि अगर भविष्य में धनंजय मुंडे को क्लीन चिट मिली तो भुजबल क्या करेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि कल यदि धनंजय मुंडे को क्लीन चिट मिली तो वे मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। अगर धनंजय मुंडे को कैबिनेट में शामिल करने का फैसला होता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

**मुझे सम्मान के साथ वापस बुलाया गया**

मैं इस कैबिनेट में वापस आया हूं, मुझे सम्मान के साथ वापस बुलाया गया। अगर धनंजय मुंडे को हर चीज से मुक्त कर दिया जाता है, अगर उनकी सभी लाइनें साफ हो जाती हैं तो मैं इस्तीफा दे दूंगा।

फडणवीस सरकार के पहले विस्तार में मंत्री नहीं बनाए जाने पर छगन भुजबल खासे नाराज हुए। उन्होंने उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मनमुटाव की बात भी स्वीकार की। भुजबल ने कहा कि जब मुझे मंत्री पद नहीं मिला तो मेरे मन में कई तरह के विचार आ रहे थे और मुझे अफसोस भी हुआ। अजित पवार और मैं बात नहीं कर रहे थे। मैं अजित पवार के घर पर हुए कार्यक्रम में नहीं गया, लेकिन मैं पार्टी के हर कार्यक्रम में मौजूद रहा।

वरिष्ठ राकांपा नेता ने कहा कि जब शरद पवार ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था, तब यह तय हुआ था कि सुप्रिया सुले पार्टी अध्यक्ष बनेंगी और सरकार में शामिल होंगी। यह भी तय हुआ था कि पवार साहब इसमें कहीं नहीं होंगे। जयंत पाटिल, अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल गठबंधन के सभी मामलों पर चर्चा करने वाले थे। भाजपा से हाथ मिलाने के लिए हमारी कई बैठकें हुईं। अनिल देशमुख भी उनमें शामिल थे।

# तलवलकर जिम्नेशियम के डायरेक्टर पर एफआईआर

### बैंक ने दर्ज कराया धोखाधड़ी का मामला

**मुंबई।** गोरेगांव पुलिस ने प्रसिद्ध फिटनेस चेन तलवलकर जिमनैशियम के निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने बिना बैंक की अनुमति के गिरवी रखी संपत्तियों को बेच दिया, जिससे डेक्कन मर्चेंट को-ऑपरेटिव बैंक को 1.86 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। एफआईआर के अनुसार, आरोपी दंपत्ति राहुल और सोनाली तलवलकर ने 20 मई 2014 को अपने व्यवसायों तलवलकर जिमनैशियम और तलवलकर फिटनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए बैंक से 7 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। इसके बदले में उन्होंने गोरेगांव पश्चिम में दो और दादर पश्चिम में एक फ्लैट के साथ-साथ जिम उपकरणों को गिरवी रखा था। बैंक के पुणे स्थित जनरल मैनेजर किशोर घोलबा (54), ने 2022 में कार्यभार संभाला, उसीने डिफॉल्टर खातों की समीक्षा के दौरान पाया कि तलवलकर दंपत्ति ने ऋण वापस नहीं किया है। जब उनसे संपर्क किया गया, तो राहुल तलवलकर ने आर्थिक तंगी का हवाला दिया। 2017 में बैंक ने गिरवी संपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की। लेकिन इस दौरान गोरेगांव के एक फ्लैट के संभावित खरीदार,सचिन महनसरिया ने बैंक को




बताया कि वह संपत्ति तो 2015 में ही समीर और अनुष्का खत्री को बेच दी गई थी,यानी नीलामी से दो साल पहले। इससे धोखाधड़ी की आशंका और पक्की हो गई। जांच में यह भी सामने आया कि गिरवी रखे गए जिम उपकरण भी बैंक को बताए बिना बेच दिए गए थे। हालांकि बैंक ने कुछ राशि अन्य संपत्तियों की नीलामी से वसूली,लेकिन अब भी बड़ी रकम बकाया है। स्थिति तब और बिगड़ गई जब दंपत्ति ने एक और गिरवी फ्लैट बेचने की कोशिश की। इसके बाद घोलबा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने राहुल और सोनाली तलवलकर पर आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (विश्वासघात), और 34 (साझा इरादा) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# वाट्सअप पर दोस्त की फ़ोटो लगाकर धोखाधड़ी



**मुंबई।** मालाड इलाके में साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जहां अज्ञात साइबर ठगों ने एक रिटायर्ड व्यक्ति को उसके दोस्त की फोटो का इस्तेमाल कर ठग लिया। मालाड पुलिस ने धोखाधड़ी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता एक सेवानिवृत्त व्यक्ति हैं, जो अमेरिका में रहने वाले अपने दोस्त के साथ नियमित संपर्क में रहते हैं। उन्होंने व्हाट्सएप पर अपने उस दोस्त के साथ एक ग्रुप बनाया हुआ था। दो दिन पहले उन्हें एक अज्ञात नंबर से मैसेज मिला, जिसमें उनके दोस्त की फोटो प्रोफाइल पिक्चर के रूप में लगी थी। फोटो देखकर उन्हें लगा कि यह मैसेज उनके असली दोस्त ने ही भेजा है और उन्होंने बातचीत शुरू कर दी। बातचीत के दौरान, ठग ने पैसों की मांग की और बैंक खाते की जानकारी भी भेज दी। पीड़ित ने भरोसे में आकर पैसे ट्रांसफर कर दिए।

# महालक्ष्मी रेसकोर्स पर इवेंट कर मनपा ने कमाया 8 करोड़



**मुंबई।** महालक्ष्मी रेसकोर्स की 120 एकड़ जमीन को राज्य सरकार ने जून 2024 में मनपा प्रशासन को सौंप दिया। राज्य सरकार ने इस भूखंड पर थीम पार्क बनाने का निर्देश दिया। मनपा प्रशासन रेसकोर्स के भूखंड पर थीम पार्क बनाने की प्रक्रिया शुरू की है। इस बीच जब तक थीम पार्क का निर्माण कार्य शुरू नहीं होता तब तक मनपा इस खाली जमीन का उपयोग करते हुए व्यावसायिक कार्यक्रमों के लिए किराए पर दी जा रही है। जिससे मनपा की तिजोरी में 8 करोड़ रुपए जमा हुए हैं। मनपा अधिकारियों ने जानकारी दी कि मनपा प्रशासन ने 12 नवंबर 2024 से अब तक इस जमीन पर कई व्यावसायिक कंपनियों द्वारा इवेंट आयोजित किए गए हैं। मनपा हर दिन के कार्यक्रम के लिए लगभग 12 लाख 50 हजार रुपये का शुल्क ले रही है। पिछले पांच महीनों में इन कार्यक्रमों से मनपा को लगभग 8 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह राजस्व इस जमीन की देखरेख पर खर्च किया जाएगा।

अधिकारी ने बताया कि इस जमीन पर किसी प्रकार का निर्माण किए बिना एक सेंट्रल पार्क तैयार करने की योजना पर काम चल रहा है। इस पार्क में हरियाली, चलने के लिए रास्ते और बैठने की जगह जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रस्तावित योजना में रेस कोर्स की 120 एकड़ और कोस्टल रोड की लगभग 180 एकड़ जमीन को मिलाकर कुल 300 एकड़ क्षेत्र में सेंट्रल पार्क विकसित किया जाएगा। जब तक थीम पार्क को अंतिम मंजूरी नहीं मिलती, तब तक यह जमीन कार्यक्रमों के लिए किराए पर दी जाती रहेगी।

# नए मुख्य न्यायाधीश से मिले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नई दिल्ली में देश के नए मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई से सदिच्छा मुलाकात की। इस दौरान फडणवीस ने मुख्य न्यायाधीश गवई का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र को एक बार फिर मुख्य न्यायाधीश के पद का सम्मान मिला है,यह अभिमान की बात है। भेंट के दौरान फडणवीस ने मुख्य न्यायाधीश को महाराष्ट्र विधानमंडल में सर्वदलीय सत्कार समारोह सहित भारतीय संविधान विषय पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया।

# परिवार को खत्म करने के लिए घर में लगा दी आग

### एमएचबी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

**मुंबई।** बोरीवली में 14 मई को हुई आगजनी की घटना अब एक सुनियोजित हत्या की साजिश के रूप में सामने आई है। पहले इसे एक दुर्घटनावश लगी आग माना जा रहा था,लेकिन सीसीटीवी फुटेज से खुलासा हुआ कि यह जानबूझकर की गई घटना थी। चार आरोपियों ने एक महिला और उसके परिवार को मारने की नीयत से आग लगाई थी। एमएचबी पुलिस ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बोरीवली पश्चिम के गणपत पाटिल नगर में रहने वाली जूली केवट (37) के घर में घटी। आग




से उनका घर और पास में खड़ी एक टू-व्हीलर जलकर खाक हो गई। सीसीटीवी फुटेज में देवराज सिद्धार्थ पाटिल (22) और तीन अन्य आरोपी 14 मई की सुबह घर और टू-व्हीलर में आग लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। जूली केवट की शिकायत के आधार पर एमएचबी पुलिस ने बीएनएस की धाराएं 109,326(F),336(G), 351(3), 3(5), 37(1) और 135 के तहत हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया है। आरोपी देवराज पाटिल को गिरफ्तार कर लिया गया है,जबकि बाकी तीन आरोपियों की तलाश जारी है।

**घटना का कारण पारिवारिक विवाद**

पुलिस के अनुसार, जूली के बेटे लकी और आरोपी शादाब के बीच मुरारी चौधरी नामक व्यक्ति से मुलाकात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद आरोपियों ने लकी को जान से मारने की धमकी दी थी। 13 मई की रात जब परिवार सो रहा था, तभी आरोपियों ने पहले टू-व्हीलर में और फिर घर में आग लगा दी। धुआं और गर्मी से जूली की नींद खुली, जिन्होंने शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गणेश पवार ने बताया कि देवराज पाटिल एक आदतन अपराधी है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत कार्य**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग), मुंबई सेंट्रल - 400008 द्वारा **निविदा क्र.: डब्ल्यूआर-एमएमसीटी ओईसीओए (ईसीटीडी)/37/2024 ओ/ओ एसआरडीईई/सीएचजी/एमएमसीटी/डब्ल्यूआर (कंप्यूटर क्रमांक 587758) दिनांक 21.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम:** बिलीमोरा-एनजी वाशिंग लाइन, सिक लाइन और प्लेटफार्म पर नई बैटरी चार्जिंग पॉइंट्स सुविधाओं का प्रावधान. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.14,13,050/-. **ईएमडी:** रु. 28,300/-. **प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 20.06.2025 को 15:00 बजे तक. **खोलने की तिथि एवं समय:** 20.06.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. 0191

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**फ्लुओरोपॉलिमर पेंट सिस्टम की आपूर्ति एवं अनुप्रयोग**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिएज मरम्मत कार्यशाला, पश्चिम रेलवे, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013 द्वारा **निविदा क्रमांक: डब्ल्यूआर/पीएल/ईएसटी/627180, दिनांक 21.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम एवं स्थान:** "एलएचबी बोगी फ्रेम्स में फ्लुओरोपॉलिमर पेंट सिस्टम की आपूर्ति एवं अनुप्रयोग", मात्रा: 300 फिएट बोगी. **अनुमानित लागत:** रु.99,82,800/-. **ईएमडी:** रु.1,99,700/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 14.06.2025 को 11:00 बजे तक. **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 14.06.2025 को 11:30 बजे. विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. 0186

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

# माता रमाबाई अंबेडकर नगर पुनर्विकास तीन साल में बनेंगी छह पुनर्विकसित इमारतें

**मुंबई।** एमएमआरडीए ने घाटकोपर स्थित माता रमाबाई आंबेडकर नगर और कामराज नगर के पुनर्विकास में पहले चरण के दौरान छह पुनर्विकसित इमारतों का निर्माण किया जाएगा। पुनर्विकसित इमारतों का निर्माण तीन वर्षों के भीतर पूरा करने की योजना है। इन इमारतों में कुल 4053 घर बनाए जाएंगे जिन पर अनुमानित खर्च 1450 करोड़ रुपए होगा। एमएमआरडीए ने जानकारी दी की ईस्टर्न फ्री वे के विस्तारीकरण परियोजना के कारण यहां की 1694 झोपड़ियां प्रभावित हो रही हैं। इन झोपड़ियों के साथ-साथ एमएमआरडीए इस परिसर की कुल 14,000 से अधिक घरों का पुनर्विकास करने का निर्णय लिया है। यह झोपड़पट्टी पुनर्विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। पहले चरण में 17 एकड़ भूमि पर बनी झोपड़ियों का पुनर्विकास होगा। जिसमे छह इमारतों का निर्माण के लिए एमएमआरडीए ने शनिवार को जारी किया है। निर्माण कार्य तीन सालो में पूरा किया जाएगा और 4053 पात्र रहिवासियों को उनके हक का घर मिलेगा। इसके अलावा 24 महीने की दोष दायित्व अवधि भी निर्धारित की गई है। इच्छुक कंपनियां 28 मई से निविदा जमा कर सकती हैं और अंतिम तिथि 14 जून रखी गई है। पहले चरण की छह इमारतों में प्रत्येक घर का आकार 300 वर्ग फुट होगा और इन इमारतों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। घरों के निर्माण पर विशेष गुणवत्ता का ध्यान दिया जाएगा। पहले चरण में पात्र ठहराए गए 4000 से अधिक झोपड़ी धारकों को किराए की राशि दी जा चुकी है।

# 'विश्व पर्यावरण दिवस 2025' की तैयारी हेतु योजना बैठक संपन्न



**कल्याण।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के संयोजन में, माननीय। नगर निगम आयुक्त अभिनव गोयल की अध्यक्षता में स्थायी समिति हॉल में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण विभाग की कार्यकारी अभियंता रोहिणी लोकरे, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण विभाग के उपायुक्त अतुल पाटिल, शिक्षा अधिकारी विजय सरकटे, नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर डॉ. प्रशांत पाटिल, विभिन्न निजी स्कूलों के प्रतिनिधि और पर्यावरण गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने "विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करना" शीर्षक से एक अभियान शुरू किया। इस संदर्भ में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 22 मई से 5 जून तक पूरे देश में जन जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

**पश्चिम रेलवे**

**रखरखाव कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **निविदा क्र. : बीसीटी/25-26/67, दिनांक 22.05.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम:** एसएसई/ब्रिज-लोअर परेल अंतर्गत चर्चगेट -अंधेरी अनुभाग में ब्रिज कार्य हेतु विविध कार्यों हेतु एफओबीएस/आरओबीएस/पाइपलाइन ब्रिज, एलिवेटेड डेक रोड, स्कायवॉक, एलिवेटेड बुकिंग ऑफिस और ईओटी क्रेन तथा वेल्डिंग सेट के लिए मैनपावर की आपूर्ति कर सेतु कार्य के विविध कार्यों का रखरखाव. **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 87,65,965.23. **ईएमडी :** रु. 1,75,300/-. **प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 17.06.2025 को 15:00 बजे तक. **प्रस्ताव खोलने की तिथि एवं समय :** 17.06.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अवलोकन करें. **मैनुअल प्रस्ताव पर कोई विचार नहीं किया जाएगा.** 0193

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

# बिल्डर के इशारे पर एक फीट कम कर दी सड़क की ऊंचाई

### स्थानीय लोगों का आरोप वाकोला दत्त मंदिर रोड पर जलजमाव होना तय

**मुंबई।** मनपा प्रशासन द्वारा शहर में सीमेंट कंक्रीट की सड़कें बनाने का काम तेजी से हो रहा है। अगले दो साल में मुंबई की सभी सड़कों को सीमेंट कंक्रीट की कर दिए जाने की योजना है। इस बीच सड़क निर्माण में मनपा अधिकारियों की मनमानी भी उजागर हो रही है। सांताक्रूज पूर्व में इसी तरह की शिकायत सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए सड़क की ऊंचाई कम कर दी गई,जिससे मानसून के दौरान इस परिसर में पानी भरना तय माना जा रहा है। बता दें कि वाकोला स्थिति दत्त मंदिर रोड जिसकी लंबाई करीब 100 मीटर और चौड़ाई 9 मीटर



है,उसका भी सीमेंट कांक्रीटीकरण किया जा रहा है। सड़क विभाग के अधिकारियों ने बिल्डर के दबाव में एक जगह पर सड़क की ऊंचाई कम कर दी है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि निर्माणधीन इमारत में कई दुकानें बनाई गई हैं। सड़क का निर्माण जिस छोर से शुरु किया गया था वहां सड़क की ऊंचाई एक समान थी। लेकिन जैसे ही इमारत के पास सड़क का निर्माण पहुंचा वहां सड़क की ऊंचाईं एक फीट कम कर दी गई। इमारत के बाद आगे जाकर दोबारा से सड़क की ऊंचाई को एक फीट बढ़ दिया गया। सामानांतर सड़क को 20 मीटर लंबाई तक दोनों छोर पर ढ़लान बना दिया गया। मनपा अधिकारियों ने गटर की ऊंचाई भी एक फीट कर कर दिया है। जो कि आने वाले समय में वहां जलजमाव से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है। स्थानीय मनसे नेता सतीश मनवेल ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों से इस बारे में शिकायत की थी। मनपा अधिकारियों ने कहा कि इसे ठीक किया जाएगा,लेकिन बाद में सड़क में ढ़लान बना कर इमारत के पास सड़क की ऊंचाई करीब एक फीट कम करके निर्माण कर दिया।

### मेट्रो स्टेशन का नामकरण साहित्य रत्न अण्णा भाऊ साठे करने की मांग

**भायंदर।** दहिसर से काशी गांव तक शुरू होने वाली मेट्रो के स्टेशन को साहित्य रत्न अण्णा भाऊ साठे के नाम पर करने की मांग की गयी हैं। शिवसेना ( शिंदे गुट ) के 145 मीरा-भायंदर अल्पसंख्यक प्रमुख सलमान हाशमी ने महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक एवं मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा को पत्र लिख कर यह मांग की हैं। दहिसर चेकनाका के अमर पैलेस के सामने स्थित मेट्रो स्टेशन को अण्णा भाऊ साठे नाम पर करने की मांग की गयी हैं । सलमान हाशमी ने अपने पत्र में बताया की अण्णा भाऊ साठे संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन के प्रमुख रहे है। मराठी भाषा को उन्होंने देश एवं विदेश तक पहचान दिलाने के लिए काफी प्रयास किए थे। करीब 27 भाषाओं में इनके साहित्य लिखे गए है। काशिमीरा पुलिस स्टेशन के पीछे इनके नाम पर भवन का निमार्ण भी हुआ हैं। उन्होंने इस पत्र के माध्यम से बताया की ऐसे महान साहित्य रत्न के नाम पर मेट्रो स्टेशन का नामकरण करना यहां के लोगों की इच्छा हैं। शहरवासीयों की भावना को देखते हुए इस मेट्रो स्टेशन का नाम साहित्य रत्न अण्णा भाऊ साठे करने की मांग इस पत्र द्वारा की गयी हैं ।

# अगले तीन दिन में मुंबई में मानसून आगमन की संभावना



**मुंबई।** 1 जून को केरल में दाखिल होने वाला दक्षिण पश्चिम मानसून सात दिन पहले 24 मई को ही केरल में दाखिल हो गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जिस तरह मानसून में प्रगति देखी जा रही है, अगले तीन दिनों में मुंबई पहुंच जाएगा। दक्षिण-पश्चिम मानसून 24 मई को भारत में और प्रगति की है। यह अब दक्षिण अरब सागर के शेष भागों,पश्चिम-मध्य और पूर्व-मध्य अरब सागर के कुछ हिस्सों, पूरे लक्षद्वीप क्षेत्र, केरल, माहे, कर्नाटक के कुछ हिस्सों, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र के शेष भागों, तमिलनाडु के कई हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम और पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के शेष भागों, पश्चिम-मध्य और उत्तर बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों तथा मिजोरम के कुछ हिस्सों तक पहुंच गया है। इस प्रकार, आज 24 मई को केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून की आधिकारिक शुरुआत हो गई है, जबकि सामान्य रूप से यह 1 जून को होता है।

**पश्चिम रेलवे**

**इंजीनियरिंग कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है. **अ.क्र. 1. ई-निविदा सूचना क्र.: बीसीटी/25-26/65 दिनांक 21.05.2025. कार्य एवं स्थान: उकाई सोनगढ़ - जलगांव अनुभाग :** वरि.डीईएन/पूर्व क्षेत्राधिकार अंतर्गत सर्दी और मानसून गश्त के दौरान ठेकागत मजदूरों के जरिए पटरियों की सुरक्षा हेतु निरीक्षण, गश्त, ढीले फास्टनिंग और फिटिंग को व्यवस्थित करना. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1,71,21,435.81. **ईएमडी:** रु. 2,35,600/-. **अ.क्र. 2. ई-निविदा सूचना क्रमांक: बीसीटी/25-26/66 दिनांक 21.05.2025. कार्य एवं स्थान: उधना - जलगांव अनुभाग :** नंदुरबार - रेलवे ओवरहेड टैंक में एक वर्ष की अवधि हेतु ठेकेदार के स्वयं के स्रोत से प्रतिदिन 747600 लीटर पीने योग्य पानी की आपूर्ति का कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 78,61,499.94. **ईएमडी:** रु. 1,57,200/-. **दोनों निविदाओं की निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 17.06.2025 को 15:00 बजे तक. **दोनों निविदाओं की निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 17.06.2025 को 15:30 बजे. विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. **मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे.** 0189

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

# कांग्रेस के सवाल बेमानी हैं...

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं । उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 सालों में 72 देशों के 151 विदेशी दौरों का हवाला देते हुए बताया है कि वे 10 बार अमेरिका गए, लेकिन इन यात्राओं का कोई फायदा भारत को नहीं मिला। मिस्टर खरगे ने सवाल उठाया, क्या प्रधानमंत्री का काम सिर्फ विदेश जाकर फोटो खिंचवाना है? इतने विदेशी दौरे करने के बाद भी आज भारत दुनिया में अकेला खड़ा है। ऐसे ही कुछ सवाल लगातार कांग्रेस के अन्य नेता राहुल गांधी, पवन खेड़ा एवं अन्य उठा रहे हैं। राजनीतिक तौर पर सवाल उठाना अच्छी बात है, किंतु कौन सा प्रश्न कब उठाना चाहिए, कम से कम यह तो इन नेताओं का पता ही होगा ! क्योंकि राजनीति में इनकी वरिष्ठता को देखकर तो यह उम्मीद की ही जा सकती है। पर यहां क्या हो रहा है? जब देश 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे बड़े ऑपरेशन में रहकर उसके पहले चरण को सफल बनाकर अभी-अभी बाहर निकला है और आप (विपक्ष) हैं कि सत्ताधारी दल को इसलिए घेरना चाहते हैं क्योंकि वह देश की सरकार चला रहा है! यह कैसा आपका तरीका है? जब आपकी सरकार सत्ता में रही, तब आप 2611 जैसे पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के महा अटैक के विरोध में कुछ नहीं कर पाए! अवसर तो आपके पास भी था कि उसका ठीक ढंग से बदला लेते। यह आतंकी हमला कितना बड़ा था इसका अंदाजा इसी से लगता है कि साल 2008 की 26 नवंबर की रात एकाएक मुंबई गोलियों की आवाज़ से दहल उठी, जब लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षित और भारी हथियारों से लैस दस चरमपंथियों ने मुंबई की कई जगहों और प्रतिष्ठित इमारतों पर हमला कर दिया था,जो चार दिन तक चला। मुंबई हमलों में 160 से अधिक लोग मारे गए थे। उन 160 बलिदानियों का तत्कालीन कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने पाकिस्तान से क्या बदला लिया था? इसका उत्तर है,कुछ भी नहीं। दूसरी तरफ केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार है जिसके रहते हुए जब-जब भी पाकिस्तान ने भारत को आंख दिखाने की कोशिश की या आतंकवाद फैलाया तो सीधा अटैक पाकिस्तानी सेना और वहां के आतंकवादियों पर खुले तौर पर भारत की ओर से हुआ। ऐसे में स्वभाविक है कि देश की जनता वर्तमान मोदी सरकार के समर्थन में दिखाई दे रही है, जिसे विपक्ष स्वीकार करना नहीं चाहता और व्यर्थ के मनगढ़ंत आरोप लगा रहा है। हकीकत भारत की विदेश नीति की क्या रही है, यह आज दुनिया को पता है। जब ऑपरेशन सिंदूर चल रहा था, तब जिन 57 मुस्लिम देशों की ताकत के नाम पर पाकिस्तान अपना सीना फुला रहा था, उसे सिर्फ तुर्किए और अजरबैजान को छोड़कर किसी का साथ नहीं मिला। उस समय के बयान देखें, चीन तक चुप था, जापान, फ्रांस, ब्रिटेन, रूस, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, अमेरिका इन सभी के प्रमुख राजनेताओं के वक्तव्यों को थोड़ी देर के लिए कांग्रेस के नेता जो आज भारत की विदेश नीति को घेर रहे हैं, वह देख लें, पढ़ लें और उसे समझ लें कि आखिर इन सभी के बयानों में तत्कालीन समय में क्या भाषा बोली जा रही थी। वे सभी भारत के पक्ष में और आतंकवाद के विरोध में हैं कि नहीं। कांग्रेस जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा पाकिस्तान को 1.4 अरब डॉलर का कर्ज देने का मुद्दा उठा रही है, तो वह इस मुद्दे को उछालकर किसे मूर्ख बना रही है? यह तो दुनिया के आर्थकि विशेषज्ञ एवं विदेशनीति के जानकार सभी पहले से जानते हैं कि महिनों पहले ही तय हो गया था कि उक्त दिनांक को इस संबंध में बैठक होनी है, और कुल इतनी राशि पाकिस्तान को दी जा रही है। हां, भारत ने विरोध किया और अपना संदेश दे दिया कि इस राशि का उपयोग जोकि विकास के नाम पर मांगी जा रही है कर्ज स्वरूप । वह विकास में ही खर्च होगी। वास्तव में पाकिस्तान ऐसा करेगा, इस पर उसे (भारत को) संदेह है। क्योंकि पाकिस्तान का जो स्वभाव है, उसके अनुरूप वह इस राशि से आतंकवाद को बढ़ावा देगा। कांग्रेस को समझना चाहिए कि यह भारत की आज की विदेश नीति की ही सफलता है कि भले ही पाकिस्तान को उक्त राशि मिली, पर साथ में कई नियम एवं शर्तें भी लगा दी गई हैं। क्या कांग्रेस को वह शर्तें जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से पाकिस्तान पर लगाई गई हैं,दिखाई नहीं देतीं? कोष ने अपने बेलआउट पैकेज की अगली किस्त जारी करने के लिए पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई हैं और इसके बाद पाकिस्तान पर कुल शर्तें बढ़कर 50 हो गई हैं। इसके साथ ही कोष की ओर से पाकिस्तान को दो टूक कह दिया गया है कि अगर ये शर्तें पूरी नहीं होती हैं, तो फिर उसे अगली किश्त जारी नहीं हो सकेगी। इतना ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के खिलाफ पाकिस्तान को रुपया देते ही जो ग्लोबल गुस्सा फूट पड़ा था और दुनियाभर में उसकी किरकरी हो रही थी, वह क्या भारत की सफल विदेश नीति का परिणाम नहीं है? फिर कांग्रेस का यह कहना कि आतंकवाद विरोधी कार्रवाई के बीच अचानक सीजफायर की घोषणा, भारत की कमजोर विदेश नीति का उदाहरण है। वास्तव में यह कह कर क्या कांग्रेस अपने ही देश पर आज प्रश्न खड़ा नहीं कर रही ? क्योंकि ऐसा कर वह देश की जल, थल, नभ तीनों सेनाओं पर अविश्वास कर रही है । बहुत आपत्तजिनक बात है यह। क्योंकि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी पत्रकार वार्ता द्वारा और स्वयं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के नाम अपने संबोधन में स्पष्ट कर दिया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के आतंकी मंसूबों और पहलगाम हमले का परिणाम है, जोकि अभी समाप्त नहीं हुआ है। पाकिस्तान की ओर से कुछ भी गलत किया जाएगा, उसका उचित प्रति उत्तर भारतीय सेनाएं देने के लिए स्वतंत्र हैं। वस्तुतः सच यही है और जिसे दुनिया ने स्वीकार भी किया है कि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य कार्रवाई करके पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

### कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*चौराहे पर खड़ी है यूनुस की सरकार*
*खींस निपोरे खड़े हैं, अबकी बरखुरदार*
*अबकी बरखुरदार, हिंदुओं को मरवाया*
*भारत के दुश्मन जिनपिंग को गले लगाया*
*कह सुरेश खल वही करे दुश्मन जो चाहे*
*इसको भी लटकाओ, जोह रहे चोराहे*

# भारत की आपत्ति के बावजूद पाक को बेलआउट पैकेज क्यों?

> भारत के पुरजोर विरोध के बावजूद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का बेलआउट पैकेज देने का फैसला किया है। आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान ने इस लोन की किश्त पाने के लिए सभी जरूरी शर्तों को पूरा किया है। यह बेलआउट पैकेज पाकिस्तान को उसकी आर्थिक मुश्किलों से निकालने में मदद करेगा।

पाकिस्तान पर जो सवाल उठाए गए थे, उसे खारिज कर दिया गया। आपको बताता चलूं कि आखिरकार आईएमएफ ने पाकिस्तान को एक बिलियन डॉलर का बेलआउट पैकेज देने के अपने फैसले को पूरी तरह से उचित बताया है। उसने इस पर भारत की आपत्ति को खारिज कर दिया है। भारत के पुरजोर विरोध के बावजूद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का बेलआउट पैकेज देने का फैसला किया है। आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान ने इस लोन की किश्त पाने के लिए सभी जरूरी शर्तों को पूरा किया है। यह बेलआउट पैकेज पाकिस्तान को उसकी आर्थिक मुश्किलों से निकालने में मदद करेगा। सितंबर 2024 में मंजूर किए गए 'एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी ' प्रोग्राम के तहत पाकिस्तान को अब तक लगभग 2.1 बिलियन डॉलर मिल चुके हैं। भारत ने इस बेलआउट पैकेज का विरोध किया था और आईएमएफ से इस पर दोबारा विचार करने को कहा था। भारत का मानना है कि पाकिस्तान इस पैसे का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर सकता है। इसके बावजूद आईएमएफ , संचार विभाग की निदेशक जूली कोजैक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान को लोन देने के फैसले को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने सभी लक्ष्यों को पूरा किया है। कोजैक ने संवाददाताओं से कहा, 'हमारे बोर्ड ने पाया कि पाकिस्तान ने वास्तव में सभी लक्ष्यों को पूरा किया है। उसने कुछ सुधार भी किए हैं, और इसी वजह से बोर्ड ने कार्यक्रम को मंजूरी दी।' उन्होंने आगे कहा, 'पहली समीक्षा 2025 की पहली तिमाही में होनी थी। उसी के अनुसार, 25 मार्च को आईएमएफ स्टाफ और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच EFF की पहली समीक्षा पर एक समझौता हुआ। उस समझौते को हमारे कार्यकारी बोर्ड के सामने पेश किया गया जिसने 9 मई को समीक्षा पूरी की। परिणामस्वरूप,



पाकिस्तान को उस समय भुगतान मिला।' जबकि भारत ने उसे यह भी आगाह किया है कि जब-जब उसे इस तरह का लोन मिलता है, वह हथियारों का नया जखीरा जुटा लेता है। 'पाकिस्तान को जब भी इस 'वैश्विक ऋणदाता' से लोन मिलता है,ऐसा देखा गया है कि वह हथियारों की खरीद बढ़ा देता है।' लेकिन, जिस तेजी के साथ आईएमएफ ने भारत की आपत्तियों को नजरअंदाज किया है, उससे लगता है कि उसने पाकिस्तान को लोन देना पहले ही तय कर रखा था। हालांकि, आईएमएफ ने पाकिस्तान को लोन देने के लिए 11 नई शर्तें भी रखी हैं। इन शर्तों में संसदीय मंजूरी, बिजली पर कर्ज सेवा शुल्क में वृद्धि और आयात पर प्रतिबंध हटाना शामिल है। इसका मतलब है कि पाकिस्तान को लोन पाने के लिए कुछ और आर्थिक सुधार करने होंगे। भारत ने इस बेलआउट पैकेज का कड़ा विरोध किया है। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आईएमएफ की मदद 'आतंकवाद को अप्रत्यक्ष रूप से फंडिंग करने का एक तरीका है।' 9 मई को, भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम से एक दिन पहले, नई दिल्ली ने पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज देने के लिए आईएमएफ की आलोचना की थी। भारत का कहना है कि पाकिस्तान इस पैसे का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए कर सकता है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) से पाकिस्तान को मिलने वाले 7 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज के शेष फंड के लिए 11 शर्तें जोडऩे के फैसले को भारतीय दृष्टिकोण से स्वागत योग्य ही कहा जाएगा, हालांकि यह पूरी तरह आश्वस्त करने वाला कतई नहीं है। आइएमएफ ने इस बेलआउट पैकेज में से 2.4 अरब डॉलर का फंड पाकिस्तान को पहलगाम आतंकी हमले के बाद जारी किया। पहलगाम हमले में पाकिस्तान का हाथ था, यह पूरी दुनिया को पता था। यह सब जानते हुए भी आइएमएफ ने पाकिस्तान की मदद के लिए फंड जारी किया था। इसका भारत ने विरोध दर्ज कराया और यह राशि जारी नहीं करने का आग्रह भी किया था। यह मान लेना भूल होगी कि इतने विरोध-प्रतिरोध के बावजूद पाकिस्तान को मदद पहुंचाने वाले आइएमएफ को अपनी गलती का अहसास हो गया होगा। यह भी नहीं कहा जा सकता कि पाकिस्तान पर शर्तें लगाने का कदम उस गलती के सुधार का प्रयास है। इसे अंतरराष्ट्रीय जगत में संवेदनशील, पारदर्शी और नियम संगत प्रतीत होने के आइएमएफ के प्रयास के रूप में देखा जाना तो कतई उचित नहीं कहा जा सकता। दरअसल, आइएमएफ की कार्यप्रणाली विशेषकर पाकिस्तान के मामले में तो कभी भी पारदर्शी और नियम संगत नहीं रही। यह कहना अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा कि उसका आचरण एक वित्तीय संस्थान से ज्यादा राजनीतिक संगठन जैसा रहा है। इतिहास साक्षी है कि उसकी ओर से पाकिस्तान को न जाने कितनी बार चेतावनियां जारी की जा चुकी हैं। इसके बावजूद आइएमएफ ने कभी देर जरूर की है पर हर बार पाकिस्तान को फंड दिया ही है। पाकिस्तान इस फंड का क्या करता है, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। अपने देश को संवारने, आधारभूत ढांचा बनाने या अपनी जनता के दुःख-दर्द दूर करने में नहीं, बल्कि भारत को अस्थिर करने की साजिश रचने में ही उसका धन और ऊर्जा लगती रही है। अब भी फंड मिलते ही पाकिस्तान ने अपना रक्षा बजट बढ़ा दिया। माना जा सकता है कि वह आगे भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से भारत के खिलाफ काम करता रहेगा। आइएमएफ को यह समझना चाहिए कि सिर्फ दिखावे के लिए कुछ शर्तें लाद देने से वह निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं कहलाने लगेगा। इसके लिए उसे अपनी कथनी और करनी एक समान करनी होगी। उसकी साख और कोष के उद्देश्यों की पूर्ति व सार्थकता के लिए भी जरूरी है कि वह सुनिश्चित करे कि उसकी ओर से दिया जाना वाला हर फंड मानवता के काम आएगा। आइएमएफ का निगरानी तंत्र निश्चित तौर पर होगा लेकिन जैसे कि हालात दिख रहे हैं, साफ लगता है कि वह बहुत कमजोर है। इस तंत्र को मजबूत और सक्रिय करना होगा ताकि कोई भी देश मिलने वाली मदद का दुरुपयोग न कर सके। उसे डर रहे कि यदि दुरुपयोग किया तो वह आगे मदद से हमेशा के लिए वंचित रह जाएगा। आईएमएफ को इस विषय पर बेहद संजीदगी बरतनी चाहिए।

**– संजय सिन्हा**

# क्या शशि थरूर भी कांग्रेस को 'बाय-बाय' करेंगे

कांग्रेस सांसद शशि थरूर अब कॉन्ग्रेस में बेवजह गुस्से का शिकार हैं। उनका अपराध यह है कि थरूर ने वैश्विक स्तर पर भारत के आतंकवाद विरोधी रुख को स्पष्ट करने और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताने के लिए सांसदों के एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए मोदी सरकार के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया। गाँधी परिवार के वफादार कॉन्ग्रेसी अब पार्टी के अंदर इस बात पर गुस्से का इजहार कर रहे हैं कि आखिर क्यों शशि थरूर को केन्द्र ने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनाया? शशि थरूर को केन्द्र सरकार ने विदेश भेजे जा रहे डेलिगेशन का नेतृत्व करने के लिए चुना है। उनका ग्रुप अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया जाएगा। दरअसल, कॉन्ग्रेस के खफा होने की वजह ये है कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए कॉन्ग्रेस पार्टी द्वारा सुझाए गए नामों में थरूर का नाम शामिल नहीं था। कॉन्ग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, नासिर हुसैन और राजा बरार के नाम भेजे थे। कॉन्ग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 17 मई को कहा कि कॉन्ग्रेस पाकिस्तान से आतंकवाद पर भारत के रुख को स्पष्ट करने के लिए विदेश जा रहे सांसदों के रूप में अपने दिए गए चार सांसदों के नाम नहीं बदलने जा रही है। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि औपचारिक रूप से चार नाम दिए जाने के बावजूद सरकार ने उनमें से अधिकांश को नजरअंदाज कर दिया जिससे संसदीय परंपराओं, विपक्ष- सत्तारूढ़ दल के बीच विश्वास को ठेस पहुँचा। जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने केंद्र सरकार की ओर से कॉन्ग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गाँधी से संपर्क किया और बहुदलीय संसदीय दल में शामिल होने के लिए पार्टी से चार नामों का अनुरोध किया। राहुल गाँधी ने उसी दिन दोपहर से पहले वरिष्ठ नेताओं आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, नासिर हुसैन और राजा बरार का नाम भेजा। इस पर जयराम रमेश ने कहा, "सरकार ने कॉन्ग्रेस द्वारा सुझाए गए नामों में से केवल आनंद शर्मा को चुना और मामले का राजनीतिकरण किया। शशि थरूर का



पार्टी से पहले राष्ट्र को प्राथमिकता देना और स्वतंत्र राय रखना कॉन्ग्रेस पार्टी को नागवार गुजर रहा है। कॉन्ग्रेस पार्टी ने भले ही शशि थरूर पर सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की ओर झुकाव रखने का आरोप नहीं लगाया है लेकिन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने उन्हें 'बीजेपी का स्लीपर सेल' कहा है। जानकारों की माने तो कॉन्ग्रेस हाईकमान थरूर को पार्टी से निकालने पर विचार कर रहा है हालाँकि कॉन्ग्रेस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। अब सवाल यह उठता है कि कॉन्ग्रेस पार्टी अपने उन नेताओं को क्यों नजरअंदाज करती है जो मूल रूप से 'दरबारियों' की तरह काम नहीं करते हैं और बौद्धिक स्वतंत्रता बनाए रखना पसंद करते हैं। क्या यह इस डर की वजह से है कि ऐसे मजबूत नेता गाँधी परिवार को पीछे छोड़ सकते हैं या पार्टी में समानांतर सत्ता बना सकते हैं? शशि थरूर की जगह राहुल गाँधी के वफादार गौरव गोगोई को चुनना क्या उचित है? गाँधी परिवार के करीबी न होने के बावजूद शशि थरूर न केवल विदेशी मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले अहम सासंद हैं बल्कि संसद की विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। कॉन्ग्रेस पार्टी द्वारा दरकिनार और अपमानित किए जाने के बावजूद शशि थरूर ने हार नहीं मानी। उन्होंने कहा कि वे अपनी सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरी लगन से निभाएँगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी नेतृत्व को अपनी राय रखने का अधिकार है लेकिन उनकी प्रतिबद्धता अटल है। कॉन्ग्रेस की अधीनता के बजाए थरूर ने राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने का फैसला किया और संदेश दिया कि वह 'आसानी से अपमानित' नहीं होंगे। हालाँकि कॉन्ग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा जबकि वे संयुक्त राष्ट्र के पूर्व राजनयिक हैं और इस कार्य में उनकी विशेषज्ञता है। यह स्पष्ट हो गया कि थरूर की बौद्धिकता, वाकपटुता और स्वतंत्र सोच पार्टी आलाकमान, खासकर गाँधी परिवार को पसंद नहीं है। पार्टी आलाकमान के करीबियों को ही यहाँ प्राथमिकता दी जाती है। कॉन्ग्रेस का ये दृष्टिकोण कोई नया नहीं है। कॉन्ग्रेस पार्टी में गाँधी परिवार के प्रति वफादारी हमेशा योग्यता पर भारी रही है। कॉन्ग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ और मजबूत नेताओं को सिर्फ इसलिए हार का सामना करना पड़ा क्योंकि उन्होंने गाँधी परिवार की अवहेलना करने की जुर्रत की और विभिन्न मुद्दों पर स्वतंत्र राय व्यक्त करने का साहस किया। हाल के वर्षों में शशि थरूर को लगातार अपनी ही पार्टी द्वारा निशाना बनाया गया, दरकिनार किया गया और अपमानित किया गया। जानकारों की माने तो नवंबर 2022 में, थरूर को गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों के लिए स्टार प्रचारकों की सूची में जगह नहीं दी गई थी। लगभग उसी समय केरल कॉन्ग्रेस ने थरूर से खुद को दूर कर लिया था और कोझीकोड में एक आरएसएस विरोधी सेमिनार की मेजबानी करने से पीछे हट गई थी जहाँ कॉन्ग्रेस सांसद को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। उस समय ऐसी खबरें आई थीं कि कॉन्ग्रेस नेतृत्व ने पार्टी की स्थानीय इकाइयों को शशि थरूर का कोई भी कार्यक्रम आयोजित न करने का अनाधिकारिक आदेश दिया था। फरवरी 2025 में शशि थरूर ने पार्टी में अपनी भूमिका को लेकर असंतोष जताया था। उन्होंने पार्टी में दरकिनार किए जाने और संसद के अंदर प्रमुख बहसों में भाग लेने का अवसर न दिए जाने पर रोष व्यक्त करने के लिए राहुल गाँधी से मुलाकात की थी हालाँकि, थरूर संतुष्ट नहीं हुए। थरूर का असंतोष ऑल इंडिया प्रोफेशनल कॉन्ग्रेस (एआईपीसी) के प्रभार से हटाए जाने से भी पैदा हुआ।

**– रामस्वरूप रावतसरे**


# भारतीय राष्ट्रवाद को नई आंखों से देखिए!

देश में इन दिनों राष्ट्रवाद चर्चा और बहस के केंद्र में है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम भारतीय राष्ट्रवाद पर एक नई दृष्टि से सोचें और जानें कि आखिर भारतीय भावबोध का राष्ट्रवाद क्या है? 'राष्ट्र' सामान्य तौर पर सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि 'भूगोल-संस्कृति-लोग' के तीन तत्वों से बनने वाली इकाई है। इन तीन तत्वों से बने राष्ट्र में आखिर सबसे महत्वपूर्ण तत्व कौन सा है? जाहिर तौर पर वह 'लोग' ही होगें। इसलिए लोगों की बेहतरी, भलाई, मानवता का स्पंदन ही किसी राष्ट्रवाद का सबसे प्रमुख तत्व होना चाहिए। जब हम लोगों की बात करते हैं तो भौगोलिक इकाईयां टूटती हैं। अध्यात्म के नजरिए से पूरी दुनिया के मनुष्य एक हैं। सभी संत, आध्यात्मिक नेता और मनोवैज्ञानिक भी यह मानने हैं कि पूरी दुनिया पर मनुष्यता एक खास भावबोध से बंधी हुयी है। यही वैश्विक अचेतन (कलेक्टिव अनकांशेसनेस) हम-सबके एक होने का कारण है। स्वामी विवेकानंद इसी बात को कहते थे कि इस अर्थ में भारत एक जड़ भौगोलिक इकाई नहीं है। बल्कि वह एक चेतन भौगोलिक इकाई है जो सीमाओं और सैन्य बलों पर ही केंद्रित नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद मनुष्य के विस्तार व विकास पर केंद्रित है। जिसे भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' कहकर संबोधित किया। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' राजनीतिक सत्ता का उच्चार नहीं है। उपनिषद् का उच्चार है। सारी दुनिया के लोग एक परिवार, एक कुटुम्ब के हैं, इसे समझना ही दरअसल भारतीय राष्ट्रवाद को समझना है। यह राष्ट्रवाद मनुष्य की सांस्कृतिक एकता के विस्तार का प्रतीक है और हमारे सांस्कृतिक मूल्य, मानववादी सांस्कृतिक मूल्यों पर केंद्रित है। हमारी भारतीय अवधारणा में राज्य निर्मित भौगोलिक-प्रशासनिक इकाईयां प्रमुख स्थान नहीं रखतीं बल्कि हमारी चेतना, संस्कृति, मूल्य आधारित जीवन और परंपराएं ही यहां हमें राष्ट्र बनाती हैं। हमारे सांस्कृतिक इतिहास की ओर देखें तो आर्यावर्त की सीमाएं कहां से कहां तक विस्तृत हैं, जबकि सच यह है कि इस पूरे भूगोल पर राज्य बहुत से थे, राजा अनेक थे- किंतु हमारा सांस्कृतिक अवचेतन हमें एक राष्ट्र का अनुभव कराता था। एक ऐतिहासिक सत्य यह भी यह है कि हमारा राष्ट्रवाद दरअसल राज्य संचालित नहीं था, वह समाज और बौद्धिक चेतना से संपन्न संतों, ऋषियों द्वारा संचालित था। वह राष्ट्रवाद इस व्यापक भूगोल की चेतना में समाया हुआ था। यहां का ज्ञान विस्तार जिस तरह चारों दिशाओं में हुआ,वह बात हैरत में डालती है। राजा सिर्फ राज्य बनाते हैं, ऋषि अपने सांस्कृतिक अवदान से राष्ट्र बनाते हैं। आप देखें तो बुद्ध पूरी दुनिया में अपने संदेश को यूं ही नहीं फैला पाए, बल्कि उस ज्ञान में एक ऐसा नवाचार, नवचेतन था जिसे दुनिया ने स्वतः आगे बढकर ग्रहण किया। भारत कई मायनों में अध्यात्म और चेतना की भूमि है, सच कहें तो दुनिया की तमाम स्थितियों से भारत एक अलग स्थिति इसलिए पाता है, क्योंकि यह भूमि संतों के लिए, ज्ञानियों के लिए उर्वर भूमि है।

**– प्रो. संजय द्विवेदी**

### आज का कार्टून

साभार




# कहीं विनाश का कारण ना बन जाएं हीट रिस्क का फैलाव

जलवायु परिवर्तन की दुश्वारियों में से एक देश और दुनिया के देशों में हीट रिस्क के व्यापक प्रभाव से आसानी से समझा जा सकता है। यदि हम भारत की ही बात करें तो 2011 से 2022 के दशक के अध्ययन के अनुसार देश में हीट रिस्क का दायरा बहुत अधिक बढ़ गया है। मजे की बात यह है कि अब दिन की तुलना में रातें भी अधिक गर्म होने लगी है। इसका एक बड़ा कारण आज की भवन निर्माण विधि और शहरों में कंक्रिट का जंगल विकसित होना और अन्य के साथ ही इलेक्ट्रोनिक उत्पाद खासतौर से अत्यधिक उर्जा खपत वाले फ्रीज और कूलर की जगह लेते एयरकण्डीशनर भी एक है। घटते जंगल और आबादी का दबाव भी एक बड़ा कारण है। ऊर्जा के रुप में जो संसाधान उपयोग किये जा रहे है वे भी जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारक बन रहे हैं। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरमेंट एण्ड वॉटर सीईईडब्ल्यू की हालिया रिपोर्ट अत्यधिक चिंतनीय और हालात की गंभीरता को दर्षाती है। रिपोर्ट की माने तो देश की तीन चौथाई आबादी आज हीट रिस्क की जद में आ चुकी है। देश के 734 जिलों में से 417 जिले तो अत्यधिक जोखिम वाले जिलों में शुमार हो चुके हैं। कम जोखिम वाले जिलों में तो केवल और केवल 116 जिले ही रह गये हैं। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि वैसे तो हीट रिस्क के दायरें में नोर्थ ईस्ट और उत्तरी भारत के नाममात्र के क्षेत्र को छोड़ दिया जाये तो समूचा देश आज हीट रिस्क के दायरें में आ चुका है। देश के 10 जिले राजस्थान, दिल्ली, आन्ध्र प्रदेश, केरल, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तरप्रदेश हीट रिस्क की अत्यधिक जद में आये प्रदेश व केन्दशासित राज्य है। ऐसा नहीं है कि हमारे देश में ही हीट रिस्क का दायरा बढ़ रहा है। अपितु अब यह वैश्विक समस्या हो चुकी है। दुनिया के देशों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। तेज गर्मी की तपन से हालात दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। जंगलों में दावानल और बैमौसम आंदि तूफान, सूखा या बाढ़ ऐसी समस्यायें आने लगी है जिससे साल दर साल अब अधिक दोचार होना पड़ रहा है। अमेरिक का फर्नेस क्रीक सबसे अधिक गर्म स्थान है तो ट्यूनिशिया का केबिली, कुवैत का मित्रिबाह, ईरान का अहबाज और लुट रेगिस्तान, चीन का फ्लेमिंग आदि स्थान ऐसे है जो सर्वाधिक गर्मी वाले स्थान है। इसके साथ ही मौसम के मिजाज में भी बदलाव आया है। सर्दी में गर्मी और गर्मी में सर्द रात जैसे व असमय आंधी बरसात आम होती जा रही है। गर्मी के दिन बढ़े है। फरवरी तक अब अपनी परंपरागत मौसम का दायरा छोड़ते हुए अत्यधिक गर्मी वाले महीनों में से एक होने लगा है। आखिर यह मौसम का बदलाव भावी संकट की और साफ साफ इशारा कर रहा है। समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है। ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगे हैं। समुद्र किनारे के शहरों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। अब डूबने का ड़र सताने लगा है। अमेरिका ही नहीं दुनिया के अन्य देशों के जंगलों में जिस तेजी से आग की घटनाएं बढ़ रही है वह अपने आप में अलग चुनौती होती जा रही है। बीमारियों का असर बढ़ रहा है। हालात गंभीर होते जा रहे हैं। हीट रिस्क के बढ़ते दायरे को देखते हुए आज हीट एक्शन प्लान बनाये जाने लगे हैं। हांलाकि कि यदि केवल सामान्य नागरिकों के बढ़ती गर्मी के कारण होने वाले प्रभाव पर ही बात की जाए तो गर्मी बीमारियों का प्रमुख कारण बनती जा रही है। कई मिलियन मौतों का कारण हीट वेव है। निर्जलीकरण तो एक प्रमुख कारण है ही इसके साथ ही कार्डियोरेस्पिरेटरी के मामलें आम होते जा रहे हैं। अनिद्रा, तनाव, श्वासं लेने में परेशानी, दस्त, पेट दर्द, फूड पोइजनिंग और तापघात आदि बीमारियों का प्रकोप लूताप के कारण दुनिया के देशों में बढ़ता जा रहा है। जिस तेजी से हीट रिस्क का विस्तार होता जा रहा है उससे आने वाले समय में और अधिक गंभीर हालातों का सामना करना पड़ेगा। किसी समय भारतीय परंपरा के अनुसार नौतपा ऐसा समय होता था जब सबसे अधिक गर्मी पड़ती थी। यह भी माना जाता था कि जितना अधिक नौतपा प्रभावी रहेगा उतना ही अच्छी बरसात होगी। पर आजकल यह सारे कंसेप्ट बेमानी होते जा रहे हैं नौतपा के पहले ही इतना तप चुका होता है कि एक एक दिन निकालना भारी हो जाता है। इसके साथ ही कही ना कही गर्मी मौत का या विनाश का कारण ना बने इसके बारे में वैज्ञानिकों को गंभीर मंथन करना होगा।

**– डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

# महाराष्ट्र पुलिस की साख को बढ़ाते हुए अपनी ताकत भी साबित करे पुलिस बल: अजित पवार

### उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने किया नारायणगांव पुलिस स्टेशन की नई इमारत का लोकार्पण

महानगर नेटवर्क

पुणे



महाराष्ट्र पुलिस बल के शूरवीर और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों ने विभाग की ख्याति को बढ़ाया है। इसी कारण पुलिस बल का गौरवशाली इतिहास है। भविष्य में भी पुलिस को ऐसी ही भूमिका निभाते हुए न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महाराष्ट्र पुलिस की प्रतिष्ठा बढ़ानी चाहिए और अपनी ताकत को साबित करना चाहिए। यह बात राज्य के उपमुख्यमंत्री तथा पुणे जिले के पालकमंत्री अजित पवार ने कही।

वह पुणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अंतर्गत आने वाले नारायणगांव पुलिस स्टेशन की नई इमारत के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर म्हाडा पुणे के अध्यक्ष शिवाजीराव आढलराव पाटील, विधायक दिलीप वळसे पाटील, पूर्व विधायक अतुल बेनके, जिलाधिकारी जितेंद्र डुडी, पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक रमेश चोपडे, उपविभागीय अधिकारी गोविंद शिंदे, परिविक्षाधीन पुलिस उपअधीक्षक भाग्यश्री धीरबस्सी, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रविंद्र चौधरी समेत कई मान्यवर उपस्थित थे।

**नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पुलिस का कर्तव्य:**

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस शासन व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और शासन का दृश्य प्रतिनिधित्व करती है। पुलिस की कार्यशैली और व्यवहार से आम जनता में शासन की छवि बनती है। पुलिस थाने में आने वाले नागरिकों को बेहतर सेवा मिलनी चाहिए, समाज में गलत प्रवृत्तियों पर रोक लगनी चाहिए और अपराधियों को निष्पक्ष दंड मिलना चाहिए। इन कार्यों में राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए और कानून व्यवस्था बनी रहनी चाहिए। सरकार की ओर से नागरिकों की अपेक्षाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरा किया जाना चाहिए।

**पुलिस बल को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं**

राज्य के 21 हजार करोड़ रुपये की जिला योजना में से 600 करोड़ रुपये पुलिस बल की बुनियादी सुविधाओं के लिए मंजूर किए गए हैं। इसमें से पुणे जिले को सबसे अधिक 1,400 करोड़ रुपये मिले हैं, जिनमें से 42 करोड़ रुपये ग्रामीण पुलिस बल के लिए स्वीकृत किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री पवार ने कहा कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ शहरों तथा ग्रामीण पुलिस के बीच समन्वय बनाकर साइबर अपराध, एंटी-ड्रोन गन, सीसीटीवी कैमरे, वाहन आदि के माध्यम से पुलिस की सुरक्षा क्षमता बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

**राज्य शासन कार्यालयों के आधुनिकीकरण पर बल**

उन्होंने बताया कि राज्य शासन के कार्यालयों के आधुनिकीकरण पर जोर दिया जा रहा है। नारायणगांव पुलिस स्टेशन की तीन एकड़ में से दस गुंठे क्षेत्र में नई इमारत का निर्माण किया गया है, जिससे शहर की गरिमा में वृद्धि हुई है। अब पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे नागरिकों के मन में सुरक्षा की भावना और मजबूत होगी।

**पुलिस कर्मचारियों के लिए बनेगा आवास परिसर:**

उपमुख्यमंत्री पवार ने घोषणा की कि नारायणगांव पुलिस स्टेशन परिसर में 10 अधिकारियों और 100 कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर का निर्माण किया जाएगा, जिससे उन्हें और उनके परिवारों को सुविधा मिलेगी।

**पुलिस अधीक्षक गिल्ल ने दी जानकारी**

पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल्ल ने बताया कि नारायणगांव पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कुल 19 गांव आते हैं और निमगांवसावा में एक दूरक्षेत्र है। यहां कुल 4 अधिकारी और 46 कर्मचारी कार्यरत हैं। पुरानी इमारत जीर्ण हो जाने के कारण नई इमारत का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया था, जिसे 18 अप्रैल 2023 को मंजूरी मिली और कुल 5 .06 करोड़ रुपये की लागत से 27 जनवरी को इसका निर्माण कार्य पूरा हुआ।

नई इमारत में सौर ऊर्जा प्रणाली, वर्षा जल संचयन, अलग पानी की टंकी, आधुनिक फर्नीचर समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां अभ्यागत कक्ष, बैठक कक्ष, विश्राम कक्ष, पुलिस लाइब्रेरी, कवायद मैदान, रनिंग ट्रैक, वॉलीबॉल मैदान, जनसेवा केंद्र, महिला सहायता केंद्र, निर्भया पथक, भरोसा सेल, वरिष्ठ नागरिक सहायता केंद्र आदि की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 100 दिवसीय कार्ययोजना में नारायणगांव पुलिस स्टेशन को पुणे विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है और इसे स्मार्ट A++ तथा ISO मान्यता भी प्राप्त हुई है। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य आशा बुचके, कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष अनिल मेहर, सहायक पुलिस निरीक्षक महादेव शेलार, कृषी उत्पन्न बाजार समिती के सभापति संजय काले और अन्य क्षेत्रीय मान्यवर उपस्थित थे।



# कोथरुड सहित पूरे पुणे में जलजमाव न हो, इसकी पक्की व्यवस्था करें : चंद्रकांत पाटील

**समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश**

महानगर नेटवर्क

पुणे



मानसून विभाग ने इस वर्ष 117 प्रतिशत बारिश की संभावना जताई है। इसी को ध्यान में रखते हुए कोथरुड विधानसभा क्षेत्र के पावसालपूर्व कामों की समीक्षा बैठक में महाराष्ट्र सरकार के मंत्री चंद्रकांतदादा पाटील ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारी बारिश के दिन कोथरुड सहित पुणे शहर में कहीं भी जलजमाव न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही, बारिश से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए कोथरुड क्षेत्र में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने का सुझाव भी उन्होंने दिया।

बैठक में पुणे महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्त पृथ्वीराज बी., आपदा प्रबंधन के उपायुक्त गणेश सोनुने, ओमप्रकाश दिवटे, दिनेश गोमारे, कर विभाग के अविनाश संकपाळ, आशा राऊत, भाजपा कोथरुड मध्य मंडल अध्यक्ष निलेश कोंढाळकर, दक्षिण मंडल अध्यक्ष कुलदीप सावळेकर, सभी पूर्व नगरसेवक एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। अतिरिक्त आयुक्त पृथ्वीराज बी. ने बताया कि पुणे शहर में कुल 201 मुख्य नाले हैं, जिनमें से 15 नाले कोथरुड क्षेत्र में हैं। इन नालों की 80% सफाई पूरी हो चुकी है और शेष कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। इस पर श्री पाटील ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नाले सफाई के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु 100 स्वयंसेवकों की नियुक्ति करने, साथ ही 24 घंटे के भीतर पावसालपूर्व कार्यों की महापालिका द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि क्षेत्रीय कार्यालयों के पास अधिकार न होने के कारण हर काम के लिए अधिकारियों को मुख्यालय जाना पड़ता है, जिससे नागरिक समस्याएं लंबित रहती हैं। इस पर चंद्रकांत पाटील ने इस समस्या को भी हल करने की अपेक्षा जताई। अतिरिक्त आयुक्त ने इस दिशा में क्षेत्रीय कार्यालयों को अधिकार देने और निधि उपलब्ध कराने की सहमति जताई। इसके अलावा, बारिश के दौरान दूषित जलापूर्ति की समस्या को गंभीर मानते हुए पाटील ने इसके लिए भी उचित योजना बनाने के निर्देश दिए।

## पर्यावरण कार्यकर्ता खरमाले दंपत्ति को ग्रीन सोल्यूशन्स द्वारा जीवनगौरव पुरस्कार

**पुणे।** प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत देश की अग्रणी संस्था ग्रीन सोल्यूशन्स के 13वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार, 23 मई को शाम 5:30 बजे रागा पैलेस, काळेवाडी, पुणे में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में लेखक और उद्यमी शरद तांदळे उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर सीओईपी विश्वविद्यालय के सहायक अधिष्ठाता डॉ. संदीप मेश्राम तथा शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर के पर्यावरण विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. प्रकाश राऊत विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

घने जंगल में कीचड़ से भरे रास्तों को पार कर महावितरण टीम ने रातभर में पूरी की बिजली मरम्मत

## भेड़ियों के हमले से बचें, वेल्हा समेत 41 गांवों की बिजली बहाल



**पुणे।** पुणे जिले के राजगड़ तालुका में कामथडी से पाबे तक लगभग 40 किलोमीटर लंबी 33 केवी पाबे विद्युत वाहिनी की तारें शुक्रवार (23 मई) रात करीब 11:30 बजे टूट गईं। इसके कारण वेल्हा, पाबे, वाजेघर सहित 41 गांवों और बस्तियों के लगभग 6 हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। तेज बारिश और जंगल की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद, महावितरण के अभियंता और कर्मचारियों ने जान जोखिम में डालते हुए रातभर काम किया। चिखल से भरे रास्तों पर चलते हुए, जंगली जानवरों से बचते हुए उन्होंने तार जोड़ने का कार्य मोबाइल और बैटरी की रोशनी में किया। परिणामस्वरूप शनिवार (24 मई) सुबह सभी गांवों की बिजली बहाल हो सकी।

**घटना का विवरण**

महावितरण के नसरापूर उपविभाग के अंतर्गत पाबे 33 केवी विद्युत वाहिनी से राजगड़ तालुका के पाबे उपकेंद्र को बिजली आपूर्ति की जाती है। इस उपकेंद्र से चार फीडरों के माध्यम से वेल्हा, पाबे, दापोडी, वाजेघर, पाल आदि 41 गांवों के घरेलू, व्यवसायिक और कृषि उपभोक्ताओं को बिजली मिलती है। शुक्रवार रात आए तेज तूफान और बारिश के कारण कामथडी के पास जंगल में चार विद्युत खंभों की तारे टूट गईं। स्थान दुर्गम और कीचड़ भरा होने के कारण वहां पहुँचना अत्यंत कठिन था। इसके बावजूद उपकार्यकारी अभियंता श्री नवनाथ घाटुळे और वेल्हा शाखा के कनिष्ठ अभियंता सचिन कुलकर्णी के नेतृत्व में 10 तकनीशियनों की टीम ने त्वरित मरम्मत कार्य का निर्णय लिया। समीर मुजावर, सूर्यकांत शिंदे, गणेश शिंदे, राहुल भुरूक, रवी कातुरडे, नीलेश शेंडकर, गणेश गायके, अमोल डांगे, चेतन चोरगे और अमोल रणभोरे इन सभी तकनीशियनों ने रात 12 :15 बजे काम शुरू किया। इस दौरान कोल्हों की मौजूदगी से खतरा था। प्रधान तकनीशियन समीर मुजावर पर दो कोल्हे हमला करने ही वाले थे कि टीम के अन्य सदस्यों ने शोर मचाकर और टॉर्च की रोशनी से उन्हें भगा दिया।

करीब 90% मरम्मत कार्य रात में पूरा हुआ और सुबह छोटी-मोटी मरम्मत कर पाबे उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति पुन: शुरू कर दी गई। सुबह 10 :15 बजे तक सभी गांवों में बिजली बहाल कर दी गई।

महावितरण पुणे परिमंडल के मुख्य अभियंता श्री सुनील काकडे ने इस कठिन परिस्थिति में तत्परता और साहस दिखाने वाली पूरी टीम की सराहना की है।

## ट्रक चालक से धमकाकर पुलिस कांस्टेबल द्वारा 10 हजार की वसूली, शिकायत के बाद निलंबित




**पुणे।** सिंहगढ़ रोड पुलिस थाने में कार्यरत एक पुलिस कांस्टेबल द्वारा ट्रक चालक को डराकर 10 हजार रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। इस गंभीर कृत्य के बाद संबंधित कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है और पुणे पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कांस्टेबल का नाम बापूराव पॉपट ढोले है। उन्होंने 15 अप्रैल की सुबह खेड शिवापुर सुरंग के पास तमिलनाडु नंबर (TN18 BL 2658) के ट्रक को रोका। ट्रक चालक राहुलकुमार शिवनाथ यादव को मोबाइल पर बात करते देख ढोले ने उसे चालान के नाम पर 15 हजार रुपये का डर दिखाया और अपने वाहन में बैठाकर कानूनी कार्रवाई की धमकी दी।

इसके बाद ढोले ने ट्रक चालक को कात्रज रोड पर स्थित एक गॉगल स्टॉल पर ले जाकर स्टॉल मालिक के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कराकर 10 हजार रुपये नकद वसूल लिए। इस घटना की शिकायत राहुलकुमार यादव ने पुलिस विभाग में की, जिसके बाद जांच शुरू हुई। जांच के दौरान ढोले ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए ट्रक चालक से माफी मांगी और वसूल की गई रकम वापस कर दी। हालांकि, मामला गंभीर होने के कारण पुलिस उपायुक्त संभाजी कदम ने ढोले के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। इस घटना ने पुलिस विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे दुव्यवहार की ओर एक बार फिर ध्यान आकर्षित किया है।

## आनंद गोयल शिवसेना के पुणे शहर संगठक नियुक्त

महानगर नेटवर्क

पुणे

शिवसेना ने पुणे शहर में अपने संगठन को और अधिक मजबूत करते हुए एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और कर्मठ शिवसैनिक आनंद गोयल को पुणे शहर संगठक के रूप में नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति दिनांक 24 मई 2025 को शिवसेना के पुणे शहर प्रमुख प्रमोद नाना भानगिरे द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के माध्यम से की गई है। इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि यह नियुक्ति मा. शिवसेना प्रमुख स्व. बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्ववादी विचारों और वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी के मार्गदर्शन के अनुसार की गई है। इस अवसर पर शिवसेना सचिव संजय जी मोरे , शहर प्रमुख नानासाहेब भानगिरे, उपशहर प्रमुख सुनील जाधव तथा कामगार नेता राजेंद्र शितोले उपस्थित थे।



**नियुक्ति 24 मई को शिवसेना के पुणे शहर प्रमुख प्रमोद नाना भानगिरे द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के माध्यम से की गई**

आनंद गोयल हाल ही में शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) छोड़कर शिवसेना में शामिल हुए थे। उनकी संगठनात्मक क्षमता, सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी और हिन्दुत्व के प्रति उनकी निष्ठा को ध्यान में रखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। प्रमोद नाना भानगिरे ने विश्वास व्यक्त किया है कि आनंद गोयल अपने कार्य और प्रचार-प्रसार से शिवसेना को पुणे शहर में नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे और समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

श्री गोयल को उनकी नियुक्ति पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से शुभकामनाएँ मिल रही हैं। वे पहले से ही पर्यावरण संरक्षण, धार्मिक सेवा, और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं, और अब यह उम्मीद की जा रही है कि वे शिवसेना को पुणे में और अधिक प्रभावी बनाएंगे।

### पैंटालून्स ने पुणे के एसजीएस मॉल में नया स्टोर खोला

## अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने किया उद्घाटन



**पुणे।** पैंटालून्स, भारत का प्रमुख फैशन रिटेल ब्रैंड, जो आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लि. का हिस्सा है, ने पुणे के एसजीएस मॉल में अपने नए स्टोर का उद्घाटन किया। इस स्टोर का उद्घाटन मशहूर अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर ने किया, जिन्होंने इस मौके को और खास बना दिया।

19,350 वर्ग फीट में फैला यह स्टोर आधुनिक डिज़ाइन वाला है, जिसमें सुंदर गलियारे, आकर्षक डिस्प्ले और ताज़गी भरा माहौल खरीदारी को और बेहतर बनाता है।

पुणे में पैंटालून्स का यह पहला स्टोर है, जिसे इतने शानदार तरीके से नया रूप दिया गया है। यह ब्रैंड की देशभर में चुनिंदा स्टोर्स को बेहतर बनाने की बड़ी योजना का हिस्सा है। इस नए स्टोर में खरीदार आसानी से फैशन की खोज कर सकते हैं और अपनी सभी फैशन जरूरतों को एक ही जगह पूरा कर सकते हैं। यहाँ लेटेस्ट ट्रेंड्स, एक्सेसरीज़, कलर कॉस्मेटिक्स और कई तरह के परफ्यूम्स का खास अनुभव भी मिलेगा।

इस अवसर पर पैंटालून्स और स्टाइल अप की चीफ एक्ज़ीक्यूटिव ऑफिसर सुश्री संगीता तनवानी ने कहा, "हम पुणे में अपने ग्राहकों के लिए शानदार खरीदारी का अनुभव लाने के लिए उत्साहित हैं। इस नए और भव्य स्टोर का उद्घाटन दिखाता है कि हम अपने ग्राहकों को बेहतर और स्टाइलिश फैशन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो उन्हें प्रेरित करे और आकर्षक लगे। पैंटालून्स की ओर से हम इस फैशन-प्रेमी शहर के लोगों के लिए स्टाइल का सबसे खास ठिकाना बनना चाहते हैं।"

## 200 पुलिसकर्मी पहुंचे एक साथ, 100 लोग हिरासत में

**पुणे।** शहर के खराड़ी इलाके में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर पर पुणे पुलिस की अपराध शाखा ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए छापा मारा। यह कार्रवाई पूरी तरह गोपनीय तरीके से की गई, जिसमें करीब 150 से 200 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। यह कॉल सेंटर खराड़ी-मुंढवा बायपास स्थित 'प्राइड आइकॉन' बिल्डिंग में संचालित हो रहा था। पुलिस को मिली गुप्त जानकारी के आधार पर एक विशेष टीम गठित कर यह कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने इलाके को घेरते हुए पूरे परिसर को सील कर दिया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस कॉल सेंटर के जरिए विदेशी नागरिकों को निशाना बनाकर आर्थिक धोखाधड़ी की जा रही थी। यहां कई युवक-युवतियां कार्यरत थे, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ शुरू हो चुकी है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस कॉल सेंटर के माध्यम से किन-किन तरीकों से फर्जीवाड़ा किया जा रहा था। आने वाले समय में इस मामले में और चौंकाने वाली जानकारियां सामने आने की संभावना है।

## भीमनगर वासियों का मंत्री चंद्रकांत पाटील के कार्यालय पर 'विराट मोर्चा'

**पुणे।** एरंडवणे स्थित शिला विहार कॉलोनी की भीमनगर बस्ती के पुनर्वसन के दौरान बिल्डर द्वारा की गई कथित धोखाधड़ी के विरोध में स्थानीय निवासियों ने न्याय की मांग को लेकर राज्य के उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री एवं विधायक चंद्रकांत पाटील के कार्यालय पर जोरदार 'बिरहाड़ मोर्चा' निकाला। यह मोर्चा रिपब्लिकन युवा मोर्चा के राहुल डंबाळे के नेतृत्व में निकाला गया। इस आंदोलन में देविदास ओव्हाळ, जावेद शेख, हरी बागडे, सुनील डमरे, दादू गायकवाड, सुदाम शिंदे, उमा साठे, स्नेहल गायकवाड, रेश्मा पल्ला, रईसा शेख, निशिकांत पोळ, प्रतीक डंबाळे, प्रभू सुनगर, सिकंदर मुलाणी सहित कई स्थानीय निवासी शामिल हुए। भीमनगर के 216 परिवारों के पुनर्वसन के लिए भक्ति एंटरप्राइजेस द्वारा स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी (SRA) के माध्यम से एक फर्जी प्रस्ताव दाखिल किया गया है। इस मामले में बिल्डर समेत कुल 20 लोगों के खिलाफ कोथरुड पुलिस थाने में धोखाधड़ी और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है। आरोप है कि इस योजना में मूल स्थानीय निवासियों की जगह बाहरी फर्जी लाभार्थियों को दिखाकर योजना की मंजूरी लेने का गंभीर प्रयास किया गया है।




## पुणे जिलाधिकारी जितेंद्र डुडी से समाज प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

**विविध मुद्दों पर हुई चर्चा**

महानगर नेटवर्क

पुणे

आज पुणे जिल्हाधिकारी जितेंद्र डुडी से समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की और समाज से जुड़े विविध मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मैन्युअल स्केवेंजर कमिटी शासकीय पुणे के सदस्य नरेश जाधव और चंद्रकांत चव्हाण, महानगरपालिका समन्वय समिती शासकीय पुणे के सदस्य महेंद्र लालबिगे, सुरदास चव्हाण, दशरथ रामानंदी, दिनेश सोलंकी, नरेन चव्हाण तथा शातनू जाधव उपस्थित थे। प्रतिनिधियों ने समाज की समस्याएं, योजनाओं की अमलबजावनी और प्रशासनिक सहयोग को लेकर अपने विचार जिल्हाधिकारी के समक्ष रखे। जिल्हाधिकारी ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।



## कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध : उपमुख्यमंत्री अजित पवार

**पुणे।** उपमुख्यमंत्री एवं पुणे जिले के पालकमंत्री अजित पवार ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसानों को तकनीकी सहायता, आर्थिक सहयोग, सिंचाई की सुविधा और कृषि उत्पादों के लिए उपयुक्त बाजार मिलना चाहिए, इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। वे जुन्नर तालुका के बोरी बु. गांव में नवीन कृषि नीति के अंतर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के भूमिपूजन एवं 'क' पत्रक वितरण समारोह के अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान म्हाडा पुणे मंडल के सभापति शिवाजीराव आढलराव पाटिल, विधायक दिलीप वळसे पाटील, पूर्व विधायक अतुल बेनके, जिलाधिकारी जितेंद्र डुडी, महावितरण के क्षेत्रीय संचालक भुजंग खंदारे सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।



**नया विद्युत उपकेंद्र, किसानों को राहत**

अजित पवार ने कहा कि बोरी बु. को पूर्व में शिरोली उपकेंद्र से बिजली आपूर्ति होती थी, लेकिन उपकेंद्र के अधिक भारित होने के कारण गांवों में बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होती थी। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए कृषि नीति 2020 के तहत 9 .86 करोड़ रुपये की लागत से नया उपकेंद्र स्वीकृत किया गया है।

इस उपकेंद्र से कोरडे मळा, माळवाडी, साईनगर, शिंदे मळा, बोरी खुर्द, वसई मळा सहित आसपास के गांवों को नियमित और स्थिर बिजली आपूर्ति संभव होगी। उपकेंद्र से 11 केवी की छह विद्युत लाइनें संचालित की जाएंगी। श्री पवार ने कहा कि इस कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और काम समय पर एवं गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाएगा। बोरी बु. में नवीन तकनीक से पारदर्शिता के साथ भूमि मापन कार्य पूर्ण कर 'क' पत्रक वितरित किए जा रहे हैं। इससे किसानों के भूमि अधिकार सुनिश्चित होंगे, सरकारी योजनाओं का लाभ, गांव के विवादों का समाधान, शैक्षणिक दस्तावेज़ और बैंकिंग लेनदेन में आसानी होगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि यदि किसी को शंका हो तो वे प्रशासन से संपर्क करें।



इन दिनों शहर में लगातार हो रही तेज बारिश के चलते नागरिकों में बारिश से बचाव के लिए छतरी, रेनकोट और जैकेट खरीदने की होड़ मची हुई है। इसी कारण कई दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ देखी जा रही है और छतरियों की मांग में काफी इजाफा हुआ है। इसी पृष्ठभूमि में, पारंपरिक छतरी मरम्मत करने वाले कारीगर भी अपने काम में व्यस्त नजर आ रहे हैं। लोग पुरानी छतरियों को दोबारा उपयोग में लाने के लिए बड़ी संख्या में इन्हीं कारीगरों के पास मरम्मत करवाने पहुंच रहे हैं। इस दृश्य में नागरिकों का बारिश से सुरक्षा के लिए किया जा रहा प्रयास और स्थानीय कारीगरों का योगदान स्पष्ट रूप से दिखाई देता है.-( : सुशील राठौड़)

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड ऑफिस नं. 12, अ और ब, सी.टी.एस. नं. 40/1, बी 2, संगम प्रोजेक्ट फेस 1, डॉ आंबेडकर रोड, आर.टी.ओ के पास पुणे-411001, से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित. ● फोन नंबरः 020-26059198 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# यूपी के मदरसों में अब बिना आधार के प्रवेश नहीं

महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश के दीनों मदरसों में अब बिना आधार के प्रवेश नहीं मिलेगा। दाखिले के समय बच्चों संग अभिभावकों का आधार कार्ड भी लगेगा। अभिभावकों से शपथ पत्र भी लिया जाएगा जिसमें लिखा होगा कि अपनी मर्जी से बच्चे का प्रवेश मदरसे में करा रहे हैं। जमीअत उलमा ए हिंद की ओर से इसे अनिवार्य किया गया है। जमीअत उलमा के सेंट्रल जोन की दो दिवसीय बैठक में दीनी मदरसों में सुधार पर चर्चा की गई। मदरसों की तालीमी निजाम (शिक्षा की व्यवस्था), आंतरिक व्यवस्था और प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव पर भी मंथन किया गया। इसमें जमीअत उलमा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने भी शिरकत की थी। प्रांतीय

**बच्चों संग अभिभावकों का कार्ड भी लगेगा**



उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक अब्दुल्ला कासिमी के मुताबिक अब मदरसों की पारदर्शिता बढ़ाई जाएगी। हर तरह के दस्तावेज और कागजात दुरुस्त करने पर भी जोर रहेगा। दीनी मदरसा संचालकों से साफ तौर पर कहा गया है कि वे जब बच्चों का प्रवेश लें तो बच्चों और अभिभावकों का आधार कार्ड जरूर मांगें। कासिमी ने बताया कि यदि प्रवेश लेने वाले बाहरी राज्यों या जिलों के छात्र हैं तो मदरसा संचालक आधार के अलावा उनका भी पूरा सत्यापन करें। इसके अतिरिक्त अभिभावक से इस आशय का शपथ पत्र भी ले लें कि वे अपने बच्चे का मदरसे में प्रवेश अपनी मर्जी से करा रहे हैं। इसमें किसी तरह का दबाव नहीं है। मदरसों के आंतरिक सुधार के लिए यह भी कहा गया कि इनका संचालन सोसाइटी रजिस्टर्ड कराकर करें। आरटीई में दीनी मदरसे नहीं आते हैं इसलिए यदि कोई मान्यता का सवाल उठाता है तो उसे शिक्षा का अधिकार एक्ट का हवाला दें, सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति भी अपने पास रखें। मदरसा संचालकों को एक किट भी दी गई जिसमें आरटीई एक्ट, सुप्रीम कोर्ट के आदेश और अन्य जानकारियां शामिल थीं।

# कितनी भी कोशिश कर लें शिखर नहीं मिलेगा

**केशव मौर्य के लठैतवाद वाले पोस्ट पर अखिलेश का तंज**



**लखनऊ।** यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) की आलोचना करते हुए उसे लठैतवाद का पर्याय बताया। इस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मौर्य पर तंज कसते हुए पलटवार किया। उन्होंने कहा, कितनी भी कोशिश कर लें आपको शिखर नहीं मिलेगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा के कथित अंदरूनी कलह की ओर इशारा करते हुए 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, एक तो प्रधान बनाम मुख्य की प्रतिस्पर्धा है, दूसरी मुख्य बनाम उप की और तीसरी उप बनाम उप की। ये सब एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में भड़काऊ बयान दे रहे हैं। अखिलेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्रियों पर अप्रत्यक्ष रूप से यह कटाक्ष किया। यादव ने मौर्य द्वारा भाजपा को प्रखर राष्ट्रवाद कहे जाने पर तंज कसते हुए कहा, जिनको आप कह रहे हैं 'प्रखर', उन्हीं की वजह से आप रहे हैं 'बिखर', कितनी भी कोशिश कर लें आपको नहीं मिलेगा 'शिखर'।

**सरकार ने जारी किया आदेश**

# यूपी में खत्म हो जाएंगे जिलेदार, सींचपाल-नलकूप चालक जैसे कई पद

महानगर संवाददाता
मेरठ

यूपी में सिंचाई विभाग में नौकरी ढूंढ रहे अभ्यर्थियों को बड़ा झटका लगने वाला है। यूपी सरकार इस विभाग के जिलेदार, सींचपाल, नलकूप चालक, पेंटर, टरबाइन मिस्त्री, बढ़ई, फिटर जैसे कई पदों को खत्म करने जा रही है। ऐसे पदों को समाप्त करने के लिए शासन की ओर से आदेश भी जारी कर दिया गया है। अब वित्त विभाग की सहमति मिलते ही सिंचाई विभाग इन पदों को समाप्त कर देगा। शासन के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने आदेश जारी कर कहा है कि वेतन समिति की ओर से मुख्य सचिव को दी रिपोर्ट में कहा गया है कि सिंचाई विभाग में जिलेदार, सींचपाल, नलकूप चालक, टरबाइन मिस्त्री, बढ़ई, फिटर, पेंटर आदि पद जो रिक्त हैं, उन्हें समाप्त घोषित किया जाए। जो कार्यरत हैं उनकी सेवानिवृत्ति के



बाद पद समाप्त किए जाएं। इसी तरह टेलीफोन ऑपरेटर, वेट क्लर्क, टिण्डैल, नायब टिण्डैल, रनर आदि पदों को भी मृत संवर्ग घोषित करने को कहा है। सिंचाई विभाग में राजस्व संवर्ग में उप राजस्व अधिकारी और जिलेदार के रिक्त पद भी समाप्त करने को कहा है। नलकूप चालक और सींचपाल पदों पर कहा कि इस संवर्ग को मृत संवर्ग घोषित किया जाए। अपर मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर कहा है कि वित्त विभाग की सहमति से आदेश जारी कर दिया जाए। इसके बाद से मेरठ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में कर्मचारियों ने आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। चार जून को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन होगा। 20 जून को लखनऊ में प्रदर्शन करेंगे। सिंचाई विभाग की डिस्पेंसरी को चिकित्सा विभाग में और प्राइमरी स्कूलों को बेसिक शिक्षा विभाग में ट्रांसफर करने को कहा गया है। कहा गया है कि यदि चिकित्सा विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग में ट्रांसफर में कोई दिक्कत हो तो वहां के पदों को मृत संवर्ग घोषित किया जाए।

संयुक्त मोर्चा सिंचाई विभाग जिलामंत्री विकास कुमार त्यागी ने बताया, शासन की ओर से आदेश जारी कर सिंचाई विभाग के कई पदों को समाप्त किया जा रहा है। इसे लेकर सिंचाई विभाग संयुक्त मोर्चा का गठन हुआ है।

# भाई के खून से सनी चारपाई को 10 साल से राखी बांध रहीं 4 बहनें

**हर सावन की पूर्णिमा रोता है गांव**



महानगर संवाददाता
फतेहपुर

जिस चारपाई पर भाई की हत्या हुई, उसका खून गिरा, चारों बहनें उसे ही अपना भाई मानने लगीं। 10 साल बीत गए, भाई का खून इस चारपाई में कब का जज्ब हो चुका है।रोबचारपाई को राखी बांधती बहनों और उनकी आंखों से झर-झर बहते आंसू देख गांववालों की आंखे भी नम हो जाती हैं। यूपी के फतेहपुर के बकेवर कोतवाली क्षेत्र के सदान बदान का यह पुरवा गांव है। यहां रहने वाले राघवेंद्र यादव की हत्या को 10 साल हो चुके हैं। गुरुवार को ही उसके हत्यारे को उम्रकैद सुनाई गई। उसने जिस चारपाई पर राघवेंद्र को मौत के घाट उतारा था, उस पर लगे खून के धब्बे काले हो चुके हैं। माता-पिता बेटियों से कहते हैं.. अब इस चारपाई को भूल जाओ लेकिन बहनें मानने को तैयार नहीं हैं। चारपाई को बरामदे में सुरक्षित रखा है। किसान पिता राजेन्द्र सिंह बताते हैं कि उनकी चार बेटियां निशा, रिषा, नीता, नीतू और दो बेटे राघवेंद्र और शुभम थे। घर के बाहर चारपाई पर सो रहे राघवेंद्र की 21 जून 2015 की रात करीब 11 बजे हत्या कर दी गई थी। राघवेंद्र अपनी चारों बहनों का दुलारा था। उसकी हत्या के बाद चारों टूट गईं।

# सऊदी अरब से लौटे 6 युवक दिल्ली-लखनऊ हाईवे से किडनैप

## बदमाशों का हाफ एनकाउंटर कर पुलिस ने बचाई जान

महानगर संवाददाता
मुरादाबाद

यूपी के मुरादाबाद में दिल्ली-लखनऊ हाईवे बाईपास पर पुराना टोल प्लाजा के पास शुक्रवार दोपहर दो कारों में सवार बदमाशों ने खुद को पुलिस और जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर दिल्ली से रामपुर जा रही कार को रोक लिया। कार में टांडा के छह युवक सवार थे, जो सऊदी से लौट रहे थे। आरोपियों ने सोना और संपत्ति के लिए तमंचे के बल पर बंधक बनाकर उनका अपहरण कर लिया और अपनी कार में डाल कर मूंढापांडे के रौंडाझौड़ा स्थित एक फार्म हाउस में ले गए। आरोपियों के चंगुल से छूट कर एक शख्स ने ग्रामीणों और पुलिस को जानकारी दे दी। जब पुलिस और ग्रामीणों ने घेरा तो बदमाश बंधकों को छोड़कर मौके से फरार हो गए। बाद में बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस ने देर शाम मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों तौफीक और राजा को पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के दो साथी फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है। रामपुर जिले के टांडा थाना क्षेत्र के रहने वाले नावेद, शाने आलम, तुतव्वली, जाहिद और जुल्फेकार सऊदी अरब में काम करते हैं। शुक्रवार को पांचों लंबे समय बाद घर लौट रहे थे। उधर रामपुर के टांडा का ही कार चालक जुल्फेकार एक परिवार को छोड़ने दिल्ली एयरपोर्ट गया था। छोड़ने के बाद वह पांचों लोगों को लेकर टांडा लौट रहा था। शुक्रवार दोपहर करीब चार बजे दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मैनाठेर और मूंढापांडे थाना के सीमा के पास स्थित पुराने टोल के पास पीछे से आई बोलेरो और स्विफ्ट कार सवार चार लोगों ने ओवर टेक करके युवकों की अर्टिगा कार रोक ली। आरोपियों ने एक ने पुलिस की कैप पहन रखी थी। खुद को पुलिस और जांच एजेंसी का



अधिकारी बताते हुए चेकिंग के लिए सभी को कार से नीचे उतरने को कहा। इसी बीच तमंचा निकाल कर बदमाशों ने अर्टिगा चालक और सऊदी से लौटे पांचों युवकों को बंधक बना लिया। अर्टिगा वहीं छोड़कर चारों बदमाशों सभी छह लोगों को अपनी गाड़ी में डाल कर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में जंगल के रास्ते रौंडाझौड़ा चौकी क्षेत्र के गांव भायपुर स्थित एक फार्महाउस के पास ले गए। बदमाशों को शक था कि सऊदी अरब से लौटे युवकों ने अपने शरीर में सोना छिपा रखा है। बदमाश युवकों का पेट चीरने की तैयारी करने लगी। उसी दौरान एक युवक किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूट कर भागा और शोर मचाते हुए ग्रमीणों को एकत्रित कर लिया। बाद में सूचना पाकर एसएचओ कटघर राजीव कुमार शर्मा भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस और ग्रामीणों ने घेराबंदी की तो बदमाश अपनी गाड़ी में ही बंधकों को छोड़कर भाग निकले। बदमाशों के भागने के बाद पुलिस और एसओजी की टीम ने जंगलों में कॉम्बिंग शुरू कर दी। देर शाम करीब सात बजे गांव भायपुर के पास ही पुलिस ने जब दो बदमाशों को घेरा तो उन्होंने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस के जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और दोनों वहीं गिर गए।

# बारात में डांस के दौरान हुआ विवाद

**मौसा के घर आए वकील की डंडा मारकर हत्या, चार गिरफ्तार**

**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर जिले में तेजीबजार थाना क्षेत्र के पिपरी गांव में शुक्रवार की रात आई बारात में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में अपने मौसा के यहां रिश्तेदारी में आए युवा अधिवक्ता की मौत हो गई। पुलिस ने नामजद चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। जिले में तेजीबाजार थाना क्षेत्र के हैदरपुर गांव निवासी 30 वर्षीय युवा अधिवक्ता रणजीत विश्वकर्मा शुक्रवार को अपने मौसा की लड़की की शादी में अपने साथियों के साथ आया था, रात में जब बाराती डांस कर रहे थे, तभी एक बाराती का मोबाइल चोरी हो गया। यह बात जब घरातियों को पता चली तो एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप करने लगे। इसी बात को लेकर घरातियों में ही आपस में मारपीट हो गई। इसी बीच किसी ने एक डण्डा अधिवक्ता रणजीत के सिर पर मार दिया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा, आनन फानन में परिजन सदर अस्पताल ले गये जहा डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर कुछ देर में मौके पर पहुंची तेजीबजार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिवक्ता रणजीत विश्वकर्मा की इसी महीने की 11 में को शादी हुई थी, शादी के 12 दिन बाद ही शादी समारोह के दौरान हुए विवाद में उसकी मौत हो गई।

# इनवेस्टमेंट के नाम पर गर्लफ्रेंड ने युवक से वसूले साढ़े 12 लाख

महानगर संवाददाता
मेरठ

साइबर अपराधी तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे है। नया मामला मेरठ से सामने आया है। जहां एक महिला साइबर ठग ने एक युवक को हनीट्रैप में फंसाकर पहले सोशल मीडिया पर दोस्ती की और फिर 12.28 लाख रुपये ठग लिए। उसे सीबीआई और ईडी का भी डर दिखाया। काफी परेशान होने के बाद पीड़ित ने शिकायत की, जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। चौधरी नामक एक फेसबुक एकाउंट से मैसेज आया। इसके बाद दोनों में दोस्ती होती गई। बातचीत के दौरान एक दिन महिला ने राजीव को

**फिर मुकदमें में फंसाने की दी धमकी**



फिनाल्टो ग्लोबल नामक एप्लीकेशन के बारे में बताया और इन्वेस्टमेंट के लिए राजी कर लिया। उसने राजीव का खाता खुलवा बड़े मुनाफे का भरोसा दिलाया। इसके बाद राजीव रुपया इंवेस्ट करने लगे। 11 अप्रैल से 28 अप्रैल के बीच करीब 12,28,500 रुपये इनवेस्ट करने के बाद जब राजीव को लाभ होना शुरु हो गया तो उन्होंने विड्राल का मन बनाया। आवेदन करते ही रजिस्टर्ड ई मेल पर कंपनी का मैसेज आया कि अगर रकम निकालनी है तो 25 लाख रुपये टैक्स भरना होगा। महिला से संपर्क किया तो उसने भी ई मेल को सही बताया और रकम जमा करने की सलाह दी। विरोध पर महिला ने इन्कम टैक्स और ईडी के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने साइबर थाने शिकायत की। एसपी क्राइम अवनीश कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। साइबर की टीम जांच कर रही है। उधर, सहारनपुर में साइबर अपराधियों ने कनाड़ा में रहने वाले अधिवक्ता के बेटे की आवाज निकालकर कॉल की और झांसे में लेकर खाते 1.49 लाख रुपये उड़ा लिए। ठगों ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए एआई तकनीक का इस्तेमाल किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पत्नी मायके गई तो बेटी को बनाया हवस का शिकार

महानगर संवाददाता
संभल

यूपी के संभल में एक बाप की शर्मनाक करतूत सामने आई है। उसकी पत्नी मायके गई तो घर में अपनी बेटी को ही हवस का शिकार बना दिया। संभल के हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले इस कलयुगी पिता की पीड़ित बेटी इंटर की छात्रा है। आरोपी पिता ने बेटी को घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। इसके बाद भी पीड़िता ने हिम्मत दिखाई। उसने मां को फोन कर घटना के बारे में

**संभल में बाप की शर्मनाक करतूत**



बताया। मां पीड़ित बेटी को लेकर थाने पहुंची और आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती इंटर की छात्रा है। गुरुवार सुबह छात्रा घर पर अकेली थी जबकि मां मायके गई थी। भाई स्कूल गया था। दिन में करीब 11 बजे बेटी को पिता ने कमरे में बुलाया और बुरी नीयत से दबोच लिया। पिता ने बेटी के साथ दुष्कर्म किया, पीड़िता पिता-पुत्री के संबंधों का हवाला देती रही लेकिन पिता ने नहीं सुनीं। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी ने बेटी को घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी सहमी पीड़िता ने फोन कर मां को जानकारी दी। महिला घर पहुंची और बेटी को लेकर थाने पहुंची।

# बच्चों को क्लास में मोबाइल पर पॉर्न दिखाने वाले टीचर को अदालत ने सुनाई 3 साल की सजा

महानगर संवाददाता
प्रतापगढ़

यूपी के प्रतापगढ़ जिले की एक कोचिंग में पढ़ाने की जगह बच्चों को पॉर्न वीडियो दिखाने वाले शिक्षक को कोर्ट ने तीन साल की जेल की सजा सुनाई है। साथ ही आठ हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। जिले के जेठवारा के डेरवा बाजार स्थित कोचिंग में 12 मार्च 2016 को बच्चे पढ़ने गए थे। बच्चों ने घर पहुंचकर बताया कि कोचिंग के शिक्षक ने क्लासरूम में मोबइल पर पॉर्न वीडियो दिखाया। बच्चों ने यह भी बताया कि आरोपित क्लास में उनके साथ अश्लील हरकत करता है। मामले में बच्चों के अभिभावक की ओर से कोचिंग के शिक्षक डेरवा



सबलगढ़ निवासी वहीद अहमद के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। मामले की सुनवाई करते हुए अपर जनपद न्यायाधीश/ पॉक्सो एक्ट की विशेष न्यायाधीश पारुल वर्मा ने नाबालिग बच्चों को मोबाइल पर पॉर्न वीडियो दिखाने के आरोप में आरोपित वहीद अहमद पर दोषसिद्ध पाया। उसे तीन वर्ष के जेल की सजा सुनाई और आठ हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। इसमें चार हजार रुपये पीड़ित को मानसिक आघात की पूर्ति के लिए दिए जाने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा, शिक्षक का कर्तव्य है कि वह बच्चों को उनकी समझ के अनुसार पढ़ाते हुए धैर्य, स्नेह से मार्गदर्शन देते हुए अच्छा व्यवहार सिखाए। ऐसा न करने से बच्चों का न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक विकास भी प्रभावित हुआ है। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेशचंद्र त्रिपाठी ने की। वहीं एक अन्य मामले में पॉक्सो अधिनियम विशेष अदालत की न्यायाधीश पारुल वर्मा ने कथित पीड़िता के बयान बदलने के बाद दुष्कर्म के दो आरोपितों को बरी कर दिया।

# बाल पकड़कर घसीटा ताबड़तोड़ बरसाए थप्पड़

**गर्लफ्रेंड के साथ पकड़े जाने पर पति ने बीवी को सरेराह पीटा**

महानगर संवाददाता
झांसी

यूपी के झांसी से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शख्स की बीवी ने उसे और उसकी प्रेमिका को रंगे हाथों पकड़ लिया। जब उसने इसका विरोध किया तो युवक ने बीच सड़क बुरी तरह पीट दिया। फिर बाल पकड़कर घसीट दिया। इसके बाद ताबड़तोड़ 16 थप्पड़ पीट दिये। इसमें उसकी गर्लफ्रेंड ने भी साथ दिया। वहीं, इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये मामला नवाबाद थाना क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज के पास का है। जानकारी के मुताबिक एक महिला ने साल 2022 में शिवाजी नगर के रहने वाले शिवम के साथ लव मैरिज हुई थी। हालांकि शादी के कुछ महीने ही बाद दोनों के बीच अनबन होने लगी। महिला ने बताया कि वह मेडिकल स्टोर पर दवा लेने जा रही थी। तभी रास्ते में उसने अपने पति को किसी और लड़की के साथ देखा, जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों ने मिलकर उसे बुरी तरह पीट दिया। फिर बाल पकड़कर सड़क पर घसीट। वहीं, मौके पर मौजूद राहगीर बचाने की बजाय तमाशा देखते रहे। किसी ने इस घटना का वीडियो देख सोशल मीडिया पर डाल दिया।

# बेटी की हल्दी की रस्म में ग्राम प्रधान ने की हर्ष फायरिंग

महानगर संवाददाता
सुलतानपुर

उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में बेटी की हल्दी की रस्म के दौरान हर्ष फायरिंग करना ग्राम प्रधान को भारी पड़ गया है। बेटी की हल्दी के दौरान प्रधान पिता ने महिलाओं के बीच डांस करते हुए लाइसेंसी रिवाल्वर से ताबड़तोड़ तीन गोलियां दागीं। अति उत्साह में घर से ही वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की है। मामला शिवगढ़ थानाक्षेत्र के बजेठी गांव का है।

**ताबड़तोड़ 3 गोलियां दागीं, FIR**



शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बजेठी ग्राम पंचायत के प्रधान एवं समाजवादी पार्टी के किसान मजदूर प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार यादव के पुत्री का शुक्रवार को विवाह था। गुरुवार को हल्दी की रस्म पूरी की गई। समारोह के दौरान महिलाएं मंगल गीत गा रही थी। डीजे की धुन पर डांस हो रहा था। बेटी की शादी की खुशी में ग्राम प्रधान प्रेम कुमार यादव लाइसेंसी रिवाल्वर हाथ में लेकर महिलाओं के साथ डांस करने लगे। महिलाओं के साथ डांस करते-करते अति उत्साह में उन्होंने ताबड़तोड़ तीन फायर किए। वहीं से किसी ने ग्राम प्रधान द्वारा की गई हर्ष फायरिंग का वीडियो बना लिया। इसका वीडियो बनाने के इसे वायरल कर दिया। कुछ ही देर वीडियो वायरल होने लगी।

# अलीगढ़ में गोवंश मांस को लेकर बवाल

**गुस्साई भीड़ ने तोड़फोड़ कर गाड़ी फूंकी, हाईवे जाम**



महानगर संवाददाता
अलीगढ़

यूपी के अलीगढ़ में हरदुआगंज थाना क्षेत्र के गांव अलहदादपुर स्टेडियम के सामने शनिवार सुबह गोवंश मांस को लेकर बवाल हो गया। मैक्स में गोवंश के अवशेष लेकर जा रही मैक्स गाड़ी को लोगों ने पकड़ लिया। गुस्साई भीड़ ने तोड़फोड़ करते हुए गाड़ी में आग लगा दी। वहीं, उसमें सवार चालक समेत चार लोगों को बेरहमी से पीटते हुए अधमरा कर दिया। पुलिस ने भीड़ से बचाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद लोगों ने दिल्ली-कानपुर हाईवे पर जाम भी लगाया। एसपी देहात कई थानों के फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, तब जाकर बवाल को शांत कराया जा सका। फिलहाल मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

ग्रामीणों के अनुसार, शनिवार सुबह गोवंश मांस बेचने के लिए कुछ लोग मैक्स में भरकर ले जा रहे थे। इसकी सूचना पर अखिल भारतीय हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने पीछा शुरू कर दिया। अलहदादपुर स्टेडियम के सामने गाड़ी को रोक लिया। इसमें गोवंश के अवशेष देखकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने बवाल शुरू कर दिया। तोड़फोड़ के दौरान लोगों ने गाड़ी फूंक दी।

# अवैध संबंध के शक पर पति ने खेला खूनी खेल

**भांजे और दोस्त के साथ की थी पत्नी मुस्कान की हत्या**

महानगर संवाददाता
लखनऊ

लखनऊ में मुस्कान हत्याकांड में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। उसके पति को अवैध संबंध का शक था। संबंध दूसरे व्यक्ति से होने के संदेह में अक्सर झगड़ा होता था। वहीं महिला बच्चे के लिए पति पर दबाव बना रही थी। पहले से शादीशुदा टेलर दूसरी पत्नी से बच्चा नहीं चाहता था। इसलिए पति ने खूनी खेल खेला। मुस्कान से छुटकारा पाने के लिए पति ने हत्या की साजिश रची। पति ने भांजे और उसके दोस्त के साथ पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के लिए टेलर ने भांजे और उसके दोस्त को एक लाख रुपये देने का लालच दिया था। पुलिस ने पति और भांजे समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

एडीसीपी अमित कुमार के मुताबिक मंगलवार रात राजाखेड़ा में मुस्कान बानो का शव मिला था। छानबीन करने पर महिला के टेलर पति आसिफ ने



लूट का विरोध करने पर हत्या किए जाने की कहानी पुलिस को बताई। इसके बाद कई बार बयान बदले। संदेह के आधार पर आसिफ को हिरासत में लेकर पूछताछ किए जाने पर मुस्कान बानो की हत्या किए जाने का पता चला। एडीसीपी के मुताबिक मुस्कान बानो ने टेलर आसिफ से डेढ़ साल पहले शादी की थी। मुस्कान के पहले पति से एक बेटी थी। वहीं, आसिफ के भी बच्चे हैं। पर, मुस्कान दूसरे पति आसिफ पर बच्चे के लिए दबाव बना रही थी। आसिफ को पत्नी के अवैध संबंध दूसरे व्यक्ति से होने का संदेह हुआ। जिसे लेकर अक्सर विवाद होता था। मुस्कान से छुटकारा पाने के लिए आसिफ ने भांजे आफताब उर्फ मन्ना और उसके नाबालिग दोस्त को भी साजिश में शामिल किया। हत्या करने के बदले एक लाख रुपये देने की बात तय हुई थी।

**दवा दिलाने के बहाने से ले गया था**

योजना के मुताबिक मंगलवार को आसिफ गर्भवती पत्नी मुस्कान बानो को दवा दिलाने के बहाने से उन्नाव ले गया। उसके पीछे आफताब और उसका दोस्त भी उन्नाव नवाबगंज पहुंचे। आफताब ने बाजार से एक चाकू खरीदा था। देर रात उन्नाव से मोहनलालगंज के रास्ते सभी लोग वापस आ रहे थे। उदवतखेड़ा के पास सुनसान जगह देख आसिफ ने भांजे और उसके दोस्त की मदद से पत्नी मुस्कान की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को बाइक पर लादकर राजाखेड़ा के पास पहुंचा।

# यूपी में सुबह-सुबह एनकाउंटर

**गोली लगने के बाद तस्कर साहब अंसारी गिरफ्तार; छोड़कर भागे साथी**

महानगर संवाददाता
गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में सुबह-सुबह एनकाउंटर हुआ है। गोली लगने के बाद पुलिस पशु तस्कर साहब अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। साहब के साथी मौका मिलते ही उसे छोड़कर फरार हो गए। जबकि पैर में गोली लगने के चलते साहब अंसारी लड़खड़ाकर जमीन पर गिर गया था। साहब के गिरते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक तमंचा .315 बोर, एक खोखा, एक कारतूस और घटना में इस्तेमाल पिकअप बरामद की है। एनकाउंटर गोरखपुर के शाहपुर इलाके में हुआ। शुक्रवार की आधी रात को पुलिस को गश्त के दौरान एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। पिकअप को देखते ही पुलिस को शक हुआ। पुलिस टीम ने चेकिंग करने के इरादे से हाथ देकर पिकअप को रोका। पुलिस के सामने आ जाने पर ड्राइवर ने पिकअप को रोका लेकिन गाड़ी रुकते ही उस पर सवार लोग उतरकर भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। भाग रहे लोगों ने पीछे पड़े पुलिसवालों पर फायरिंग शुरू कर दी। वे पुलिसवालों को लक्ष्य करके जान से मारने की नीयत से गोलियां चला रहे थे। तब पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायिरंग की।

# CM रेखा गुप्ता के एक्शन से रेस्टोरेंट मालिकों में हड़कंप

## एक गलती और छिन जाएगा लाइसेंस

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

दिल्ली के कई ऐसे रेस्टोरेंट्स सामने आए हैं, जहां लोगों को शराब तो सर्व की जा रही हैं, लेकिन उनके पास लिकर लाइसेंस ही नहीं है। इसी वजह से दिल्ली सरकार के एक्साइस डिपार्टमेंट ने कई रेस्टोरेंट्स की सरप्राइज चेकिंग की थी, उसमें पाया गया कि बिना लिकर लाइसेंस के कई आउटलेट शराब सर्व कर रहे हैं। इससे दिल्ली सरकार को राजस्व का तो भारी नुकसान हो ही रहा है, इसके साथ-साथ नियम भी टूट रहे हैं। अब जानकारी के लिए बता दें कि पिछले महीने ही एक्साइस डिपार्टमेंट ने 40 जगहों पर रेड मारी थी, उस रेड में पाया गया था कि 24 रेस्टोरेंट ऐसे रहे जिन्होंने धड़ल्ले से शराब परोसी, लेकिन एक बार भी लिकर लाइसेंस लेने की जहमत नहीं दिखाई। अब इन्हीं रेस्टोरेंट्स के खिलाफ एक्शन की तैयारी है, FIR दर्ज हो चुकी है और मांग की गई है कि इनके लाइसेंस रद्द किए जाए।



वैसे कुछ समय पहले सीएम रेखा गुप्ता ने भी इस मामले में सख्त तेवर दिखाए थे। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अवैध शराब तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगेगी और राजस्व वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी। राजस्व की कोई भी हानि नहीं होने दी जाएगी।

### CAG रिपोर्ट में क्या खुलासा?

जानकारी के लिए बता दें कि बीजेपी ने जब से दिल्ली में अपनी सरकार बनाई है, सीएजी की कई रिपोर्ट विधानसभा पटल में रखी गई हैं। उसी कड़ी में पिछली सरकार की आबकारी नीति को लेकर दावा हुआ कि उस वजह से दिल्ली को 2000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। आम आदमी पार्टी इसे जरूर खारिज करती है, लेकिन बीजेपी चुनाव के दौरान भी हमलावर थी और अभी भी हमलावर दिखाई दे रही है।

# तिहाड़ जेल के कैदी अब बनाएंगे चप्पल और टूथपेस्ट

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली




दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। अब तिहाड़ जेल में बंद कैदी अपने डेली यूज के समान का प्रोडक्शन खुद ही करेंगे। इसके लिए तिहाड़ जेल प्रशासन इन हाउस यूनिट लगवाएगा। इसके जरिए चप्पल, टूथपेस्ट और यहां तक कि अंडरवियर से लेकर ये सभी सामान जल्द ही तिहाड़ जेल के कैदी अपने डेली उपयोग के लिए बना सकते हैं। जेल प्रशासन ने अनुमति लेने के लिए प्रस्ताव भेजने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि यह प्रस्ताव तिहाड़ प्रशासन द्वारा 20,000 कैदियों वाली जेल प्रणाली को चलाने की लागत में कटौती करने के लिए विचार किए जा रहे कई प्रस्तावों में से एक है। तिहाड़ जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अगर मंजूरी मिल जाती है, तो इकाइयों को संचालित करने के लिए एक बोर्ड का गठन किया जाएगा। बोर्ड में तिहाड़ के अधिकारी और कैदी दोनों शामिल होंगे। पहले दो यूनिट स्थापित करने के लिए प्रारंभिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। अधिकारी ने कहा, "एक चप्पल बनाने के लिए और दूसरी रजिस्टर बनाने के लिए होगी। रजिस्टर यूनिट में कैदियों को पन्नों को रंगना, प्रिंट करना और बांधना होगा। यह ज्यादातर इन-हाउस इस्तेमाल के लिए होगा। यहां तक कि जो चप्पलें बनाई जाएंगी, वे भी कैदियों के लिए होंगी। वर्तमान में तिहाड़ जेल में अन्य चीजों के अलावा बेक्ड मिठाइयां, फर्नीचर, मसाले और स्नैक्स बनाने वाली इकाइयां हैं। तिहाड़ के कैदियों द्वारा बनाए गए फर्नीचर का इस्तेमाल दिल्ली के सरकारी स्कूलों में किया जाता है, जबकि तिहाड़ बेकरी आउटलेट दिल्ली में कई जगहों पर बेक्ड आइटम बेचते हैं। दर्जी के तौर पर काम करने वाले कैदियों द्वारा बनाई गई सफेद शर्ट दिल्ली के वकील भी खरीदते हैं। तिहाड़ के एक अधिकारी ने कहा, "हालांकि मौजूदा इकाइयां जेल के अंदर की मांग को पूरा करेंगी और लाभ कमाने के लिए नहीं होंगी। लेकिन कैदियों को शामिल करते हुए प्रबंधन की एक नई प्रणाली बनाई जाएगी ताकि बेहतर व्यावसायिक प्रथाओं को लागू किया जा सके और संचालन को सुव्यवस्थित किया जा सके।"अधिकारी ने कहा कि इन इकाइयों को बनाने का प्राथमिक उद्देश्य श्रमिकों के बीच रोजगार दर को बढ़ाना है, साथ ही दैनिक उपयोग के उत्पादों की खरीद की लागत में भी काफी कमी लाना है।अधिकारी ने कहा, "हम ऐसे उत्पादों के निर्माण का प्रस्ताव देंगे, जिनकी आम तौर पर बड़े पैमाने पर खरीद की आवश्यकता होती है। हमारी गणना से पता चलता है कि तिहाड़ जेल के अंदर उन्हें बनाने में हमें बहुत कम लागत आएगी। लेकिन हमारा प्राथमिक उद्देश्य कैदियों को यथासंभव व्यस्त रखना है।"

### तीन श्रेणी के होते हैं श्रमिक

जिन कैदियों को जेल के अंदर कभी काम नहीं मिला है, वे अकुशल श्रमिक के रूप में काम शुरू करते हैं। तीन महीने के बाद, वे अर्ध-कुशल श्रमिकों में बदल जाते हैं और छह महीने के बाद, उन्हें कुशल श्रमिक माना जाता है। तिहाड़ जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "एक अकुशल श्रमिक औसतन 7,000 रुपये प्रति माह कमाता है, जबकि एक कुशल श्रमिक 10,000 रुपये प्रति माह तक कमाता है। सभी कैदियों में से कम से कम 8% को किसी न किसी तरह की नौकरी में नियोजित होना आवश्यक है। हमारा उद्देश्य रोजगार के इन नए अवसरों के साथ इसे 25% तक बढ़ाना है।" तिहाड़ की वर्तमान क्षमता के बारे में अधिकारी ने कहा था कि जेल 1 से 9 को लगभग 5,000 कैदियों को रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन वर्तमान में इनमें 12,000 से अधिक कैदी हैं। एक सूत्र ने बताया, "जेल संख्या 10 से 16 को लगभग 3,700 कैदियों को रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन वर्तमान में इनमें 3,900 से ज्यादा कैदी हैं।

# तिरुपति मंदिर परिसर में 10 मिनट तक नमाज पढ़ता रहा शख्स

## वीडियो सामने आने के बाद बवाल



महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

तिरुमाला में हिंदू मंदिर के पास हजरत टोपी पहनकर नमाज अदा करने का वीडियो सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। लोगों का कहना है कि मंदिर के परिसर में नमाज पढ़ने से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। तिरुमाला कल्याण मंडपम के पास इस तरह से नमाज पढ़ने को लेकर लोग विरोध कर रहे हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (TTD) ने वायरल वीडियो सामने आने के बाद जांच शुरू कर दी है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने दावा किया कि शख्स लगभग 10 मिनट तक आराम से नमाज पढ़ता रहा। इस पर बहुत लोगों को आपत्ति थी लेकिन किसी ने विरोध नहीं किया। सीसीटीवी फुटेज में नमाज पढ़ने वाले शख्स का चेहरा भी दिखा है। इसके अलावा उसकी कार का नंबर भी ट्रैक भी नोट कर लिया गया है। इसके जरिए शख्स की तलाश करने की कोशिश की जा रही है। घटना के बाद इस तरह के संवेदनशील धार्मिक स्थान की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद श्रद्धालु बुरी तरह भड़के हैं। उनका कहना है कि थोड़े दिन पहले ही पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है। इस तरह से मंदिर परिसर में नमाज अदा करना सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करता है।

# कैदियों की अदला-बदली के बीच रूसी हमलों से दहला कीव

**कीव**। यूक्रेन की राजधानी कीव शनिवार तड़के एक भीषण रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले की चपेट में आ गई। पूरे शहर में धमाकों और मशीनगनों की आवाजें गूंजती रहीं, जिससे हजारों लोगों को सबवे स्टेशनों में शरण लेनी पड़ी। यह हमला उस समय हुआ जब कुछ ही घंटे पहले रूस और यूक्रेन के बीच बड़ी कैदी अदला-बदली शुरू हुई थी। यह अदला-बदली इस्तांबुल में हुई एक बैठक में तय समझौते का पहला चरण था, हालांकि युद्धविराम को लेकर एक बार फिर कोशिशें विफल रही हैं।

## मिसाइल-ड्रोन अटैक ने मचाई तबाही



### कीव के चार जिलों में मिसाइल और ड्रोन अटैक

कीव की सैन्य प्रशासन के कार्यवाहक प्रमुख तैमूर त्काचेंको ने बताया कि रूसी हमले में कम से कम चार जिलों में मिसाइलों और ड्रोन के टुकड़े गिरे। सोलोमिंस्की जिले में दो जगह आग लग गई और कम से कम छह लोगों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। शहर के मेयर विताली क्लिचको ने हमले से पहले ही चेताया था कि रूस की ओर से 20 से अधिक स्ट्राइक ड्रोन कीव की ओर बढ़ रहे हैं। बाद में उन्होंने बताया कि ओबोलोन जिले में एक रिहायशी इमारत और शॉपिंग मॉल पर ड्रोन के टुकड़े गिरे हैं। राहत और बचाव टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं।

### 1,000 कैदियों की अदला-बदली

शुक्रवार को शुरू हुई कैदी अदला-बदली के पहले चरण में यूक्रेन ने 390 अपने नागरिकों और सैनिकों को वापस लाया। राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि सप्ताहांत तक यह अब तक का सबसे बड़ा कैदी आदान-प्रदान होगा। रूस के रक्षा मंत्रालय ने भी पुष्टि की कि उसे भी उतने ही कैदी यूक्रेन से वापस मिले हैं। यह अदला-बदली बेलारूस की सीमा पर हुई, जहां रूस के कैदियों को इलाज के लिए ले जाया गया। बेलारूस में जब रूसी सैनिक अस्पताल पहुंचे, तो वहां उनके परिजन हाथों में तस्वीरें लिए अपने अपनों को पहचानने की कोशिश कर रहे थे।

# नेतन्याहू की घट रही लोकप्रियता! सर्वे में इजरायलियों का फूटा गुस्सा

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेकर देश में बढ़ता असंतोष एक बार फिर सामने आया है। शुक्रवार को प्रसारित चैनल 12 के एक सर्वे में अधिकांश इजरायली नागरिकों ने माना कि नेतन्याहू की प्राथमिकता युद्ध जीतना या बंधकों को छुड़ाना नहीं, बल्कि सत्ता में बने रहना है। सर्वे में पूछे गए सवालों के जवाब में 55% लोगों ने कहा कि नेतन्याहू सत्ता बचाने में लगे हैं, जबकि केवल 36% ने कहा कि उनका मकसद बंधकों की रिहाई है। जब सवाल को युद्ध जीतने के संदर्भ में पूछा गया, तब भी आंकड़े लगभग समान रहे। इसी सप्ताह नेतन्याहू द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भी जनता का भरोसा नहीं दिखा। 62% लोगों ने कहा कि नेतन्याहू उन्हें अपने तर्कों से नहीं मना पाए, जबकि केवल 34% ने समर्थन जताया। चौंकाने वाले सवाल में जब पूछा गया कि क्या मौजूदा सरकार अगले साल होने वाले चुनावों को "राष्ट्रीय आपातकाल" के नाम पर रद्द कर सकती है, तो 50% लोगों ने इसे संभव बताया, जबकि 35% ने इसे खारिज किया। इस बीच देश के प्रमुख विपक्षी नेता यायर गोलन के "गाजा में बच्चों की हत्या अब शौक बन गई है" बयान के बाद भी उनकी लोकप्रियता में खास गिरावट नहीं देखी गई।

## जंग जीतना नहीं चाहते PM



# जर्मनी रेलवे स्टेशन पर खौफनाक हमला, चाकूबाजी में 18 जख्मी

**हैम्बर्ग**। जर्मनी के हैम्बर्ग स्टेशन पर खौफनाक चाकूबाजी से यात्रियों में दहशत फैल गई। स्टेशन पर शुक्रवार शाम एक चाकू से हमले में कम से कम 18 लोग जख्मी हो गए। पीड़ितों में से 6 गंभीर रूप से घायल हैं, जिनमें से 3 की हालत खतरे में है। पुलिस ने घटनास्थल पर ही 39 वर्षीय जर्मन महिला को गिरफ्तार किया है, जिसने बिना विरोध किए आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस और आपातकालीन सेवाएं स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और जांच जारी है। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर हमले के पीछे कोई आतंकवादी या राजनीतिक उद्देश्य नहीं था। जर्मनी के बिल्ड अखबार के अनुसार यह हमला शाम करीब 6 बजे हुआ, जब प्लेटफॉर्म 13/14 पर यात्रियों की भीड़ थी। गवाहों के अनुसार, अचानक चीख-पुकार मचने के बाद कई लोग प्लेटफॉर्म से भागने लगे। पुलिस ने संदिग्ध महिला को मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, चार लोगों की हालत गंभीर है और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। बाकी घायलों को मामूली चोटें आई हैं। आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस ने पुष्टि की है कि संदिग्ध महिला ने यह हमला अकेले किया और इसका कोई राजनीतिक या आतंकवादी संबंध नहीं है। वर्तमान में उसकी मानसिक स्थिति की जांच की जा रही है।

## प्लेटफॉर्म पर चीख-पुकार,अफरा-तफरी मची



# बिहार के नगर निकायों के उपचुनाव की तारीखों का ऐलान

महानगर नेटवर्क
पटना

बिहार के नगर निकायों के उपचुनाव के लिए 28 जून को मतदान होगा। शनिवार को राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार संबंधित जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी को इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया। साथ ही, छह नगर निकायों पूर्वी चंपारण के नगर पंचायत, मेहसी और पकड़ीदयाल, रोहतास के नगर पंचायत, कोचस, पटना के नगर पंचायत खुशरूपुर और नौबतपुर तथा नगर पंचायत विक्रम में आम चुनाव होगा। इसके तहत तीन सीटों वार्ड पार्षद, उप मुख्य पार्षद और मुख्य पार्षद का चुनाव होगा। इसके लिए भी 28 जून को मतदान होगा और 30 जून को वोटों की गिनती होगी। मालूम हो कि उपचुनाव के तहत मुख्य पार्षद के 3, उपमुख्य पार्षद के 3 और वार्ड पार्षद की 45 सीटों के लिए मतदान होगा। उपचुनाव वाले नगर निकायों में नगर परिषद बांका, नगर पंचायत मैरवा (सीवान) और नगर पंचायत खिजरसराय (गया) के मुख्य पार्षद का पद शामिल हैं। इसके अलावा नगर परिषद बोधगया के उप मुख्य पार्षद के रिक्त पद पर भी उप चुनाव होगा।

# 'पाकिस्तान ने किया सिंधु जल संधि के सिद्धांतों का उल्लंघन'

## विदेश मंत्रालय ने संसदीय समिति को दी जानकारी

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने सिंधु जल संधि स्थगन को लेकर संसदीय समिति को जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के सिद्धांतों का उल्लंघन किया। इसलिए भारत ने संधि को स्थगित करने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इंजीनियरिंग तकनीक, जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियरों के पिघलने से जमीनी हालात में आए बदलावों के कारण संधि की शर्तों पर फिर से बातचीत करना जरूरी हो गया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ब्रीफिंग में कहा कि 1960 की संधि की प्रस्तावना में कहा गया है कि इसे सद्भावना और मित्रता की भावना के आधार पर तैयार किया गया है। लेकिन पाकिस्तान ने इन सभी सिद्धांतों को प्रभावी रूप से स्थगित कर दिया। हाल ही में मिस्री ने संसदीय समिति को पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर सहित भारतीय कार्रवाइयों के बारे में जानकारी दी थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संधि पर हस्ताक्षर के बाद से जमीनी हालात में आए बदलावों के कारण भारत लगातार बातचीत करने के लिए पाकिस्तान से कह रहा है, लेकिन पाकिस्तान ने इस अनुरोध पर गौर ही नहीं किया।



# 'वे कांग्रेस को खत्म करके ही छोड़ेंगे'

## नीति आयोग की बैठक पर जयराम रमेश की टिप्पणी पर भाजपा का तंज




**नई दिल्ली**। भाजपा ने शनिवार को नीति आयोग की बैठक पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता किसी न किसी मुद्दे पर विवाद पैदा करने की अपनी प्रवृत्ति के कारण अपनी पार्टी को खत्म कर देंगे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, 'यह देश के विकास के लिए निर्णय लेने के लिए टीम इंडिया की बैठक है। जयराम रमेश इसमें भी खामियां निकाल रहे हैं।' बता दें कि, कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी रमेश ने नीति आयोग को अयोग्य संस्था बताते हुए केंद्र पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इसकी बैठक पाखंड और ध्यान भटकाने की एक और कवायद है। कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शुरू हुई। भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता सरकार द्वारा बुलाई गई हर बैठक में खामियां निकालते रहते हैं ताकि कोई विवाद पैदा हो। उन्होंने कहा, 'जयराम रमेश कांग्रेस की राम राम करके ही छोड़ देंगे।' इस बैठक का विषय है 'विकसित राज्य के लिए विकसित भारत@2047'। भाजपा प्रवक्ता ने नीति आयोग की बैठक को 'टीम इंडिया की बैठक' बताया और कांग्रेस पर इस पर आपत्ति जताने के लिए हमला बोला। शाहनवाज हुसैन ने कहा, 'नीति आयोग देश की एक बड़ी संस्था है। यह देश के लिए नीतियां बनाती है। इसकी बैठक में देश के विकास के लिए मुख्यमंत्रियों समेत प्रतिष्ठित लोग एक साथ बैठते हैं। कांग्रेस ने इस पर भी आपत्ति जतानी शुरू कर दी है।' भाजपा नेता ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जम्मू-कश्मीर यात्रा को लेकर भी उन पर कटाक्ष किया। उन्होंने एक लोकप्रिय हिंदी फिल्म के गाने की पंक्तियां सुनाते हुए कहा, 'बहुत देर कर दी हुजूर आते आते'।


# बीजेपी लीडर मनोहर धाकड़ का कथित अश्लील वीडियो आया सामने

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के बीजेपी नेता मनोहर धाकड़ का कथित MMS वायरल हो रहा है। जिसे लेकर सत्ता से लेकर हर तरफ तहलका मच गया है। वीडियो दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का बताया जा रहा है, जिसमें गाड़ी से उतरकर सड़क पर कथित तौर पर भाजपा नेता एक लड़की के साथ मेकआउट करते नजर आ रहे हैं। अब ऐसे में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर, जो भारतीय जनता पार्टी से आए दिन सवाल करती हैं और पार्टी पर सवाल उठाती हैं, कैसे कुछ ना बोलें? नेहा सिंह ने इस खबर को एक्स पर इस खबर को शेयर करते हुए जनता को चेतावनी दी है कि बीजेपी नेताओं को अपने परिवार से दूर रखें। उन्होंने लिखा है, "भाजपा के नेताओं से अपने घर-परिवार को दूर रखें। नेहा सिंह राठौर कोई ट्वीट करें और यूजर्स उन्हें ट्रोल ना करें ऐसा नहीं हो सकता। रविंद्र गुप्ता भाजपा नाम के अकाउंट से कमेंट किया गया है, जिसमें लिखा है, "मेरा ट्विटर पर मौजूद सभी आम जनों से विनती है कि नेहा सिंह राठौर नामक इस घातक महिला से दूर रहे यह औरत विषाक्त मानसिकता की शिकार है। इस जहरीली महिला को भारतीय जनता पार्टी के अलावा और कोई नजर नहीं आता है यदि किसी ने गलती की है उसे सजा अवश्य मिलेगी लेकिन इसके बोलने से नहीं।" बता दें कि एक दिन पहले भी नेहा सिंह राठौर ने एक ऐसा ही पोस्ट किया था। जो बरेली में एक महिला नेता द्वारा होटल में चलाए जा रहे सेक्स रैकेट को लेकर था। नेहा ने उस खबर को शेयर करते हुए लिखा था, "भाजपा के नेताओं को अपने घर और परिवार से दूर रखिए मैं ये आपके भले के लिए कह रही हूं। समझ रहे हैं न! बाहर मिलिए और चलता कीजिएघर दिखाइए भी मत।"

नेहा सिंह राठौर ने इससे पहले पीएम मोदी के 'लहू में सिंदूर बहने' वाले बयान को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया दी थी।

## भड़कीं नेहा सिंह राठौर



# उत्तराखंड में बरसात के बाद गदेरे के उफान पर आने से बहीं गाड़ियां

**रुद्रप्रयाग**। उत्तराखंड में तेज बारिश ने एक बार फिर जमकर कहर बरपाया है। रुद्रप्रयाग जिले में शुक्रवार देर रात हुई भारी बरसात के बाद नदियां, नाले और गदेरे उफान पर आ गए। अगस्त्यमुनि विजयनगर गदेरे में रात को भारी बरसात के कई बाइकें और टू-व्हीलर गदेरे में बह गईं। तेज हवाएं चलने से कई पेड़ भी उखड़ गए हैं। मौसम विभाग की ओर से 24 मई से अगले एक से दो दिनों तक बारिश के साथ ही ओलावृष्टि पर अलर्ट जारी किया है। वहीं दूसरी ओर, केदारनाथ सहित उत्तराखंड चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। हालांकि, राहत की बात रही कि तेज बरसात से किसी भी जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। लोगों के अनुसार, शुक्रवार देर रात कुछ ही मिनटों की बारिश के बाद गदेरे उफान पर आ गए थे।

गदेरे का बरसाती पानी सड़कों पर बहने लगा था। बरसाती पानी घरों और दुकानों के अंदर भी घुस गया, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



# चलती बस में हार्ट अटैक से ड्राइवर की मौत, सवार थे 40 यात्री

महानगर नेटवर्क
डिंडीगुल

तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक प्राइवेट बस जब पुदुकोट्टई की तरफ जा रही थी, तभी बस ड्राइवर को चलती बस में अचानक दिल का दौरा पड़ा। देखते ही देखते वह सीट से नीचे गिर पड़ा और बस बेलगाम हो गई। लेकिन इससे पहले कि कोई बड़ा हादसा हो, कंडक्टर ने कमाल की सूझबूझ दिखाते हुए खुद ही ब्रेक दबाकर बस को रोक दिया। घटना शनिवार की बताई जा रही है। बस में उस समय करीब 30 से 40 मुसाफिर सवार थे। ड्राइवर प्रभु नामक एक युवा था जो कन्नकपट्टी इलाके को पार करते समय सीने में तेज दर्द की शिकायत करता है। उसने यह बात तुरंत कंडक्टर को भी बताई थी। लेकिन कुछ ही मिनटों में, किसी को कुछ समझ में आता, इससे पहले ही वह सीट से लुढ़क कर गिर गया।

जैसे ही कंडक्टर ने ड्राइवर को गिरते देखा, वह तुरंत बस के अगले हिस्से में कूद पड़ा और इमरजेंसी ब्रेक खींचकर बस को रोक दिया। बस में चीख-पुकार मच चुकी थी, लोग जोर-जोर से चिल्लाने लगे थे, लेकिन कंडक्टर की हिम्मत और तुरंत प्रतिक्रिया ने एक बड़ा हादसा टाल दिया। ड्राइवर प्रभु को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस पूरे मामले को लेकर एक अप्राकृतिक मृत्यु का केस दर्ज किया है।

# परमाणु हथियारों की धमकी बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

## पाक पर मॉस्को में गरजे भारतीय सांसद

महानगर नेटवर्क
मास्को



रूस की यात्रा पर पहुंची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (DMK) सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के समक्ष आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति दोहराई है और इस बात पर जोर दिया है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। मॉस्को में शुक्रवार को अपनी बैठकों के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद विरोधी उपायों को मजबूत करने और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। मास्को में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी संसद के दोनों सदनों के अलावा थिंक टैंकों सहित कई बैठकें कीं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा वैश्विक आतंकवाद विरोधी ढांचे को मजबूत करने और बहुध्रुवीय अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रयास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन काउंसिल की अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष एंड्री डेनिसोव और अन्य सीनेटरों के साथ बातचीत की। बातचीत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में कानूनी स्तर पर एकमत कायम करने पर केंद्रित थी। भारतीय पक्ष ने आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में प्रतिक्रिया के रूप में ऑपरेशन सिंदूर की ओर ध्यान आकर्षित किया। बाद में, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने स्टेट ड्यूमा की अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के अध्यक्ष लियोनिद स्लटस्की के साथ बैठक की और स्टेट ड्यूमा के सदस्यों के साथ बातचीत की।

दोनों पक्षों ने भारत-रूस संबंधों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और समय की कसौटी पर खरे साबित होने की प्रकृति की पुष्टि की, जो आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित है। चर्चाओं में वैश्विक सुरक्षा वास्तुकला, उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य और बहुपक्षीय सहयोग सहित कई मुद्दों को शामिल किया गया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई की अनिवार्यता को रेखांकित किया, जिसमें आतंकवादी संस्थाओं को सुरक्षित पनाहगाह, वित्तपोषण और राजनीतिक औचित्य से वंचित करने के लिए विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय तंत्र की आवश्यकता शामिल है।



डार्क सर्कल्स के कारण चेहरे की खूबसूरती कम हो जाती है। आंखों के नीचे पड़े काले घेरों को हल्का करने के लिए आप नेचुरल चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको डार्क सर्कल्स के कारण से लेकर उपाय तक के बारे में बताएंगे।

# डार्क सर्कल को हल्का करने के उपाय

**डार्क सर्कल्स के कारण**

एलर्जी के कारण त्वचा पर खुजली होने लगती है। आंखों के आस पास बार बार करने से डार्क सर्कल्स हो सकते हैं। उम्र का असर पूरे शरीर पर पड़ता है। एजिंग के कारण भी आंखों के नीचे काले घेरे पड़ने लगते हैं। यूवी एक्सपोजर के कारण शेयर में मेलानिन का प्रोडक्शन होता है, जिससे शरीर के कुछ हिस्से काले पड़ने लगते हैं। साथ ही, आंखों के नीचे का एरिया भी काला हो जाता है।



**क्या बादाम के तेल के उपयोग से डार्क सर्कल्स हल्के हो सकते हैं?**

बादाम का तेल बालों और त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। इस तेल में कई आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो स्किन के लिए फायदेमंद है। आंखों के नीचे पड़े काले घेरों को हल्का करने के लिए आप बादाम के तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। बादाम के तेल में विटामिन ई और के पाए जाते हैं। डार्क सर्कल्स की समस्या को कम करने के लिए इस तरह करें इस तेल का इस्तेमाल-

- बराबर मात्रा में बादाम के तेल में विटामिन ई मिलाएं।
- रात को सोने से पहले आंखों के नीचे बादाम का तेल लगाएं।
- फिंगर टिप की मदद से मसाज करें।
- रोजाना आंखों के नीचे इस तरह से बादाम का तेल लगाने से डार्क सर्कल्स हल्के हो जाएंगे।

**डार्क सर्कल्स को हल्का कैसे करें?**

- अगर आपके भी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं, तो आप बाजार से महंगी आई क्रीम खरीदने के बजाय किचन में मौजूद कुछ चीजों का उपयोग करके इस समस्या से छुटकारा पा सकती हैं।
- त्वचा पर टमाटर का इस्तेमाल किया जाता है। डार्क सर्कल्स को हल्का करने के लिए इस तरह करें टमाटर का उपयोग
- टमाटर को मिक्सी में पीस लें।
- अब इसमें दो बूंद नींबू के रस की मिलाएं।
- इस पेस्ट में कॉटन बॉल को भिगोएं और फिर इसे आंखों के नीचे लगा लें।
- करीब दस मिनट बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

# ऐसे रखें माता-पिता का ख्याल

कई बार बच्चे भी अपने पैरेंट्स की भावनाओं को समझ नहीं पाते हैं. मां-बाप और बच्चे का रिश्ता बेहद अनमोल होता है. इसमें निस्वार्थ प्रेम होता है. कई बार अनजाने में बच्चे कुछ ऐसा बोल जाते हैं, कर जाते हैं, जिससे मां-बाप का दिल दुख जाता है. बावजूद इसके, वे कभी अपने बच्चों से किसी भी बात की शिकायत नहीं करते हैं. उनकी मरते दम तक देखभाल, चिंता, ख्याल करते हैं. ऐसे में बच्चों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने पैरेंट्स का ख्याल जिंदगी भर रखें. उनकी सेहत का सोचें. उन्हें जब भी आपकी जरूरत महसूस हो, आप उनके पास हों. यदि आप अपने पैरेंट्स के साथ नहीं रहते हैं, किसी दूसरे शहर, विदेश में जॉब करते हैं तो भी आप उनकी देखभाल कर सकते हैं. उनकी सेहत को दुरुस्त बनाए रख सकते हैं.

**फोन पर जरूर करें बातें**

यदि आप अपने पैरेंट्स से दूर रहकर जॉब या पढ़ाई करते हैं या फैमिली के साथ दूसरे शहर में सेटल हैं तो जाहिर सी बात है, माता-पिता को अकेला महसूस होता होगा. आपकी कमी उन्हें खलती होगी. आपको लेकर वे चिंतित रहते होंगे. यही चिंता, फ्रिक आपको अपने पैरेंट्स के प्रति दूर रहकर दिखाना है. उन्हें अकेला महसूस ना हो, इसके लिए आप हर दिन 5 ही मिनट सही फोन जरूर करें. उनका हालचाल पूछें. हो सके तो वीडियो कॉल करें. इससे वो अकेले या आपसे दूर महसूस नहीं करेंगे. डेली बातचीत करने से उनके अंदर की उदासी, अकेलापन दूर होगा. स्ट्रेस, डर, चिंता खत्म होगी. ऐसे वे मेंटली और फिजकली खुश और हेल्दी रह सकेंगे.

**उनका हेल्थ चेकअप जरूर कराएं**

जब भी आप पैरेंट्स के पास छुट्टियों में जाएं तो उनका हेल्थ चेकअप कराएं. ऐसा आप हर 3 से 6 महीने पर जरूर करें. बढ़ती उम्र में कई तरह की शारीरिक समस्याएं अचानक घेर लेती हैं. ऐसे में प्रॉपर रूटीन चेकअप हो तो बीमारियों को समय रहते डिटेक्ट किया जा सकता है.

**रिश्तेदारों, पड़ोसियों से करें संपर्क**

आप अपने पैरेंट्स से दूर किसी दूसरे शहर या देश में रहते हैं तो कोशिश करें अपने रिश्तेदारों से संपर्क बनाए रखने का. अगर आपके रिलेटिव उसी शहर में रहते हैं, जहां आपके माता-पिता तो उनसे आग्रह करें कि वे कभी-कभी घर मिलने चले जाएं.

**हेल्थ इंश्योरेंस कराएं**

आप जॉब में हैं तो अपने पैरेंट्स का भी हेल्थ इंश्योरेंस जरूर कराएं. ऐसे में जब भी पैरेंट्स की तबीयत खराब होगी तो आसानी से संपूर्ण इलाज करा पाएंगे. इससे आपकी आर्थिक स्थिति भी खराब नहीं होगी.





# सफेद वॉश बेसिन को साफ करने के हैक्स

वॉश बेसिन का इस्तेमाल हम सभी रोजाना करते हैं। ज्यादातर वॉश बेसिन सफेद होते हैं, ऐसे में यह कुछ दिनों में ही पीला होने लगता है। एक बार सफेद वॉश बेसिन पीना हो जाएं तो इसे साफ करना मुश्किल हो सकता है। क्या आपको पता है कि इसे केवल 10 मिनट में साफ कर सकती है। अगर नहीं तो आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आप अपने सफेद वॉश बेसिन को मिनटों में चमका सकती हैं। अगर आपको घर में सिरेमिक वॉश बेसिन है या फिर स्टील का वॉश बेसिन है। दोनों की ही सफाई समय- समय पर करना चाहिए। आज हम जो आपको हैक्स बताने वाले है इसकी मदद से आप दोनों ही वॉश बेसिन की सफाई मिनटों में कर लेगी।

**कोल्ड ड्रिंक से करें बेसिन की सफाई**

कोल्ड ड्रिंक की मदद से आप अपने पीली और खराब सफेद वॉश बेसिन को फिर से नया बना सकती है। कोल्ड ड्रिंक का इस्तेमाल करने से पहले आपको ध्यान देना है कि कोल्ड ड्रिंक ब्लैक कलर का ना हो। वरना या बेसिन में दाग छोड़ सकता है। कोल्ड ड्रिंक को आप पूरे बेसिन में डालकर छोड़ दें। करीब आधा घंटे के बाद बेसिन को नार्मल ब्रश की मदद से साफ करें और पानी से धोएं। यह नए बेसिन की तरह चमकने लगेगा।

**नींबू और बेकिंग सोडा से करें बेसिन की सफाई**

नींबू और बेकिंग सोडा की मदद से जिद्दी से जिद्दी दाग को साफ किया जा सकता है। आपको एक कटोरी में नींबू और बेकिंग सोडा को मिलाना है और उसका घोल तैयार करना है। इसे पूरे बेसिन में अच्छे से लगा देना है। कुछ घंटे के बाद बेसिन को आप नार्मल पानी से साफ करेगी तो यह साफ हो जाएंगा। इतना ही नहीं बेसिन का पीलापन भी गायब हो जाएगा।

**बेसिन के दाग कैसे हटाए?**

बेसिन पर अगर कोई जिद्दी- दाग लग गया है कि इसे हटाने के लिए आपको एक कटोरी में बेकिंग सोडा और विनेगर का पेस्ट तैयार करना है। इसे पूरे बेसिन में लगाना है फिर 2 घंटे के बाद स्पॉन्ज की मदद से अपने सफेद वॉश बेसिन की सफाई करनी है। इसकी मदद से कोई भी दाग मिनटों में निकल जाएगा।

# दुनिया भर में बिल्ली प्रेमियों की संख्या बहुत अधिक

चमकदार नीली आंखों, रोएंदार मूंछों और आकर्षक व्यक्तित्व वाली एक गोल-मटोल बिल्ली बच्चों और वयस्कों दोनों की पसंदीदा है। बिल्लियों की इन विशेष विशेषताओं के कारण, कई पशु प्रेमियों के घरों में बिल्लियाँ पालतू जानवरों की सूची में सबसे ऊपर होती हैं, यहाँ तक कि परिवार के सदस्य के रूप में भी। चूंकि बिल्लियाँ हानिरहित प्राणी हैं, इसलिए परिवार में हर कोई उनसे बहुत प्यार करता है और उनके लिए बराबर लड़ाई भी करता है। वास्तव में, बचपन से ही, जब हमारी माताएं हमें काऊ चिऊ के बारे में कहानियां सुनाती थीं, तो हम गहरे रंग की, नीली आंखों वाली, सफेद या गहरे काले या भूरे-लाल रंग की बिल्लियों की ओर भी आकर्षित होते थे। ये बिल्लियाँ अपनी प्यारी शक्ल से सभी को दिवाना बनणे पर मजबूर कर देती हैं। हमारे देशों की तरह ही, दुनिया भर में बिल्ली प्रेमियों की संख्या बहुत अधिक है। बेशक, दुनिया भर में बिल्लियों की अनगिनत नस्लें हैं जिन्हें पालतू माना जाता है, और बेशक, उनके स्वभाव भी भिन्न होते हैं। क्या होगा यदि आप दुनिया भर की विभिन्न नस्लों की बिल्लियों को एक ही छत के नीचे देख सकें? तब यह बिल्ली प्रेमियों के लिए एक भव्य आयोजन होगा। फिलाईन क्लब ऑफ इंडिया ने 25 मई को नवी मुंबई के वाशी स्थित सिडको प्रदर्शनी केंद्र में एक कैट शो का आयोजन किया है। यह शो का पांचवां वर्ष है और आयोजकों का कहना है कि यह पिछले दो वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए दुनिया का सबसे बड़ा बिल्ली शो बन जाएगा। ₹इस वर्ष आयोजित होने वाले पांचवें बिल्ली शो में 5 अंतर्राष्ट्रीय जज बिल्लियों का मूल्यांकन करेंगे।₹ इस शो के अवसर पर दुनिया भर के पालतू पशु प्रेमियों को 600 से अधिक नस्लों की बिल्लियों को देखने का अवसर मिलेगा, जिनमें पर्शियन, बंगाल, क्लासिक लॉन्ग हेयर, एग्जॉटिक शॉर्ट हेयर, मेन कून आदि शामिल हैं। फिलाईन क्लब ऑफ इंडिया ने भारतीय आवारा बिल्लियों को IN-DIMAU के रूप में मान्यता दिलाने और नस्लों को पंजीकृत करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। श्री साकिब पठान ने कहा, ₹हम इस कैट शो में बिल्लियों की भागीदारी को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।₹ इस बिल्ली शो में बिल्ली प्रेमियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई गई है, जिसमें बच्चों के लिए मनोरंजन क्षेत्र और बिल्लियों के बारे में जानकारी प्रदान करने वाला ज्ञान क्षेत्र भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, लोग शो में उपस्थित NGO से बिल्लियों को गोद भी ले सकेंगे। 5,000 वर्ग मीटर के प्रदर्शनी हॉल में प्रमुख पालतू पशु उत्पादों से संबंधित 50 से अधिक स्टॉल होंगे। इनमें बिल्ली का भोजन, उपकरण और सेवाएं शामिल होंगी, साथ ही आगंतुकों के लिए विशेष छूट और विभिन्न ऑफर भी होंगे। साकिब पठान ने बताया कि यह अनूठी बिल्ली प्रदर्शनी 25 मई को सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित की जाएगी।



# इलेक्ट्रिक केटल में बना सकते हैं ये 7 चीजें

काम आसान करने के लिए इलेक्ट्रिक केटल सबसे अच्छे किचन टूल्स में से एक है। मैं होस्टल में थी, तो इसने पूरे साल मेरी काफी मदद की। पानी गर्म करना हो, चाय बनानी हो या अंडे बॉयल करने हों बस केटल चालू करो और 10 मिनट आपका काम हो जाता था। आज लोग इसमें और भी ज्यादा प्रयोग करने लगे हैं। केटल में अब मैगी भी बनती है। इलेक्ट्रिक केटल एक ईजी टू यूज टूल है, जिसमें कुछ ही देर में आप अपनी पसंदीदा चीज तैयार कर सकते हैं। बस आपको उसमें इंग्रीडिएंट्स डालने की देर है।अगर आप होस्टल लाइफ शुरू करने वाले हैं, तो आपको बता दें कि आपके पास केटल जरूर होनी चाहिए। इस केटल में आप क्या-क्या बना सकते हैं, चलिए इस आर्टिकल में बताएं।

**पास्ता**

आपको नहीं पता होगा न कि इसमें पास्ता भी बनाया जा सकता है। आपको गैस और पैन की टेंशन लेने की आवश्यकता नहीं है। केटल में पहले 2-3 मिनट के लिए पास्ता उबालकर अलग निकाल लें। इसके बाद, केटल में मक्खन, नमक, काली मिर्च और दूध डालकर पास्ता मिलाएं।

**एग करी**

इलेक्ट्रिक केटल में अंडा करी बनाना भी बहुत आसान है। इसके लिए पहले अंडों को उबालकर अलग रख लें। इसके बाद केटल में थोड़ा-सा घी डालकर गर्म करें उसमें टमाटर की प्यूरी डालकर कुछ देर पकाएं और फिर नमक और मसाले डालकर 2 मिनट पकाएं। इसमें अंडे डालकर 1-2 मिनट तक बायल करें और आपकी अंडा करी तैयार है।

**मैगी**

हर होस्टलर ने मैगी तो केटल में जरूर बनाई होगी। मैगी बनाना केटल में बहुत ही ज्यादा आसान है। इसे बस पानी और मसालों के साथ 2-3 मिनट गर्म करना होता है और आपकी स्वादिष्ट 2 मिनट वाली मैगी तैयार है। आप इसमें बटर डालकर स्वाद को बढ़ा भी सकते हैं।

**4. अचारी पनीर**

केटल में थोड़ा-सा तेल डालकर गर्म करें और उसमें जीरा डालें। इसमें प्याज डालकर 1 मिनट सॉते करें। अब इसमें टमाटर और मसाले और नमक डालकर मिक्स करें। 1 कप पानी डालकर 2 मिनट बॉयल करें। अब इसमें पनीर, हंग कर्ड और गरम मसाला डालकर पकाने के लिए रख दें। अचारी पनीर तैयार हैं।



# पंपकिन सूप

अक्सर लोग सर्दी-जुकाम से परेशान रहते हैं, ऐसे में सूप मिल जाए, तो गले को काफी राहत मिलती है। साथ ही आप एनर्जी से भी भरपूर होते हैं। सर्दी-जुकाम में अक्सर हमारी भूख मर जाती है, ऐसे में गरमागरम सूप मूड फ्रेश कर देता है। पंपकीन का सूप आप आसानी से घर में बना कर हेल्थ के साथ-साथ सर्दी-जुकाम से भी आराम पा सकते हैं। आज हम आपको क्रीमी हेल्दी पंपकिन सूप बनाने की रेसिपी बताने जा रहे हैं। ये बनाने में काफी आसान है साथ ही हेल्दी भी हैं। इसे बनाने में आपको 30-40 मिनट तक का समय लगेगा। तो आइए जानते हैं कैसे बनता है क्रीमी पंपकिन सूप।



**आवश्यक सामग्री**

कद्दू- 200 ग्राम, खरबूजे के बीज- एक चौथाई कप, लो फैट क्रीम- आधा कप, बटर- तीन बड़े चम्मच, काली मिर्च- स्वादानुसार, प्याज- एक, अदरक का पेस्ट- एक चम्मच, लहसुन का पेस्ट- एक चम्मच, मिर्च- एक चम्मच, नमक-स्वादानुसार

**बनाने की विधि**

क्रीमी पंपकिन सूप बनाने के लिए सबसे सारी सब्जियों को अच्छे से धो लें। अब कद्दू को छील लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब एक कुकर लें और इसमें बटर डालें, बटर पिघल जाए, तो उसमें प्याज और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और भूनें। जब प्याज हल्के ब्राउन हो जाए, तो उसमें कद्दू के टुकड़े डाल लें और थोड़ा पानी जालकर 2-3 सीटी लगा लें। सीटी आने के बाद गैस बंद कर दें और कुकर का ढक्कन खुलने तक का इंतजार करें। अब ब्लैंडर में सूप के साथ इसके के बीज को भी पीस लें और साइड में रख दें। अब एक पैन लें, इसमें बटर डालें। अब सूप को इसमें डालकर क्रीम डालें। उबाल आने पर बंद कर दें और धनिये से गार्निश करके सर्व करें। चाहें तो आप इसके ऊपर काली मिर्च और क्रीम भी डालकर सर्व कर सकते हैं।



# वास्तु अनुसार स्टोर रूम में नहीं रखनी चाहिए ये चीजें

कई बार लोग अपना बेकार का सामान या फिर कुछ भी अतिरिक्त सामान स्टोर रूम में रख देते हैं। हालांकि, वास्तु के अनुसार ऐसा करना अच्छा नहीं माना जाता है। इससे ना केवल स्टोर रूम में बल्कि पूरे घर में नेगेटिविटी बढ़ सकती है। स्टोर रूम का अर्थ होता है चीजों को संग्रह करने का स्थान और संग्रह हमेशा अच्छी चीजों का किया जाना चाहिए।

**ना रखें टूटा फूटा सामान**

कई बार ऐसा होता है कि हमारे घर का टूटा फूटा सामान हम स्टोर रूम में रख देते हैं। उस समय हम सोचते हैं कि इसे बाद में ठीक करवा लेंगे या फिर कबाड़ी को दे देंगे। लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं है। वह टूटा फूटा सामान यूं ही स्टोर रूम में रखा रहता है। कभी भी स्टोर रूम में ऐसा सामान नहीं रखना चाहिए।

**ना रखें पुराने रद्दी अखबार**

कुछ लोग पुरानी मैगजीन या पुराने रद्दी अखबार स्टोर रूम में इकट्ठे करते चले जाते हैं। हम यह सोचते हैं कि इसे बाद में कबाड़ में दे देंगे। लेकिन अगर स्टोर रूम में इस तरह पुरानी रद्दी रखी रहती है तो इससे पूरे घर में नेगेटिविटी फैलने लगती है। इतना ही नहीं, ऐसे घर में मां अन्नपूर्णा अपना आशीर्वाद नहीं देती है।

**ना रखें गाड़ी का पुराना सामान**

कई बार स्टोर रूम में हम अपनी गाड़ी या कार का पुराना सामान जैसे पुराने टायर या फिर स्पेयर पार्ट्स रख देते हैं। ये सभी शनि का रूप होते हैं। अगर वास्तव में इन चीजों की जरूरत नहीं है या फिर ये खराब हो चुके हैं तो इन्हें बिल्कुल भी इकट्ठा ना करें। ऐसी चीजों को स्टोर रूम में रखने से धन समृद्धि नहीं होती है।

**ना रखें पुराने पोंछे**

कुछ लोग अपने स्टोर रूम में घिसी हुई पुरानी झाड़ू या पोंछे रख देते हैं। उन्हें लगता है कि यह कभी ना कभी उनके काम आएंगे। जबकि वास्तव में ये कभी भी काम नहीं आते हैं। ऐसी चीजों को स्टोर रूम में रखने से बचना चाहिए। याद रखें कि आप स्टोर रूम को उतना ही साफ रखें, जितना कि आप अपने घर के बाकी कमरों को रखते हैं।

**पूर्व या उत्तर में ना रखें ये चीजें**

कभी-कभी हम अपने स्टोर रूम की पूर्व व उत्तर दिशा को काफी भारी कर देते हैं। यहां पर हम अपना सारा खाने का सामान, अनाज आदि यहां पर रखते हैं। इस दिशा में अक्सर हम बड़ी-बड़ी अलमारियां रखते हैं और वहां पर अपना सामान रखते हैं। लेकिन स्टोर रूम में पूर्व या उत्तर में कोई भारी सामान रखने से बचना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तो इससे आपके विकास के रास्ते रुक जाते हैं।



# शरीर को हिला देती है कैल्शियम की कमी

कैल्शियम न हो तो मसल्स में कोई मूवमेंट नहीं हो सकता. कैल्शियम दांत, स्किन, बाल सहित कई कामों के लिए जरूरी है. हार्ट की मांसपेशियों के लिए भी कैल्शियम की महत्वपूर्ण भूमिका है. कैल्शियम दिमाग और शरीर के बाकी हिस्सों के बीच स्वस्थ्य संपर्क के लिए भी जरूरी है. सबसे बड़ी बात की हड्डियां और मांसपेशियों में संकुचन नहीं होने से शरीर पूरी तरह शिथिल होने लगता है. इससे पूरा शरीर प्रभावित होता है.

**कैल्शियम की कमी के लक्षण**

- मसल्स में दिक्कत-वेबएमडी के मुताबिक कैल्शियम की कमी से मसल्स में क्रैंप, सूजन और दर्द हो सकता है. इससे थाई में बहुत अधिक दर्द होता है. ज्यादा कमी होने पर हाथ-पैर कंपकंपाने लगता है या झुनझुनी भर जाती है. गंभीर स्थिति में शरीर में अचानक जोर से ऐंठन या झटका लग सकता है. इससे हार्ट बीट बहुत तेज हो सकती है और मरीज की मौत तक हो सकती है.
- पूरे शरीर में थकान-कैल्शियम की कमी के कारण एक तो मसल्स में भारी दर्द होता है, उपर से बहुत अधिक थकान होती है जिससे पूरा शरीर कमजोर होने लगता है. थकान इतनी ज्यादा हो जाती है कि नींद तक नहीं आती.
- स्किन, नाखून और बालों में दिक्कत-कैल्शियम की कमी से स्किन ड्राई हो जाती है, नाखून बहुत कमजोर होकर टूटने लगते हैं. दूसरी और बाल भी खुरदुरे हो जाते हैं. गंभीर स्थिति होने पर एलोप्सिया की बीमारी होती है जिसमें पूरी तरह से लोग गंजे हो जाते हैं. कैल्शियम की कमी से एग्जिमा, स्किन में इंफ्लामेशन और ड्राई पैचेज हो जाते हैं.
- ऑस्टियोपोरोसिस-कैल्शियम की कमी से हड्डियां कमजोर होने लगती है. इससे कभी भी हड्डियों में फ्रेक्चर होने का डर रहता है. इस कारण बोन की डेंसिटी कमजोर होने लगती है और इससे ऑस्टियोपेनिया और ऑस्टियोपोरोसिस हो सकता है. दांतें भी कमजोर होने लगती है.
- पीएमएस-कैल्शियम की कमी से महिलाओं में प्री-मैंस्ट्रुअल सिंड्रोम (PMS) हो सकता है. इससे मूड स्विंग करता है और फ्लूड रिटेंशन की क्षमता घट जाती है.

कैल्शियम की कमी ठीक करने के लिए ये करें कैल्शियम की कमी के लिए हरी पत्तीदार सब्जियां, डेयरी प्रोडक्ट, ड्राई फ्रूट्स, पालक, फूलगोभी, दूध, दही, बींस, छाछ आदि का सेवन करना चाहिए. हालांकि अगर विटामिन डी की कमी होगी तो कैल्शियम का अवशोषण सही से नहीं होगा. इसके लिए सूरज की रोशनी फायदेमंद हो सकता है. इसके अलावा हरी

# जानें स्वास्तिक के लाभ और इसे बनाने का सही तरीका

**कैसे बनाएं स्वास्तिक**

एस्ट्रो एक्सपर्ट जय मदान ने एक वीडियो में स्वास्तिक बनाने की सही विधि बताई है। उनके वीडियो के अनुसार, 'स्वास्तिक को बनाते वक्त ध्यान रखें कि उसे क्रॉस बना कर न बनएं। अमूमन लोगों के यह नही पता होता है। वह पहले प्लस का साइन बनाते हैं और उसके बाद स्वास्तिक की अन्य भुजाएं बनाते हैं। मगर, इस तरह बनाए गए स्वास्तिक को शुभ नहीं माना जाता है। स्वास्तिक का हमेशा पहले दाएं का भाग बनाएं और फिर बाएं का भाग बना दें। इस तरह बने स्वास्तिक को ही शुभ माना जाता है।'

**वास्तु के हिसाब से स्वास्तिक**


अगर आपको खूब पैसा कमाना है तो आपको घर की उत्तर की दिशा में बनी दीवार पर स्वास्तिक का निशान बनाना चाहिए। इससे आपको कभी भी पैसे की कमी नहीं होगी।

अगर आप चाहती हैं कि आपके घर में ढेर सारी खुशियां आएं तो आपको घर की दक्षिण दिशा में बनी दीवार पर स्वास्तिक का चिन्ह बनाना चाहिए। इससे आपके घर में खुशियां ही खुशियां बिखर जाएंगी।

अगर आपका व्यवसाय ठीक नहीं चल रहा या आपको लगातार हानि हो रही है तो आपको तिजोरी पर लाल रंग की रोली से स्वास्तिक बनाना चाहिए। आपको उत्तर पूर्व दिशा में यह चिन्ह बनाना चाहिए ।

वहीं अगर आपको अपने किसी काम या बिजनेस में प्रॉफिट कमाना है तो आपको अपने घर की वेस्ट दिशा में बनी दीवार पर स्वास्तिक का निशान बनाना चाहिए। इससे आपको बिजनेस में बहुत लाभ मिलेगा।





# इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम का ऐलान

## BCCI ने नए कप्तान-उपकप्तान की भी कर दी घोषणा



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने से शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई की सिलेक्शन कमिटी ने 18 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। इसी के साथ भारत की टेस्ट टीम के नए कप्तान की भी घोषणा हो गई है, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। ऐसे में अब टीम के नए टेस्ट कैप्टन शुभमन गिल होंगे, जिनका कार्यकाल अगले महीने से शुरू होने वाला है। वहीं, टीम के वाइस कैप्टन के रूप में ऋषभ पंत की नियुक्ति हुई है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन अब टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि अश्विन ने तो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था, जबकि इस महीने की शुरुआत में रोहित शर्मा और विराट कोहली ने भी खेल के इस फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। यही कारण है कि कुछ नए चेहरे भी इस टीम में आपको दिखाई देंगे, जबकि पुराने खिलाड़ियों की वापसी हुई है। इनमें सबसे पुराना नाम करुण नायर का है, जो टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए तिहरा शतक जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। भारत का इंग्लैंड दौरा 20 जून से शुरू होगा। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के तहत भारत की ये पहली टेस्ट सीरीज होगी। पहला मैच लीड्स में 20 से 24 जून के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला बर्मिंघम में 2 जुलाई से आयोजित होगा। तीसरे मुकाबले में दोनों टीमें लंदन के लॉर्ड्स में 10 जुलाई से 14 जुलाई तक भिड़ेंगी। वहीं, चौथा मैच इस सीरीज का मैनचेस्टर में 23 से 27 जुलाई के बीच खेला जाएगा। इंडिया और इंग्लैंड के बीच अंतिम मुकाबला लंदन के केनिंग्टन ओवल में 31 जुलाई से 4 अगस्त तक खेला जाना है। इस दौरे की शुरुआत में भारतीय टीम को एक वार्मअप मैच भी खेलना है, जो शायद इंडिया ए के खिलाफ या इंग्लैंड लायंस के खिलाफ हो सकता है, जो 13 से 16 जून के बीच खेला जाएगा।

### इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का पूरा शेड्यूल

| | | |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 20 से 24 जून | लीड्स में |
| दूसरा टेस्ट | 2 से 6 जुलाई | बर्मिंघम में |
| तीसरा टेस्ट | 10 से 14 जुलाई | लॉर्ड्स में |
| चौथा टेस्ट | 23 से 27 जुलाई | मैनचेस्टर में |
| पांचवां टेस्ट | 31 जुलाई से 4 अगस्त | लंदन में |

### टेस्ट टीम इस प्रकार है

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश कुमार रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव

## 5 प्लेयर जो इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाएंगे



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान और ऋषभ पंत को उप-कप्तान नियुक्त किया गया, क्योंकि भारत अब रोहित शर्मा और विराट कोहली के बाद के युग में टेस्ट क्रिकेट में कदम रख रहा है। गिल 2021 के बाद दूसरी बार इंग्लैंड दौरे पर भारत का नेतृत्व करेंगे। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने बताया कि जसप्रीत बुमराह को उनके कार्यभार के कारण कप्तान या उप-कप्तान नहीं बनाया गया, क्योंकि वह सभी मैचों में उपलब्ध नहीं हो सकते।

### कुछ खिलाड़ियों का चयन न होना चर्चा का विषय रहा



**श्रेयस अय्यर:** श्रेयस को इंग्लैंड सीरीज के लिए नहीं चुना गया। उन्होंने मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में 5 मैचों में 68.57 की औसत से 480 रन बनाए थे।




**सरफराज खान:** सरफराज को भी टीम में हालिया टेस्ट प्रदर्शन के कारण जगह नहीं मिली। उन्होंने पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 150 रन बनाए थे और इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए टीम का हिस्सा हैं।



**अक्षर पटेल:** रवींद्र जड़ेजा के उत्तराधिकारी माने जाने वाले अक्षर को 18 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया, जो आश्चर्यजनक है।



**हर्षित राणा:** ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज का हिस्सा रहे हर्षित को लंबे समय के लिए तैयार किया जा रहा था, लेकिन उन्हें इस बार बाहर रखा गया।



**मुकेश कुमार:** भारत के तीसरे तेज गेंदबाजी विकल्प रहे मुकेश को भी टीम में जगह नहीं मिली। वह इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए दो अनौपचारिक टेस्ट खेल रहे हैं।

### आज का मैच

TATA IPL

गुजरात Vs चेन्नई — दोपहर 3.30 बजे

हैदराबाद Vs कोलकाता — शाम 7.30 बजे

## इंग्लैंड दौरे से बाहर हुए मोहम्मद शमी



**नई दिल्ली।** शुभमन गिल को शनिवार को भारत का नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया, जबकि ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए उप-कप्तान बनाया गया। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद चयनकर्ताओं का यह निर्णय अपेक्षित था। युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया, वहीं करुण नायर सात साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को फिटनेस के चलते टीम से बाहर रखा गया है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि हमने पिछले साल से ही शुभमन को नेतृत्व के लिए तैयार करने पर विचार किया था। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं और हम उन्हें कप्तानी में सफलता की शुभकामनाएं देते हैं। शमी के बारे में उन्होंने बताया कि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं और उनका कार्यभार अपेक्षित स्तर पर नहीं है। ऑस्ट्रेलिया दौरे से हर्षित राणा और सरफराज खान को बाहर किया गया है। अगरकर ने गिल की कप्तानी पर कहा कि हमने सभी विकल्पों पर विचार किया और ड्रेसिंग रूम से मिली प्रतिक्रियाओं के आधार पर शुभमन को चुना। वह युवा हैं, लेकिन पिछले एक-दो साल में उनमें काफी सुधार हुआ है।

## सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी को 42 रनों से हराया



**लखनऊ।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी को 42 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की है। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ईशान किशन की दमदार पारी से 20 ओवर में छह विकेट पर 231 रन बनाए। जवाब में फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई, लेकिन आरसीबी की टीम 19.5 ओवर में 189 रन पर ऑलआउट हो गई। आरसीबी पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है, लेकिन इस हार से उसके शीर्ष दो में जगह मजबूत करने की संभावनाओं को झटका लगा है। कोहली और सॉल्ट ने पहले विकेट के लिए 80 रनों की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। कोहली के आउट होने के बाद सॉल्ट ने मोर्चा संभाला और अर्धशतक भी जड़ा। सॉल्ट के आउट होने के बाद आरसीबी की पारी लड़खड़ा गई और उसने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने शुरू कर दिए। पैट कमिंस की अगुआई में गेंदबाजों ने दमदार वापसी की। इसमें सबसे बड़ा योगदान ईशान मलिंगा का रहा जिन्होंने रोमारियो शेफर्ड और टिम डेविड जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों के विकेट लिए। आरसीबी के लिए सॉल्ट 32 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 62 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कोहली ने 25 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा अन्य कोई बड़ी पारी नहीं खेल सका। रजत पाटीदार ने 18 और जितेश शर्मा ने 24 रन का योगदान दिया। आरसीबी के निचले क्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा और उसके चार बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके, जबकि दो खाता भी नहीं खोल पाए।

## अहमदाबाद में आज गुजरात और चेन्नई का होगा मुकाबला



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस (GT) आईपीएल 2025 के 67वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) का सामना करेगा। GT बनाम CSK मैच रविवार (25 मई) को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है। GT ने पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है, लेकिन अभी काम पूरा नहीं हुआ है। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम टॉप-2 में अपनी जगह पक्की करने के लिए उत्सुक होगी। गुजरात की टीम इस समय पॉइंट्स टेबल में टॉप पर हैं और CSK पर जीत शीर्ष दो में उनकी जगह पक्की कर देगी। यह मैच GT का आखिरी लीग मैच भी होगा और वे जीत के साथ प्लेऑफ में पहुंचना चाहेंगे।

### गुजरात टाइटंस स्क्वाड

शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, अरशद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, साई सुदर्शन, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, दासुन शनाका, गेराल्ड कोएत्ज़ी, जयंत यादव, इशांत शर्मा, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और निशांत सिंधु।

### चेन्नई सुपर किंग्स टीम

आयुष म्हात्रे, डेवोन कॉनवे, उर्विल पटेल, रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, एमएस धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, दीपक हुडा, विजय शंकर, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, सैम कुरेन, रचिन रवींद्र, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, शेख रशीद और आंद्रे सिद्दार्थ सी।

## दिल्ली में आज होगी हैदराबाद-कोलकाता की भिड़ंत



**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम रविवार को आईपीएल मैच में खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी टीम अन्य टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश सत्र को जीत के साथ खत्म करने की होगी. इसे विडंबना ही कहें कि जब केकेआर और एसआरएच ने 2024 आईपीएल का अपना आखिरी मैच खेला था तो वह फाइनल मुकाबला था जहां श्रेयस अय्यर की टीम ने एकतरफा मैच में पैट कमिंस की टीम को मात दी थी. दोनों टीमें के सामने अपने अभियान को छठे स्थान पर रहते हुए खत्म करने की चुनौती होगी. मैच में एसआरएच का पलड़ा थोड़ी भारी होगा. इस टीम ने शुक्रवार रात को आरसीबी को 42 रन से हराया था. केकेआर ने लीग में अपना पिछला मैच सात मई को ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ खेला था. पैट कमिंस इस सत्र का अंत जीत के साथ करना चाहेंगे. ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा की मौजूदगी वाला उनका मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप यहां कोटला मैदान में बल्लेबाजी के लिए माकूल परिस्थितियों का लुत्फ उठाना चाहेगा. अजिंक्य रहाणे की टीम को 17 मई को आरसीबी के साथ खेलना था. लीग के एक सप्ताह के निलंबन के बाद यह पहला मैच था. बेंगलुरु में बारिश ने हालांकि उस मैच के साथ केकेआर की प्लेऑफ में पहुंचने की मामूली उम्मीदों को भी पूरी तरह से खत्म कर दिया. प्लेऑफ के चारों स्थान तय हो चुके हैं ऐसे में यह मैच महज औपचारिकता ही है लेकिन दोनों टीमें लीग का सुखद अंत करने के लिए प्रेरित होगी. यह दोनों टीमों को अगले सत्र के लिए टीम की रूपरेखा तय करने और मौजूदा सत्र के प्रदर्शन का आकलन करने का मौका देगा. केकेआर के लिए इस सत्र में सबसे बड़ी निराशा उनके सबसे महंगे खिलाड़ी हरफनमौला वेंकटेश अय्यर रहे. फ्रेंचाइजी ने इस वामहस्त बल्लेबाज के लिए 23.75 करोड़ रुपये खर्च किये लेकिन वह 11 मैच में सिर्फ 142 रन की बना सके।

**केकेआर:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, लवनिथ सिसौदिया, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, सुनील नरायण, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, एनरिक नॉर्खिया, स्पेंसर जॉनसन।

**एसआरएच:** पैट कमिंस (कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रेविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंदु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

## विराट कोहली ने बनाया चौकों का एक ऐसा वर्ल्ड रिकॉर्ड

### जिसके आस-पास भी नहीं भटकता कोई खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** विराट कोहली का बल्ला IPL 2025 में जमकर हल्ला बोल रहा है। वे लगातार ऑरेंज कैप की रेस में बने हुए हैं और इसी दौरान एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी विराट कोहली ने बना लिया है। वे दुनिया के पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने टी-20 क्रिकेट में एक टीम के लिए 800 चौके जड़ दिए हैं। दुनिया का अन्य कोई बल्लेबाज एक टीम के लिए टी-20 क्रिकेट में 700 चौके भी नहीं जड़ पाया है। विराट कोहली ने ये कमाल रॉयल चैलेंजर्स बेंगुलरू यानी आरसीबी के लिए किया है। दाएं हाथ के बल्लेबाज विराट कोहली ने शुक्रवार 23 मई को लखनऊ को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में आरसीबी के लिए 800वां चौका जड़ा। वे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला खेल रहे थे। विराट कोहली ने इसी दौरान एक नए कीर्तिमान को अपने नाम किया। वे अब दुनिया के एकमात्र बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 800 चौके एक टीम के लिए टी20 क्रिकेट में जड़े हैं। वे आईपीएल और चैंपियंस लीग टी20 को मिलाकर आरसीबी के लिए 800 चौके जड़ चुके हैं। लिस्ट में दूसरा नाम इंग्लैंड के जेम्स विंस का है, जिन्होंने हैंपशायर के लिए 694 चौके जड़े हैं। लिस्ट में तीसरे नंबर पर एलेक्स हेल्स हैं।

**टी-20 क्रिकेट में एक टीम के लिए सबसे ज्यादा चौके**

| | | |
|---|---|---|
| 800 | विराट कोहली | आरसीबी |
| 694 | जेम्स विंस | हैम्पशायर |
| 563 | एलेक्स हेल्स | नॉटिंघमशायर |
| 550 | रोहित शर्मा | एमआई |
| 529 | ल्यूक राइट | ससेक्स |

## राष्ट्रीय ट्रॉयल्स में मेराज और गनीमत का शानदार प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** ओलंपियन मेराज अहमद खान और गनीमत सेखों ने डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में आयोजित दूसरे शॉटगन राष्ट्रीय ट्रायल्स की स्कीट स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल किए। मेराज ने फाइनल में 55 का स्कोर करते हुए पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके अनंतजीत सिंह नरूका को एक अंक से पछाड़ा। गनीमत ने भी एक अंक के अंतर से जीत दर्ज की। उन्होंने 53 का स्कोर किया जबकि माहेश्वरी चौहान ने 52 अंक प्राप्त किए। पुरुष और महिला वर्ग में क्रमशः अंगद वीर सिंह बाजवा और परिनाज धालीवाल तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले क्वालिफिकेशन के शुरुआती दिन 73 का स्कोर करने वाले भवतेग सिंह गिल ने अंतिम दो दौर में 22 और 24 का स्कोर किया जो उन्हें फाइनल में पहुंचाने के लिए काफी था। मेराज ने कुल 118 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहे। स्मित सिंह (117), अंगद (116), और अनंतजीत (115) ने क्वालीफायर में शीर्ष छह में जगह बनाई। जूनियर वर्ग के लिए अलग चयन ट्रायल आयोजित नहीं किया गया था। इसी कारण महिलाओं में ओश्मी और मानसी को उनके स्कोर के आधार पर क्रमशः पहला और दूसरा स्थान दिया गया। अग्रिमा कंवर ने 104 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष जूनियर वर्ग में युवान ने 110 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि यशवर्धन सिंह राजावत (108) और अंजनेय सिंह मंडावा (106) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## नीरज चोपड़ा ने पौलेंड में लहराया तिरंगा, इस टूर्नामेंट में जीता सिल्वर मेडल



**चोरजोव (पोलैंड)।** भारत के डबल ओलंपिक मेडलिस्ट और गोल्डन बॉय नाम से देश-भर में मशहूर नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को यहां जनुश कुसोसिन्स्की मेमोरियल मीट में पुरुषों के जैवलिन थ्रो में दूसरा स्थान हासिल किया. नीरज ने इस सीजन का अपना तीसरा पदक जीता, लेकिन वह दोहा डायमंड लीग में अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाए, जिसमें भी उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा था. भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर पूरे इवेंट में संघर्ष करते रहे और कई बार फाउल थ्रो दर्ज किए. हालांकि, छठे राउंड में 84.14 मीटर का उनका प्रयास रात का उनका सबसे बड़ा प्रयास साबित हुआ. 84 मीटर का आंकड़ा पार करने के बावजूद चोपड़ा छह राउंड के बाद पहले स्थान पर आने में विफल रहे. जर्मनी के स्टार खिलाड़ी जूलियन वेबर ने 86.12 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल करते हुए गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमाया.वहीं, अपने छठे और अंतिम प्रयास में 84.14 मीटर थ्रो करते हुए चोपड़ा ने ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 83.24 मीटर की सर्वश्रेष्ठ दूरी तय की और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया.27 वर्षीय चोपड़ा, जिन्होंने पिछले सप्ताह दोहा में पहली बार 90 मीटर के निशान को पार किया था, इस इवेंट में अपनी लय में नहीं आ पाए।

## ईशान किशन के नाम जुड़ा बड़ा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाजों की सूची में महेंद्र सिंह धोनी शीर्ष पर हैं। धोनी ने आरसीबी के खिलाफ 50 छक्के लगाए हैं, जो इस मामले में रिकॉर्ड है। उनके बाद डेविड वार्नर 44 छक्कों के साथ दूसरे और केएल राहुल 43 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। आंद्रे रसेल और रोहित शर्मा ने संयुक्त रूप से 38-38 छक्के लगाए हैं। अब इस लिस्ट में ईशान किशन की भी एंट्री हो गई है। ईशान किशन 32 छक्के लगा चुके हैं। ईशान ने यह उपलब्धि केवल 14 मैच खेलकर हासिल की थी। इसके साथ ही उन्होंने जोस बटलर और कीरोन पोलार्ड का रिकॉर्ड बराबर कर लिया है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि आरसीबी के गेंदबाजों को इन आक्रामक बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है। प्लेयर ऑफ द मैच ईशान किशन ने कहा कि जब आप पहले बल्लेबाजी करने उतरते हैं और दोनों ओपनर अच्छी लय में दिख रहे होते हैं, तो यह आपकी जिम्मेदारी होती है कि आप लय बनाए रखें। जिस क्षण मैंने अभिषेक और हेड को इस तरह से खेल की शुरुआत करते देखा, मुझे लगा कि यह बहुत अच्छा विकेट है और हमें कम से कम 200 रन बनाने होंगे। जब विकेट गिर रहे होते हैं तो आपका दृष्टिकोण बदल जाता है, लेकिन आप लय बनाए रखने की कोशिश करते हैं। इसके लिए आपको कुछ अच्छे शॉट खेलने की जरूरत होती है। जब आप अभ्यास सत्र में अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो आपको आत्मविश्वास मिलता है। ईशान किशन ने कहा कि मैं सिर्फ अच्छे शॉट खेलने के बारे में सोच रहा था। एक तरफ बहुत बड़ी पारी थी और कुछ अंतराल थे।

# अंकिता ने प्रोड्युसर को लेकर किया खुलासा

बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में काम करने वाली तमाम एक्ट्रेसेस को अपनी करियर के शुरुआती दिनों में कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा है. ये एक्ट्रेसेस आए दिन अपने उन बुरे दिनों का खुलासा करती रहती हैं. आज हम आपको उस एक्ट्रेस का कास्टिंग काउच अनुभव बताएंगे जिसने सिर्फ 19 साल की उम्र में ये सब झेला है. इस अदाकारा ने खुद खुलासा किया था कि उसे काम के बदले कंप्रोमाइज करने के लिए बोला गया था.

आइए जानते हैं कि इस एक्ट्रेस ने कंप्रोमाइज की बात पर क्या रिएक्शन दिया था.

टीवी से लेकर बॉलीवुड तक फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं. अंकिता लोखंडे टीवी शोज और फिल्मों में काम करने के अलावा रियलिटी शोज में अपना जलवा दिखाती नजर आती है. अंकिता लोखंडे आज उस मुकाम पर हैं जिस पर आर्टिस्ट पहुंचना चाहते हैं. लेकिन क्या आपको पता है कि अंकिता लोखंडे इस स्टारडम तक पहुंचने के लिए कितना स्ट्रगल करना पड़ा है.अंकिता लोखंडे कास्टिंग काउच जैसी घिनौनी चीज से भी गुजर चुकी है. उन्होंने खुद अपना एक्सपीरियंस बताया था. अंकिता लोखंडे ने एक इंटरव्यू में बताया था कि एक मूवी में काम के बहाने उन्हें कंप्रोमाइज करने के लिए बोला गया था.



अंकिता लोखंडे ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि उन्होंने साउथ की एक मूवी के लिए ऑडिशन दिया था. जब ये क्लियर हो गया तो उन्हें होटल में पेपर साइन करने और साइनिंग अमाउंट लेने के लिए बुलाया गया था. 19 साल की अंकिता लोखंडे से होटल में पूछा गया, 'आपको कंप्रोमाइज करना होगा. मैंने पूछा किस तरह का कंप्रोमाइज करना होगा? क्या मुझे प्रोड्यूसर और फाइनेंसर के साथ पार्टी में जाना होगा.' अंकिता लोखंडे के सवाल पर उन्हें जवाब मिला, 'आपको प्रोड्यूसर के साथ सोना होगा. मैंने उनसे कहा कि आपके प्रोड्यूसर को टैलेंट नहीं, सोने के लिए लड़की चाहिए और मैं वैसी लड़की नहीं हूं.' अंकिता लोखंडे ने बताया, 'मुझे मूवी में रोल दिलाने का वादा किया गया था. लेकिन मैंने ऐसे कंप्रोमाइज करने से मना कर दिया था. मैंने फिल्म करने से मना कर दिया था. मैं किसी को ये अधिकार नहीं देती कि मुझसे सोने के लिए पूछे.'

## जब पॉर्न साइट पर लीक हुए टीवी की इस हसीना के फोटोज


### मन में आने लगे थे सुसाइडल थाट्स

टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस उर्फी जावेद अपने अतरंगी आउटफिट्स के साथ-साथ बेबाक बयानों को लेकर भी काफी सुर्खियों में रहती हैं. उर्फी जावेद ने कम उम्र में ही इंडस्ट्री में बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है और अब देश का बच्चा-बच्चा उर्फी को जानता है. हालांकि एक्ट्रेस का इस मुकाम तक पहुंचना बिल्कुल भी आसान नहीं था और उन्होंने शुरुआत से ही अपने करियर में काफी स्ट्रगल किया था. केवल इतना ही नहीं उनका बचपन भी काफी दर्द में बीता था. एक इंटरव्यू के दौरान उर्फी ने बताया कि जब वह महज 15 साल की थीं तो उनके फोटोज को पोर्न वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था.



एक्ट्रेस उर्फी जावेद ने बताया था कि उनके पिता काफी प्रोटेक्टिव रहते थे और वह अपने बेटियों के साथ मारपीट भी किया करते थे. इस कारण उर्फी अक्सर घर से पूरे कपड़े पहनकर निकलती थीं. हालांकि घर से बाहर निकलते ही वह अपना पूरा लुक और स्टाइल बदल देती थीं. उन्होंने ने बताया था, 'करीब 10 साल पहले लखनऊ में उन्होंने ट्यूब टॉप पहना था, जो उस वक्त शहर में आम लोगों के लिए बड़ी बात हुआ करती थी.' एक्ट्रेस उर्फी जावेद ने बताया कि उनकी फोटो किसी ने पॉर्न साइट पर अपलोड कर दी थी और यह बात उनके पिता को पता चल गई थी. उर्फी ने बताया था कि मेरी तस्वीरों को मॉर्फ नहीं किया गया था और जस की तस पोस्ट की गई थीं. एक्ट्रेस उर्फी जावेद ने आगे बताया था कि जब उनके पिता को यह बात पता चली तो वह बहुत गुस्सा हो गए थे और उनके साथ मारपीट कर दी थी.

एक्ट्रेस उर्फी जावेद ने कहा, 'पिटाई का मतलब असल में पिटाई था, सिर्फ एक-आधा थप्पड़ नहीं.' इसके अलावा उर्फी ने ये भी बताया कि ज्यादा पिटाई की वजह से वह बेहोश हो गई थीं. इसके अलावा उर्फी जावेद ने आगे बताया कि पिता ने उनसे कहा था कि तुमने हमारे खानदान का नाम खराब कर दिया है. बता दें कि एक्ट्रेस उर्फी जावेद की इंस्टाग्राम पर काफी लंबी-चौड़ी फैन फॉलोइंग है. एक्ट्रेस को इंस्टाग्राम 5.4 मिलियन लोग फॉलो करते हैं.



## राजकुमार राव-वामिका गब्बी की 'भूल चूक माफ' को मिली अच्छी ओपनिंग

### 2025 की इन फिल्मों के तोड़े रिकॉर्ड

राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म 'भूल चूक माफ' 23 मई यानी बीते शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. इस फिल्म को लेकर काफी विवाद हो रहा था. दरअसल, फिल्म 'भूल चूक माफ' को सिनेमाघरों की बजाय ओटीटी पर रिलीज करने को लेकर विवाद हुआ था. फाइनली ये फिल्म पहले सिनेमाघरों ही रिलीज हुई है. फिल्म 'भूल चूक माफ' को बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. 'सैकनिल्क' की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन 6.75 करोड़ रुपये कमाए हैं. इस तरह से राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म ने साल 2025 की मूवीज के ओपनिंग डे कलेक्शन रिकॉर्ड को तोड़ दिया है.

## कियारा की तरह कॉपी कैट निकलीं आलिया?

### मर्डर गर्ल जैसा गाउन पहन कांस में पहुचीं एक्ट्रेस

बी-टाउन की डीवा आलिया भट्ट आज सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी अपनी काबिलियत से सफलता का झंडा लहरा रही हैं। पिछले साल उन्होंने मेट गाला में अपनी हुस्न का जलवा बिखेरा था और अब कान्स में एक्ट्रेस छा गई हैं।

पिछले कुछ समय से आलिया भट्ट कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में अपने डेब्यू के कारण काफी सुर्खियों में थी। कहा जा रहा था कि वह कान्स के शुरुआती दिनों में ही पहुंचने वाली थीं, लेकिन फिर किसी कारण उनका डेब्यू पोस्टपोन हुआ और वह आखिर में वहां पहुंचीं।



#### कान्स में आलिया भट्ट का डेब्यू

बीते दिन आलिया भट्ट ने कान्स में डेब्यू किया और देखते ही देखते उनका लुक सोशल मीडिया पर छा गया। एक्ट्रेस ने आइवरी कलर का फ्लोरल ऑफ शोल्डर गाउन पहना था जिसे उन्होंने नो-ज्वेलरी से स्टाइल किया था। हाई स्लीक हेयर बन और न्यूड मेकअप लुक के साथ कान के पीछे काला टीका लगाए आलिया ने रेड कारपेट पर वॉक किया और अपनी अदाओं से सभी का ध्यान खींच लिया।

#### आलिया ने कॉपी किया मल्लिका का लुक?

एक और लोग सोशल मीडिया पर आलिया भट्ट के लुक्स को पसंद कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों को आलिया का लुक देखकर मर्डर फेम एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत का कान्स लुक याद आ गया। सोशल मीडिया पर कुछ लोग आलिया की ड्रेस की तुलना मल्लिका शेरावत की ड्रेस से कर रहे हैं।

## साल 2025 में अगर रिलीज होती बाजीगर तो क्या होती स्टार कास्ट?

### नए शाहरुख को देखकर आप भी हो जाएंगे हैरान

शाहरुख खान को बॉलीवुड का बादशाह भी कहा जाता है। फिल्मी करियर में एक्टर ने एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। किंग खान के फैंस अक्सर उनकी पुरानी फिल्मों को भी देखना पसंद करते हैं। शाह रुख ने कुछ मूवीज को अपने दमदार अभिनय की बदौलत आइकॉनिक बना दिया है। सोशल मीडिया के जमाने में कुछ सुपरहिट फिल्मों की कास्ट को लेकर चर्चा चलती है कि अगर कोई फिल्म आज बनती, तो उसके लीड किरदार की भूमिका हालिया कलाकारों में से कौन अदा कर सकता है। शाह रुख का नाम उन चुनिंदा एक्टर की लिस्ट में शामिल किया जाता है, जिनकी हालिया फिल्मों से लेकर पुरानी आइकॉनिक मूवीज को भी दर्शकों का भरपूर प्यार मिलता है।

#### बाजीगर फिल्म की स्टार कास्ट

90 के दशक की आइकॉनिक थ्रिलर फिल्मों की लिस्ट में बाजीगर का नाम जरूर शामिल किया जाता है। साल 1993 में रिलीज हुई इस चर्चित फिल्म ने शाह रुख खान को लोगों के बीच अलग पहचान दिलाई। इसके साथ ही, काजोल और शिल्पा शेट्टी के काम को भी फिल्म में सराहा गया।

#### शाहरुख के किरदार रणबीर कपूर

बाजीगर फिल्म का सबसे महत्वपूर्ण किरदार शाह रुख खान का रहा है। आज के समय में फिल्म को बनाया जाता, तो इस भूमिका के लिए रणबीर कपूर पहली पसंद होते। दरअसल, ब्रह्मास्त्र और एनिमल के बाद रणबीर कपूर की छवि में बदलाव हुआ है और लोगों को भरोसा हो गया है कि वह हर तरह के किरदार को बखूबी निभा सकते हैं। यही कारण है कि शाह रुख की जगह अगर किसी का चयन करना हो, तो रणबीर उनका बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं।

#### प्रिया के रोल के लिए आलिया भट्ट

काजोल ने बादशाह फिल्म में प्रिया का किरदार निभाया, जो एक मजबूत रोल है। अगर उनकी जगह इस रोल को कोई निभा सकता है, तो वह बी टाउन की पॉपुलर एक्ट्रेस आलिया भट्ट हैं।

#### शिल्पा शेट्टी के किरदार को निभा सकती हैं कृति सेनन

बादशाह फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने सीमा का किरदार निभाया, जो शुरुआत में एक हंसती-खेलती लड़की थी, लेकिन बाद में उनका किरदार दुखद मोड़ लेता है। इस भूमिका को शिल्पा ने बेहतरीन ढंग से निभाया। खैर, आज फिल्म बनती तो इस रोल के लिए कृति सेनन परफेक्ट होती।



## कहां की रहने वाली हैं साउथ एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया

### जिन्हें लेकर कर्नाटक में हो रहा विवाद, क्या है पूरा मामला?



साउथ से लेकर बॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को हाल ही में कर्नाटक के 'आइकॉनिक मैसूर सैंडल सोप' का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है, जिसके बाद से ही विवाद खड़ा हो गया है. लोग सवाल उठा रहे हैं, कि क्या कर्नाटक में कन्नड़ कलाकारों की कमी हो गई है, जो तमन्ना को एंबेसडर बनाया गया है? ऐसे में आइए जानते हैं कि तमन्ना भाटिया कहां की रहने वाली हैं और ये पूरा मामला क्या है?

तमन्ना भाटिया को एंबेसडर बनाए जाने के फैसले को लेकर कर्नाटक सरकार काफी आलोचना झेलनी पड़ रही है. कई यूजर्स का कहना है कि जब ये साबुन राज्य का गौरव है, तो इसके लिए किसी लोकल चेहरे को चुना जाना जाहिए था. तो कुछ लोगों ने इसे 'बाहरी थोपने' जैसा करार दिया.

अब सवाल ये है कि तमन्ना भाटिया कहां की रहने वाली हैं? तो बता दें कि उनका जन्म महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में 21 दिसंबर 1989 को हुआ था. तमन्ना भाटिया पंजाबी परिवार से ताल्लुक रखती हैं.

तमन्ना के पिता संतोष भाटिया पेशे से हीरा व्यापारी हैं और पूरा परिवार लंबे समय से मुंबई में ही रहता है. तमन्ना ने हिंदी के साथ-साथ साउथ की फिल्मों में भी अपनी एक्टिंग से पहचान बनाई है और आज वो एक नेशनल फेम एक्ट्रेस हैं. सरकार के मुताबिक, तमन्ना के इंस्टाग्राम पर 2.8 करोड़ फॉलोअर्स हैं. ऐसे में वो ब्रांड को ज्यादा बड़े लेवल पर प्रमोट कर सकती हैं. यही वजह है कि बाकी कलाकारों को पीछे छोड़ते हुए तमन्ना को चुना गया. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो तमन्ना भाटिया के साथ 6.2 करोड़ रुपए की दो साल की डील साइन की गई है. इस ब्रांड के लिए दीपिका पादुकोण, कियारा आडवाणी, पूडा हेगड़े और रश्मिका मंदाना जैसे नामों पर भी चर्चा हुई थी. हालांकि, दीपिका पादुकोण बजट में नहीं थीं, रश्मिका किसी और ब्रांड से जुड़ चुकी थीं और पूजा और कियारा से बात बन नहीं पाई. ऐसे में तमन्ना सबसे फिट बैठीं और उन्हें मैसूर सैंडल सोप का चेहरा बना दिया गया.

## कपिल शर्मा कॉमेडी शो के तीसरे सीजन की घोषणा

### कई बड़े नाम शामिल; कब होगा स्ट्रीम?

कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के पिछले दो सीजन ने दर्शकों को खूब हंसाया था। अब कपिल शर्मा का यह शो अपने तीसरे सीजन के साथ फिर से हंसी-ठिठोली का डोज लेकर आ रहा है। इस सीजन में कई सरप्राइज कर देने वाले चेहरों का दीदार होने वाला है। कॉमेडियन और एक्टर कपिल ने वीडियो के जरिए शानदार अंदाज में सभी कलाकारों को आमंत्रण दिया है। देखें कब और किन कलाकारों के साथ आ रहे कपिल।

#### इस दिन आ रहा नया सीजन


कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के तीसरे सीजन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में कपिल शर्मा शो के सभी कलाकारों को फोन करके उसके नए सीजन की जानकारी दे रहे हैं और उनसे पूछ रहे हैं कि क्या नया किया जा सकता है। यह नया सीजन नेटफ्लिक्स पर 21 जून से स्ट्रीम होगा। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है, 'हंसी आउट ऑफ कंट्रोल होगी क्योंकि कपिल और उनकी टीम एक बार फिर वापस आ गई है। अब हर फनीवार, बढ़ेगा हमारा परिवार 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन के साथ।



शेयर किए गए वीडियो पोस्ट में कपिल शर्मा ने सबसे पहले अर्चना पूरन सिंह को फोन किया और उन्हें शो के नए सीजन के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने मजाकिया अंदाज में अर्चना से कहा कि उन्हें अब बैंक से लोने लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि शो का तीसरा सीजन आ रहा है। इसके बाद उन्होंने अभिनेता कीकू शारदा को फोन करके कहा कि इस बार कुछ अलग करना है। इसके अलावा उन्होंने सुनील ग्रोवर और कृष्णा को फोन कर नए सीजन की जानकारी दी।

## इन अभिनेत्रियों ने छोटे पर्दे से की शुरुआत, अब फिल्मों में खूब कमाया नाम

बॉलीवुड में पहुंचने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। इसके बाद उन्हें अच्छी फिल्में मिलती हैं और उनका नाम होता है। बॉलीवुड की कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने छोटे पर्दे यानी टीवी से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद वह बड़े पर्दे यानी बॉलीवुड तक पहुंचीं। आज दुनिया में उनका नाम है। आज इस खबर में हम उन अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे जिन्होंने छोटे पर्दे से बड़े पर्दे तक का सफर तय किया।




#### यामी गौतम

यामी गौतम अपनी सबसे पहली फिल्म 'विक्की डोनर' (2012) से बहुत मशहूर हुईं। इसके बाद उन्हें कई फिल्में मिलीं। लेकिन उन्होंने अपने इभिनय की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। उन्होंने सबसे पहले टीवी सीरियल 'चांद के पार चलो' से अदाकारी की शुरूआत की थी।

#### विद्या बालन

विद्या बालन बॉलीवुड में अलग अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने साल 1995 में 'हम पांच' टीवी शो से अदाकारी में कदम रखा। इसके बाद वह बंगाली फिल्म में नजर आईं। उन्होंने बॉलीवुड में अपने अभिनय की शुरूआत साल 2005 में फिल्म 'परिणीता' से की।





#### प्राची देसाई

प्राची देसाई भी फिल्मों में जलवा दिखाने से पहले टीवी सीरियल में दमदार अदाकारी कर चुकी हैं। उन्होंने सबसे पहले 'कसम से' सीरियल में अदाकारी की। उन्होंने 'रॉक आन' से बॉलीवुड में कदम रखा।

#### मृणाल ठाकुर

मृणाल ठाकुर बॉलीवुड इंडस्ट्री का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने अपना एक्टिंग करियर 'कुमकुम भाग्य' टीवी शो से शुरू किया था। उन्होंने बॉलीवुड में 'लव सोनिया' से कदम रखा। उन्होंने ऋतिक रोशन और जॉन अब्राहम के साथ काम किया।



#### मौनी रॉय

मौनी रॉय आज बॉलीवुड की बड़ी एक्ट्रेस हैं। एक वक्त था जब वह छोटे पर्दे पर अदाकारी करती थीं। उन्होंने सबसे पहले साल 2006 में 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने बतौर एक्ट्रेस साल 2018 में फिल्म 'गोल्ड' से अदाकारी शुरू की।

